7 page 1_01.qxd 11/6/2023 10:34 PM Page 1

कुछ भी बनो, दिल में हिंदुस्तान होना चाहिए ...

P8

दैनिक

भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

अनिल विज ने सुनी लोगों की समस्याएं ...

P8

वर्ष:1 ■ अंक: 59 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ मंगलवार ■ 7 नवंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

न्यूज डायरी

सोहना नगरपरिषद उपचुनाव : संदीप सिंगला ने लहराया जीत का परचम

सोहना। नगरपरिषद में वार्ड-15 में नगरपार्षद पद के लिए कराए गए उपचुनाव में संदीप सिंगला ने आमने-सामने के मुकाबले में कुसुम गोयल को 162 मतों के अंतर से हराकर अपना परचम लहराया है।

(विस्तृत समाचार अंदर पढ़ें)

हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन

चंडीगढ़। मनोहर सरकार ने व्यापारियों के कल्याण के लिए हरियाणा व्यापारी कल्याण बोर्ड का पुनर्गठन किया है।बताया गया कि व्यापारियों की समस्याओं व मुद्दों का समाधान करना, व्यापारी व राज्य सरकार के बीच एक सेतु का काम करना, व्यापारियों की सामाजिक सुरक्षा व बीमा कवर सुनिश्चित करना, राज्य में निवेश व रोजगार के अवसर बढ़ाना, व्यापारियों से जुड़े विभिन्न विभागों के नियमों व शर्तों का विश्लेषण करना और उनके समीकरण के लिए सरकार को सुझाव देने के साथ-साथ व्यापारिक कल्याण फंड का गठन करना इसका मुख्य उद्देश्य रहेगा। अधिसूचना के अनुसार, बोर्ड में एक व्यक्ति चेयरमैन तथा दो व्यक्ति वाइस चेयरमैन होंगे। इसके अलावा वित्त, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले, श्रम, आबकारी व कराधान, उद्योग एवं वाणिज्य, ऊर्जा, खनन एवं भूविज्ञान, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभागों के प्रशासनिक सचिव बोर्ड के सदस्य होंगे।

दिल्ली-एनसीआर में फिर लगे भूकंप के झटके

नई दिल्ली,एजेंसी। सोमवार को राजधानी दिल्ली सहित आसपास के शहरों में एक बार फिर से भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस दौरान लोग घरों से बाहर निकल आए। अभी तक किसी भी तरह के अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। बता दें कि भूकंप के झटके 4 बजकर 16 मिनट पर महसूस किए गए। गौरतलब है कि इस महीने में दूसरी बार दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। शुक्रवार की रात को नेपाल में भूकंप आया था। इसमें लगभग 150 लोगों के मारे गए थे। विशेषज्ञों द्वारा बताया जाता है भूकंप का केंद्र नेपाल है, जिसके झटके दिल्ली-एनसीआर तक महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.6 रही। जर्मन रिसर्च सेंटर के अनुसार, रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 6.2 पर मापी गई। नेशनरल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार तीव्रता 6.4 रही थी।

गन्ना किसानों को मुख्यमंत्री ने दिया दिवाली तोहफा

हरियाणा सरकार ने बढ़ाया गन्ने की अगेती फसल का रेट

■ 372 रुपये प्रति क्विंटल से 14 रुपये बढ़ाकर किया 386 रुपये प्रति क्विंटल

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के गन्ना उत्पादक किसानों को दिवाली का तोहफा देते हुए गन्ने के मूल्य में बढ़ोतरी की घोषणा की है। इस वर्ष के लिए गन्ने का मूल्य अगेती किस्म के लिए 372 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 386 रुपए प्रति क्विंटल दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह 14 रुपये की पर्याप्त वृद्धि है। मुख्यमंत्री ने अगले साल के लिए भी गन्ने के रेट में बढ़ोतरी की घोषणा की है। अगले वर्ष जिन दिनों गन्ने का रेट घोषित होता है, उन दिनों में आचार संहिता लगी होगी। इसलिए विभाग से परामर्श करके अगले वर्ष के लिए गन्ने का रेट 400 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम से गन्ना किसानों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने और हरियाणा के कृषि क्षेत्र की समृद्धि में योगदान होने की उम्मीद है।

मेहनत का मिलेगा उचित मूल्य

मनोहर लाल ने कहा कि सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गन्ना किसानों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए उचित मूल्य मिले। मुख्यमंत्री ने गन्ने की दरों में उल्लेखनीय वृद्धि करके गन्ना किसानों को प्रोत्साहित किया है और अगले वर्ष भी सरकार की ओर से समर्थन जारी रखने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसान भाई बहुत ही परिश्रम से खेती करते हैं और अपनी उपज बाजार में बेचकर हरियाणा की आर्थिक स्थिति को मजबूत करते हैं। राज्य सरकार भी सदैव किसान हित में निर्णय लेती है और हम उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां 14 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जाती है।

अगले साल 386 रुपये से बढ़ाकर 400 रुपये प्रति क्विंटल होगा गन्ने का मूल्य

बंद किए जा सकते हैं राज्य के 14 जिलों के स्कूल

शिक्षा निदेशालय ने वायु प्रदूषण बढ़ने पर डीसी को दिया यह अधिकार

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। प्रदेश में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण 14 जिलों में सरकारी और प्राइवेट स्कूल बंद करने की संभावना प्रबल हो गइ है। विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने राष्ट्रीय राजधानी के डीसी सभी को पत्र जारी कर दिए हैं। इन पत्रों में हिदायत दी गई है कि वे अपने जिले में एक्यूआई (वायु गुणवत्ता सूचकांक) को ध्यान में रखते हुए स्कूल खोलने या बंद करने का निर्णय लें। इससे पहले दिल्ली में प्रदूषण के कारण स्कूल बंद किए जा चुके हैं। एनसीआर के डिप्टी कमिश्नरों ने अपने यहां प्राइवेट और सरकारी स्कूल बंद करने को लेकर मंथन शुरू कर दिया है। इस वक्त गुरुग्राम और फरीदाबाद में ज्यादा स्थिति खराब है। दोनों जगह की थर्ड स्टेज लागू की जा चुकी है। गुरुग्राम में कूड़ा जलाने से रोकने पर धारा 144 भी लग चुकी है। प्रदूषण मानकों के मुताबिक शून्य से 50 के बीच अच्छा, 51 से 100 तक संतोषजनक, 101 से 200 तक मध्यम, 201 से 300 तक खराब, 301 से 400 तक बहुत खराब यानी खतरे के निशान से पार और 401 से 500 तक एक्यूआई बहुत ही गंभीर माना जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक वायु प्रदूषण हमें हार्ट अटैक, लंग कैंसर और स्ट्रोक जैसी जानलेवा बीमारियों के मुंह में धकेल रहा है।

गुरुग्राम में प्राइमरी तक की कक्षाओं में होगी ऑनलाइन पढ़ाई

गुरुग्राम। वायुमंडल में बढ़ते प्रदूषण के कारण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग व प्रदूषण नियंत्रण आयोग की अनुशंसा के आधार पर जिला प्रशासन, गुरुग्राम ने नर्सरी से 5वीं कक्षा तक प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने प्रदूषण से बच्चों के बचाव के लिए इस संदर्भ में आदेश जारी किए है। इनके अनुसार प्री स्कूल, प्री प्राइमरी व प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए स्कूल प्रबंधकों को ऑनलाइन पढ़ाई जारी रखने के आदेश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि एयर क्वालिटी इंडेक्स में लगातार बढ़ोतरी होने से ग्रैप के स्टेज 4 की स्थिति आ गई है। अत्यंत गंभीर श्रेणी की स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव का अंदेशा बना हुआ हैं। ऐसे में प्राइमरी स्कूलों में पढ़ाई ऑफलाइन की बजाए अब ऑनलाइन करने का निर्णय लिया गया हैं। यह आदेश जिला के सभी निजी व सरकारी शिक्षण संस्थाओं में 7 नवंबर से लागू होंगे जोकि आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेंगे।

राजस्थान में जेजेपी ने उतारे 25 उम्मीदवार

जेजेपी का साथ दें राजस्थानी, मिलकर लाएंगे परिवर्तन : दुष्यंत चौटाला

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए जननायक जनता पार्टी ने 25 मजबूत उम्मीदवारों को मैदान में उतारा दिया है। सभी प्रत्याशियों ने अपने विधानसभा क्षेत्रों से नामांकन भर दिया है। ये सभी उम्मीदवार जेजेपी के चुनाव निशान चाबी पर चुनाव लड़ेंगे। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, राज्य मंत्री अनूप धानक व हरियाणा के कई जेजेपी विधायकों की मौजूदगी में सभी प्रत्याशियों ने विशाल रोड शो और जनसभा करके अपना-अपना नामांकन भरा। सोमवार को हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने राजस्थान के भरतपुर विधानसभा से जेजेपी प्रत्याशी डॉक्टर मोहन चौधरी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने आह्वान किया कि जनता जेजेपी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताए। राजस्थान की जनता जेजेपी का साथ दें, हम सब मिलकर प्रदेश में परिवर्तन लाएंगे। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि यहां के लोगों के हित में हरियाणा की तर्ज पर ऐतिहासिक कदम उठाए जाएं ताकि राजस्थान के गरीब, किसान, कमेरे वर्ग को उनका हक मिले। आज प्रदेश की जनता मौजूदा कांग्रेस राज्य सरकार से परेशान है इसलिए जनता वोट की चोट से कांग्रेस का सूपड़ा साफ करेगी तथा प्रदेश में परिवर्तन लाने की मुहिम शुरू करने वाली जेजेपी के विकल्प को चुनकर जेजेपी प्रत्याशियों को विधानसभा भेजने का काम करेगी।

जेजेपी की टिकट पर कौन कहां से लड़ रहा है चुनाव

विदित रहे कि राजस्थान में जेजेपी की तरफ से सूरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र से जेजेपी प्रदेशाध्यक्ष पृथ्वीराज मील, फतेहपुर से पूर्व विधायक नंद किशोर महरिया, दांतारामगढ़ से जेजेपी महिला प्रदेशाध्यक्ष डॉ रीटा सिंह, खंडेला से सरदार सिंह आर्य, कोटपुतली से जेजेपी प्रदेश प्रधान सचिव रामनिवास यादव और भरतपुर से डॉ. मोहन सिंह उम्मीदवार हैं। कामां विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक शमशूल हसन, नसीराबाद से किसान नेता जीवराज जाट, सूरसागर से पत्रकार इम्तियाज अहमद, तारानगर से विनय कुमार शर्मा, पीलीबंगा सीट से राजकुमार, गंगापुर सिटी से ओमप्रकाश शर्मा और चूरू से संपत सिंह राठौड़ चुनाव लड़ रहे है। इसी तरह जेजेपी ने भादरा विधानसभा क्षेत्र से कार्तिकेय चौधरी, नीमका थाना से रघुवीर सिंह तंवर, बगरू सीट से हरीश डाबी और महवा से डॉ आशुतोष झालानी को टिकट दिया है। वहीं खाजूवाला विधानसभा क्षेत्र से सीताराम नायक, झोटवाड़ा से दीनदयाल जाखड़, रामगढ़ अलवर से इजहार आलम और हिंडौन से गायत्री कोली जेजेपी की ओर चुनावी मैदान में हैं। नवलगढ़ से प्रतिभा सिंह, सीकर से बरकद मोहम्मद, चाकसू से मांगीलाल खंडेलवाल और अलवर ग्रामीण से वीना चौहान चुनाव लड़ रहे हैं।

तेज हुई हरियाणा और दिल्ली में तकरार

मनोहर लाल ने दिया प्रदूषण से दिल्लीवासियों को बचाने का परामर्श

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। नई दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण और योजनाओं को अमल में लाने के मसले पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल में तकरार तेज हो गई है। मनोहर लाल ने केजरीवाल के द्वारा किए गए एक्स पर प्रतिक्रिया दी कि म्हारा धाकड़ हरियाणा है। हम हर योजना को लागू करने के लिए सक्षम हैं। आप दिल्ली में प्रदूषण की जिम्मेदारी लेते हुए निवासियों को बचाएं। इस संकट के समय में दिल्ली छोड़कर दूसरे राज्यों में घूमकर चुनाव प्रचार करना आपकी गैर जिम्मेदारी का परिचय है। मनोहर लाल ने लिखा है कि अगर दिल्ली का शासन चलाने में कोई तकलीफ आए तो पूछ लीजिएगा, आप की मदद करने में हमें भी बड़ी खुशी होगी।



हरियाणा ने कब शुरू की यह योजना

हाल ही में मनोहर लाल ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के करनाल दौरे के दौरान मुख्यमंत्री तीर्थ योजना का शुभारंभ किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि प्रदेश सरकार किन तीर्थों रेलवे यात्रा मुफ्त करवाएगी। इसके लिए 60 वर्ष सेअधिक आयु के लोगों के लिए मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना बनाई गई है।

क्यों आमने सामने डट गए हैं दोनों मुख्यमंत्री

बता दें कि कल रोहतक दौरे के तुरंत बाद एक्स पर लिखा था कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना पूरे देश में अभी तक केवल दिल्ली में चल रही थी। पहली बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार ने इसे लागू किया। इस योजना के तहत 75,000 से ज्यादा बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा करवा चुके हैं। हमें खुशी है कि बीजेपी हमारी सरकार से सीख कर काम करने की कोशिश कर रही है। खट्टर साहिब, अगर इस योजना को लागू करने में कोई तकलीफ आए तो तो पूछ लीजिएगा, हरियाणा वासियों की मदद करने में हमें बड़ी खुशी होगी।

प्रदूषण के लिए पंजाब नहीं हरियाणा जिम्मेदार : कक्कड़

अंबाला। आम आदमी पार्टी की मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने हरियाणा सरकार पर दिल्ली की आबोहवा को प्रदूषित करते हुए कई वार किए। उन्होंने दावा किया कि इस साल दिल्ली में पिछले 8 सालों में सबसे बेहतर हवा थी। आंकड़ो के मुताबिक राजधानी में 31 फीसदी प्रदूषण कम हुआ। प्रियंका कक्कड़ ने पत्रकारों को बताया कि केंद्र सरकार ने भी संसद में एक सवाल के जवाब में इकोनॉमिक सर्वे (2022-23) के जरिए बताया था कि दिल्ली में आठ सालों में सबसे बेहतर हवा रही। आप नेता के अनुसार दिल्ली ही नहीं बल्कि पंजाब में भी आंकड़े बता रहे हैं कि इस साल वहां पर 50 से 57 फीसदी पराली कम जली है।जो पराली पंजाब में जल रही है वो यहां से(दिल्ली) करीब 500 किलोमीटर दूर ह, लेकिन जो पराली हरियाणा में जल रही है। वो महज यहां से 100 किलोमीटर दूर है।

हरियाणा सरकार से सवाल : प्रदूषण रोकने के लिए क्या ठोस कदम उठाए

आप नेता ने सवाल करते हुए कहा कि इसकी समीक्षा होनी चाहिए कि 2014 से अब तक मनोहर लाल सरकार ने प्रदूषण को लेकर क्या ठोस कदम उठाए। दिल्ली सरकार सबसे पहले तो 100 ईवी बसें लेने का विचार कर रही है मनोहर सरकार ने इस दिशा में क्या किया। हरियाणा में जिस ईधन की बसें चल रही हैं वो बीएस 3 और बीएस 4 है। यह दिल्ली में बैन है। यही बसें दिल्ली में प्रतिदिन आ जा रही हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय इस बारे में कई बार पत्र लिखकर आग्रह किया कि हरियाणा सरकार इस पर विचार करे, लेकिन उनके किसी पत्र का जवाब नहीं दिया गया। कक्कड़ ने कहा कि हरियाणा के उद्योगों के लिए हरियाणा की सरकार ने कोई व्यवस्था की नहीं की है और न ही कोई सुविधा उन्हें दी है। मुख्यमंत्री हमें नसीहत न दें, हरियाणा के उद्योगों का प्रदूषण दिल्ली को घेर रहा है।

एसबीआई ने चंडीगढ़ के मेट्रो होटल को कब्जे में लिया

15 करोड़ का लोन चुकाने का मामला,दिसंबर में किया जाएगा नीलाम

भरोसा मित्र ब्यूरो

चंडीगढ़। शहर के सेक्टर 35 स्थित होटल मेट्रो को स्टेट बैंक आफ इंडिया (एसबीआई)बैंक ने अपने कब्जे में ले लिया है।इसका सामान पुलिस की मौजूदगी में बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई होटल मालिकों द्वारा15 करोड़ रुपए का बैंक लोन न चुकाने पर की जा रही है।

बता दें कि यह विवाद चंडीगढ़ डीसी के यहां चल रहा था। डीसी ने बैंक के पक्ष में फैसला सुनाया।

कब की जाएगी अगली कार्रवाई

सूत्रों ने बताया कि बैंक लोन चुकाने के संबंध में बैंक की ओर से होटल मालिकों को कई बार नोटिस भेजे गए थे। इसके बावजूद उन्होंने लोन नहीं चुकाया इसलिए अब बैंक अगले महीने इस होटल की नीलामी करेगा। इससे मिली राशि से लोन की वसूली की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि जैसे ही होटल पूरी तरह खाली हो जाएगा इसे सील कर दिया जाएगा

सोमवार को बैंक के कर्मचारी अपनी पूरी लीगल टीम और चंडीगढ़ पुलिस को साथ पहुंचे। उन्होंने होटल के बाहर जब्त करने का नोटिस चिपकाया और होटल के सभी कर्मचारियों को बाहर निकलने के लिए कहा गया। पहले कर्मचारियों ने मालिक से बात की फिर होटल का सारा सामान बाहर निकाला गया।

अभय चौटाला पर चुनाव में झूठी शैक्षणिक योग्यता का एफिडेविट लगाने का आरोप

■ हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग से मांगा जवाब

चंडीगढ़। ऐलनाबाद विधानसभा सीट से इनेलो विधायक अभय चौटाला पर वर्ष 2014 में हुए चुनाव और 2019 व 2021 में हुए उपचुनाव के नामांकन पत्र में गलत शैक्षणिक योग्यता की जानकारी देने का आरोप लगाया गया है। सोमवार को चुनाव के दौरान अपनी शैक्षणिक योग्यता का झूठा एफिडेविट देने के मामले में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने भारतीय चुनाव आयोग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट में दायर याचिका में अभय चौटाला पर आपराधिक मुकदमा दर्ज करने और बीए की डिग्री की जांच करवाने की मांग की गई है।

बता दें कि याचिकाकर्ता जितेंद्र जटासरा ने दायर याचिका में कहा कि वर्ष 2014 के चुनाव के दौरान अभय चौटाला ने एफिडेविट में अपनी उच्चतम शैक्षणिक योग्यता मगध विश्वविद्यालय बोध गया से बीए बताई। हाईकोर्ट के जज सुधीर सिंह और सुमित गोयल की बैंच ने भारतीय चुनाव आयोग को नोटिस जारी करते हुए 30 जनवरी 2024 तक जवाब देने के निर्देश दिए हैं।

30 जनवरी 2024 तक जवाब देने के निर्देश

कैसे सामने आया यह मामला

2019 व 2021 के चुनाव के दौरान चुनाव आयोग के सामने दायर एफिडेविट में अभय चौटाला ने उच्चतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास बताई। इसी प्रकार एफिडेविट में आय को लेकर आयकर के बारे में में भी झूठी जानकारी दी गई। इस बारे में याचिकाकर्ता ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर अभय चौटाला के खिलाफ आपराधिक केस दर्ज करवाने का निवेदन किया था। हैरानी की बात है कि चुनाव आयोग ने कोई कार्रवाई नहीं की।

कार्यक्रम राज्यपाल ने आईजीयू के तीन दिवसीय हिंडौला युवा महोत्सव का किया शुभारंभ

महाराजा अग्रसेन ने ही यज्ञ से किया पशु बलि को बंद : दत्तात्रेय

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी का एक ईंट एक रुपया का सिद्धांत आज अपनाने की जरूरत है। अग्रसेन जी ने पशुबलि को बंद किया और क्षत्रिय धर्म छोड़ कर वैश्य धर्म अपनाया ये अनूठा उदाहरण है। आज हमें उनके सिद्धांत पर चलने की जरूरत है।

राज्यपाल ने इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय अग्रसेन यज्ञशाला की आधारशिला रखी। इस अवसर उन्होंने महाराजा अग्रसेन पीठ द्वारा प्रकाशित पुस्तक महाराजा अग्रसेन की शिक्षाएं एवम् दर्शन का विमोचन भी किया। दत्तात्रेय ने कहा हर किसी की भावना महाराजा अग्रसेन की तरह असहाय मदद करने की होनी चाहिए।

इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष राजीव जैन, कुलपति प्रो जे पी यादव, रजिस्ट्रार प्रमोद कुमार एवम् प्रदेश महामंत्री दुर्गादत्त गोयल ने उनका स्वागत किया।

राजीव जैन ने अपने उद्बोधन में कहा की अग्रसेन पीठ को चलाने के लिए धन की कमी नहीं रहने दी जाएगी और महाराजा अग्रसेन ने यज्ञ को महत्व को जब बढ़ा दिया तब यज्ञ से पशुबलि को निषेध किया। आज यज्ञशाला का शुभारंभ कर हमने महाराजा अग्रसेन की परंपरा का निर्वहन किया है।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि के रूप में आर के मित्तल कुलपति चौधरी बंसीलाल यूनिवर्सिटी व डा एस एस यादव ने शिरकत की।

प्रदेश महामंत्री दुर्गादत्त गोयल,जिला अध्यक्ष बृजलाल गोयल, जिला महामंत्री रिपुदमन गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष मुकेश भट्टे वाला, बाबू मानसिंह गुप्ता, कुलदीप रस्तोगी, एन के गुप्ता, नवल किशोर गुप्ता, एम पी गोयल, अमित गुप्ता, विनयशील गोयल, मोहनलाल गुप्ता, ऋषि सिंघल, आर डी अग्रवाल, तरुण गर्ग, देवेंद्र गुप्ता, राजेश गोयल, ममता अग्रवाल, डा अदिति, सुधीर एवम् डा ईश्वर शर्मा आदि कार्यक्रम उपस्थित थे।



राज्यपाल ने उनके सिद्धांत पर चलने की जरूरत पर दिया बल

राज्यपाल ने आईजीयू में यज्ञशाला की रखी आधारशिला, महाराजा अग्रसेन के जीवन व शिक्षाओं पर आधारित पुस्तक का किया विमोचन

प्रदूषण को रोकने के लिए बुलानी चाहिए सर्वदलीय बैठक: दीपेंद्र हुड्डा

युवा पीढ़ी को बचाने के लिए होंगे गंभीर कदम

भरोसा मित्र ब्यूरो

झज्जर। राज्य सभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए राज्य सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। मिलकर इसका समाधान निकाला जा सकता है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री इसको लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाते हैं तो इस समस्या को और गंभीर होने से रोका जा सकता है।हमें अपनी युवा पीढ़ी को बचाना है वह सोमवार को शहर के दिल्ली गेट क्षेत्र में सैनी समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में झज्जर विधायक गीता भुक्कल ने भी शिरकत की। दीपेंद्र हुड्डा ने अग्निवीर योजना को लेकर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा अग्निवीर योजना के माध्यम से सेना को कमजोर करने का काम कर रही है। सांसद ने कहा कि रोहतक लोकसभा क्षेत्र के सबसे ज्यादा युवा देश की सेवा करने के लिए सेना में जाते हैं, लेकिन मनोहर सरकार ने सेना को कमजोर करके युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर अब हम बढ़ते वायु प्रदूषण को नजर अंदाज नहीं कर सकते अन्यथा यह आने वाले समय में और घातक बन जाएगा। इसके जिम्मेदार हम दूसरों पर कब तक जिम्मेदारी डालते रहेंगे। अरविंद केजरीवाल के रोहतक दौरे पर दीपेंद्र ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी को किसी भी सहारे की जरूरत नहीं है।वह अपने आप में सक्षम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पूरी तरह से मजबूत है। हरियाणा में आज कोई भी वर्ग इस गठबंधन सरकार से खुश नहीं है। इस सरकार ने प्रदेश को पीछे धकेलने का काम किया है। गठबंधन सरकार हरियाणा से जाएगी और कांग्रेस पार्टी की पूर्ण बहुमत से हरियाणा में सरकार बनाएगी।

खबर फटाफट

प्रदेश के 39 लाख लोगों को बीपीएल राशनकार्ड : संजय सिंह

सोहना : भाजपा विधायक कुंवर संजय सिंह छोकर ने दावा किया है कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार ने 39 लाख परिवारों को घर बैठे ही बीपीएल राशनकार्ड उपलब्ध कराकर निर्धन वर्ग का दिल जीतने का काम किया है। अपने जन्मदिन पर बधाई देने आए भाजपा युवा मोर्चा प्रभारी जितेन्द्र राणा, कुंवर महेन्द्र सिंह राणा, स्टेडियम कमेटी मैंबर अनिल जैन, भाजपा नेता दिनेश राघव की मौजूदगी में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पहले बीपीएल राशनकार्ड बनाए जाने के लिए सर्वे कराए जाते थे। एक बार सर्वे होने के बाद लंबा समय बीतने पर दूसरा सर्वे होने का लोग इंतजार करते थे, लेकिन अब परिवार पहचान पत्र के आधार पर लोगों के घर बैठे बीपीएल राशनकार्ड बनाने का काम मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार कर रही है। इस मौके पर राजीव छोकर उजीनिया, महिला समाजसेविका वंदना सिंह, भानु चौधरी, पुलकित गुप्ता, गुलाब सिंह हिरमथला, दीपक गौड, अमित तुंदवाल, सोहना नगरपरिषद में वार्ड-छह से नगरपार्षद रोहिल्ला, भाजपा के भौंड़सी मंडल अध्यक्ष रामकिशन राघव, भाजपा के सोहना मंडल अध्यक्ष गौरव चुघ, भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष व पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, नंबरदार भागीरथ राघव भौंड़सिया, डाक्टर भारत सिंह सैनी, रूपचंद सैनी, नरेश सैनी एडवोकेट आदि प्रमुख लोग भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

मिलावटी वस्तुओं की बिक्री तेज-प्रशासन मूकदर्शक : राजीव यादव

सोहना: नगरपरिषद के पूर्व सदस्य तथा आम आदमी पार्टी में लोकसभा सचिव राजीव यादव का कहना है कि दीवाली, विश्वकर्मा पूजा, गौवर्धन पूजा, भाईदूज आदि त्यौहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, त्यौ-त्यौ सोहना शहर व देहात के गांवों में इन दिनों नामी-गिरामी मार्का वाले देशी घी के नाम पर डिब्बा बंद नकली देशी घी, नकली वनस्पति घी, मिलावटी खाद्य पदार्थों और घटिया दूध की बिक्री का धंधा धड़ल्ले से पैर जमाने लगा है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी और मिलावटखोरों की जेब भरो नीति के चलते सोहना में वस्तु पर प्रिन्ट वजन से कम वजन होना, हलवाइयों की दुकानों पर खाली डिब्बे अथवा पॉलिथीन आदि का वजन भी सामान के साथ ही तोलना, नकली देशी घी, मिलावटी खाद्य तेलों तथा पिसे मसालों में मिलावट के चलते मनुष्य के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण होना भी आम बात हो गई है।

जजपा में बूथ सखी व योद्धा बनाने के कार्य ने पकड़ी तेजी : गुर्जर

सोहना : जजपा युवा विंग में वरिठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनेश गुर्जर की माने तो जजपा द्वारा राज्य में बूथ सखी और बूथ योद्धा बनाने का काम तेजी से चल रहा है। उन्होंने बताया कि 19 हजार 500 बूथों पर बूथ योद्धा और बूथ सखी बनाकर आगामी चुनावों में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा बढ़ाई जाएगी। जजपा की बदौलत ही आज महिलाओं को ग्राम पंचायतों और जिला परिषदों तथा राशन डिपुओं में 50 फीसदी आरक्षण में भागीदारी मिल रही है। हरी चुनरी चौपाल कार्यक्रमों में किए गए वादों को जजपा ने निभाने का काम किया है। तहसीलों और पटवारघरों में भ्रष्टाचार रोकने के लिए अब ऑनलाइन फर्द कार्य शुरू होने से किसानों को बड़ी राहत मिली है।

युवा कांग्रेस आज चुनावों के लिए करेगी शंखनाद : अमित

सोहना : कांग्रेस पार्टी में ओबीसी सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित गुर्जर कोटा-बिस्सर का कहना है कि आगामी होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों के लिए हरियाणा युवा कांग्रेस ने 8 नवंबर को सोनीपत से शंखनाद करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि हरियाणा कांग्रेस प्रभारी दीपक बाबरिया की मौजूदगी में आयोजित होने वाले इस शंखनाद कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष चौधरी उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेन्द्र हुड्डा, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अलावरू और युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास तथा हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा इस मौके पर लोकसभा व विधानसभा चुनावों की जीत के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं को जरूरी टिप्स देंगे।

चाबी का निशान और मुख्यमंत्री किसान होगा: डागर

सोहना : जजपा युवा के हलका अध्यक्ष दीपक डागर अलीपुरिया तथा अलीपुर ग्राम पंचायत की महिला सरपंच पूनम डागर का कहना है कि राजस्थान और हरियाणा में होने वाले विधानसभा चुनावों में इस बार स्पष्ट बहुमत से जजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने राजस्थान में बदलाव की लहर चल रही है तो हरियाणा में भी मिशन दुष्यंत-2024 की कामयाबी के लिए जजपा कार्यकर्ता अभी से जी-जान से जुटे हुए हैं। ऐसे में चाबी का निशान और मुख्यमंत्री किसान होने का उद्घोष करते हुए जजपा युवा के हलका अध्यक्ष दीपक डागर अलीपुरिया तथा अलीपुर ग्रामपंचायत की महिला सरपंच पूनम डागर का कहना है कि इस बार चाहे जजपा बुजुर्गों को 5100 रुपए माहवार पेंशन नहीं दे पाई, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि भाजपा सरकार में जजपा की भागीदारी से बुजुर्गों की पेंशन 2 हजार से बढ़कर 3 हजार रुपए माहवार हो गई है। आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों में जजपा की स्पष्ट बहुमत से सरकार बनने पर बुजुर्गों को दस हजार रुपए माहवार पेंशन दी जाएगी।

राजस्थान में बड़े बहुमत से जीतेगी भाजपा : नागर

सोहना : भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी सतीश नागर उल्लावासिया ने राजस्थान विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत वहां के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करने के बाद वापिस लौटने पर यहां दावा किया है कि राजस्थान में भाजपा बड़े बहुमत से जीत रही है। बेरोजगारी, पेपर लीक और भ्रष्टाचार से राजस्थान की जनता परेशान हो चुकी है और कांग्रेस से छुटकारा पाने का इंतजार कर रही है। उल्लावासिया ने दावा किया कि राजस्थान की जनता 25 नवंबर को कमल का बटन दबाकर भाजपा को सेवा करने का अवसर देने जा रही है। कांग्रेस ने मतदान से पहले ही अपनी हार मान ली है। कांग्रेस के मुख्यमंत्री और मंत्री जनता को भूलकर 5 वर्षों तक आपस में लड़ते रहे। इनकी आपसी लड़ाई सरकारी खजाने को लूटने को लेकर थी। कांग्रेसियों के भ्रष्टाचार का पहले जनता पहले विधानसभा चुनावों में भाजपा को जिताने के लिए मतदान कर वोट की चोट से कांग्रेस पार्टी से हिसाब-किताब लेगी और फिर कानून अपना काम करेगा।

चौधरी सतीश नागर उल्लावासिया ने दावा जताया कि अब राजस्थान की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है और भाजपा को सेवा का मौका देना चाहती है। यहां की तानाशाही मानसिकता वाली कांग्रेस सरकार ने हजारों किसानों की जमीनें छीनी। महिलाओं की सुरक्षा तक नहीं कर पाई।

नगरपरिषद के वार्ड-15 का उपचुनाव परिणाम घोषित

संदीप सिंगला ने लहराया जीत का परचम

कुसुम गोयल को 162 मतों के अंतर से हराया

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। नगरपरिषद में वार्ड-15 में नगरपार्षद पद के लिए कराए गए उपचुनाव में संदीप सिंगला ने आमने-सामने के मुकाबले में कुसुम गोयल को 162 मतों के अंतर से हराकर अपना परचम लहराया है।

काबिले गौर यह है कि इस बार वार्ड-15 में हुए उपचुनाव में कुल 1451 मतदाताओं में से 1252 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें से नौ मतदाताओं ने आमने-सामने के मुकाबले में खड़े दोनों प्रत्याशियों में किसी भी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की बजाय नोटा के पक्ष में मतदान किया।

बता दें कि मतदान के लिए स्थानीय राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दो मतदान केन्द्र बूथ नंबर 30 व 31 बनाए गए। पुलिस के कड़े पहरे में मतदान शुरू हुआ। रेडक्रास सोसायटी के वालेंटियरों ने बुजुर्ग और विकलांग मतदाताओं को व्हीलचेयर पर बैठाकर मतदान केन्द्र तक पहुंचाने में सहयोग किया। कुसुम गोयल को बूथ नंबर 30 पर 271 तथा बूथ नंबर 31 पर 270 को मिलाकर कुल 541 वोट मिले जबकि संदीप सिंगला को बूथ नंबर तीस पर 329 तथा बूथ नंबर 31 पर 374 को मिलाकर कुल 703 वोट मिले। जिस पर पीठासीन अधिकारी द्वारा

संदीप सिंगला को 162 मतों के अंतर से विजयी घोषित किया गया है।

संदीप सिंगला की जीत की खुशी में समर्थकों ने जमकर बम-पटाखे फोड़े और वार्ड में विजय जुलूस निकालकरसिंगला ने मतदाताओं का आभार जताया।

ऐसे ढहा गोयल का गढ़

अहम बात यह है कि वार्ड-15 को राजकुमार गोयल का गढ़ माना जाता था, लेकिन राजकुमार गोयल का निधन होने से इस सीट पर हुए उपचुनाव में उनकी धर्मपत्नी कुसुम गोयल संदीप सिंगला से मात खा गई। उसी के साथ ही राजकुमार गोयल का राजनीतिक दृष्टि से कई दशकों से चला आ रहा गढ़ ढह गया है। बताते चले कि वर्ष-2022 के आम चुनावों में भी इसी सीट पर राजकुमार गोयल और संदीप सिंगला के बीच हुए मुकाबले में राजकुमार गोयल ने संदीप सिंगला को पराजित कर विजयश्री हासिल करते हुए अपना परचम लहराया था और संदीप सिंगला दूसरे नंबर पर रहे थे।

देखा जाए तो इस वार्ड में पिछले 2 दशकों से राजकुमार गोयल परिवार का दबदबा कायम रहा। उनके मुकाबले पर चाहे कोई भी चुनाव मैदान में उतरा, उसे हार का सामना कर मुंह की खानी पड़ी। इससे पहले कुसुम गोयल वर्ष-2016 में इसी वार्ड से चुनाव जीतकर पार्षद बनी थी तो इसी परिवार से बृजभूषण गोयल नगरपार्षद बनने पर नगरपालिका परिषद में उपाध्यक्ष बने थे। बृजभूषण गोयल से पहले कुसुम गोयल के पति राजकुमार गोयल पार्षद बनकर नगरपालिका में पहुंचे थे।

इसके बाद राजकुमार गोयल ने वर्ष-2022 में इसी वार्ड से चुनाव जीतकर मतदाताओं के बीच अपनी गहरी पैठ का एहसास प्रतिद्वंदियों को कराया। अब कुसुम गोयल अपने पति की राजनीतिक विरासत को बचाए रखने के लिए दोबारा से पार्षद पद पर चुनाव मैदान में उतरी लेकिन इस बार वह संदीप सिंगला के हाथों हार गई।

चोरी की मोटरसाइकिल समेत 2 आरोपी गिरफ्तार किए गए

सोहना : सोहना सीआईए पुलिस ने सोमवार को मोटरसाइकिल चोर गिरोह के 2 आरोपियों को शहर सोहना में रायपुर मोड़ पर लगाए गए नाके पर घेराबंदी डाल पकड़ने में कामयाबी पाई है।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान गोपी उर्फ सत्तू तथा जगत उर्फ भोला के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार सोहना सीआईए पुलिस थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश को मुखबिर खास से सूचना हाथ लगी कि चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार 2 युवक शहर सोहना में रायपुर मोड से निकल कर चोरी की मोटरसाइकिल को मेवात में बेचने के लिए जाने वाले है।

सूचना को सही मान उन्होने एक पुलिस टीम गठित कर बताए गए स्थान पर नाका लगाने के निर्देश दिए। सीआईए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर नाका लगाकर दोपहिया वाहनों की जांच शुरू कर दी। पुलिस नाके को लगे देख जब सामने से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने मोटरसाइकिल को वापिस मोड़कर भागने का प्रयास किया तो नाके पर मौजूद सीआईए पुलिस टीम वहां पहुंच गई और मोटरसाइकिल सवार व उसके साथी को मोटरसाइकिल समेत दबोच लिया और मोटरसाइकिल की मल्कियत संबंधी कागजात दिखाने को कहा तो वह कोई भी कागजात पेश नहीं कर पाए। पूछताछ में उन्होंने खुलासा किया कि उन्होंने ये मोटरसाइकिल एक स्थान से ताला तोड़कर उस वक्त चुराई थी, जब वहां कोई नहीं था। वह ताला तोडक़र चोरी कर ले गए।

सरकार के दो फैसलों का स्वागत किया गया

सीएम ने अगले वर्ष के लिए गन्ने का रेट 400 रुपए प्रति क्विंटल करने की घोषणा भी कर दी

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के गन्ना उत्पादक किसानों को दिवाली का तोहफा देते हुए गन्ने के मूल्य में बढ़ोतरी की घोषणा की है। इसका यहां जोरदार स्वागत किया गया है। विभिन्न नेताओं ने कहा कि सीएम घोषणा करते हुए कहा कि इस वर्ष के लिए गन्ने का मूल्य अगेती किस्म के लिए 372 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 386 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया जाता है, जोकि 14 रुपये की पर्याप्त वृद्धि है। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री ने अगले साल के लिए भी गन्ने के रेट में बढ़ोतरी की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष जिन दिनों गन्ने का रेट घोषित होता है, उन दिनों में आचार संहिता लगी होगी। इसलिए विभाग से परामर्श करके अगले वर्ष के लिए गन्ने का रेट 400 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया जाता है। सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गन्ना किसानों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए उचित मूल्य मिले।

एडहॉक व डेलीवेज कर्मचारियों को राहत : धर्मबीर

सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर तथा नाहरपुर ग्रामपंचायत के सरपंच रहे भाजपा नेता चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया की माने तो मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार ने कॉन्ट्रैक्ट, एडहाक, डेली वेज पर काम करने वाले कर्मचारियों को बड़ी राहत दी है। अब ऐसे कर्मचारी 42 साल तक सरकारी रेगुलर भर्ती के लिए आवेदन कर सकेंगे। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर तथा नाहरपुर ग्रामपंचायत के सरपंच रहे भाजपा नेता चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया ने बताया कि वर्तमान में, नियमित सरकारी सेवा में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष है, जबकि ऊपरी आयु सीमा 42 वर्ष है। हालांकि, कुछ नौकरियों के लिए कर्तव्यों की प्रकृति के आधार पर प्रवेश आयु लगभग 42 वर्ष है। नए नियमों के तहत हरियाणा सिविल सेवा (सामान्य) द्वितीय संशोधन नियम, 2023 के तहत, किसी भी विभाग, बोर्ड, निगम और सरकारी सहायता प्राप्त संस्थान में काम करने वाले कर्मचारियों को छूट दी जाएगी। नए नियमों के अनुसार कर्मचारियों को पिछली नौकरी में पूर्ण किए गए वर्षों की संख्या के बराबर आयु में छूट मिलेगी। सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों और सरकारी सहायता प्राप्त संस्थानों में काम करने वाले कर्मचारी इसके लिए पात्र होंगे।

बढ़ते प्रदूषण के कारण प्राइमरी तक की कक्षाओं में होगी ऑनलाइन पढ़ाई : प्रदीप कुमार

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना। जोन के एसडीएम प्रदीप कुमार के अनुसार वायुमंडल में बढ़ते प्रदूषण के चलते वायु गुणवत्ता प्रबंधन बोर्ड व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुशंसा के आधार पर प्रशासन ने सोहना समेत मिलेनियमसिटी जिले में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का निर्णय लिया है।

उन्होने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त निशांत कुमार ने प्रदूषण से बच्चों के बचाव के लिए इस संदर्भ में आदेश जारी किए है। जारी आदेशों में प्री स्कूल, प्री प्राइमरी व प्राइमरी कक्षाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित ना हो, इसके लिए स्कूल प्रबंधकों को ऑनलाइन पढ़ाई जारी रखने के आदेश दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि एयर क्वालिटी इंडेक्स में लगातार बढ़ोतरी होने से ग्रैप के स्टेज 4 की स्थिति आ गई है। अत्यंत गंभीर श्रेणी की स्थिति बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव का अंदेशा बना हुआ हैं। ऐसे में प्राइमरी स्कूलों में पढ़ाई ऑफलाइन की बजाए अब ऑनलाइन करने का निर्णय लिया गया हैं। यह आदेश जिला के सभी निजी व सरकारी शिक्षण संस्थाओं में 7 नवंबर से लागू होंगे जोकि आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेंगे।

खुद शिक्षित बन समाज को शिक्षित करने में आगे आएं : खटाना

सोहना : सोहना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता मनीष खटाना दमदमिया ने सोहना ब्लाक के आदर्श गांव दमदमा के रहने वाले रोहित खटाना के चंडीगढ़ पुलिस में सहायक सबइंस्पेक्टर बनने पर रोहित खटाना को बधाई दी है।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता मनीष खटाना दमदमिया ने लोगों से आग्रह किया कि आज के युग में शिक्षा सबसे बड़ी ताकत है। एक शिक्षित व्यक्ति ही अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ सकता है। इसलिए सभी अपने बच्चों को शिक्षित करे और उन पर दबाव ना बनाते हुए उन्हे उस क्षेत्र में जाने दे। उन्होंने कहा कि जिस क्षेत्र में उसकी रुचि है। तभी बच्चे आगे बढ़ेंगे और हमारे क्षेत्र व समाज का विकास होगा।

भूकंप के लगे तेज झटके,लोग हुए दहशतजदा

घरों से बाहर जिसे जहां सुरक्षित जगह मिली उसी तरफ भागे लोग

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना । अरावली पर्वत की श्रंखलाओं से घिरी शिवनगरी सोहना में सोमवार को शाम 4 बजे आए भूकंप के तेज झटकों ने लोगों को भयभीत कर दिया। भूकंप के तेज झटके महसूस होते ही हड़बड़ाहट में लोग अपने घरों से निकल कर बाहर की तरफ भागे।

भूकंप की तीव्रता 5.6 बताई जा रही है। यहां पर एमवीएन सोसायटी में रहने वाले सरदार तजिन्द्र सिंह, आशियाना अनमोल सोसायटी में रहने वाले रामगौतम, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर धर्मबीर डागर

अलीपुरिया, जीएलएस होम्स सोसायटी में रहने वाले नगरपार्षद मनोज अवाना, युवा समाजसेवी मोहित यादव, गांव धुनेला में रहने वाले बलजीत यादव, गांव फाजिलपुर में रहने वाले निर्भय बेदी गुर्जर, राजोरिया कॉलोनी में रहने वाले एडवोकेट नरेश सैनी ने बताया कि भूकंप के झटके इतने तेज थे कि हर व्यक्ति ने महसूस किए।

कोई नुकसान नहीं हुआ

इस भूकंप हालांकि क्षेत्र में कोई नुकसान तो नहीं हुआ,लेकिन काफ देर तक लोग आशंकित हुए।काबिले गौर यह है कि अरावली पर्वत की श्रंखलाओं से घिरी शिवनगरी सोहना व आसपास क्षेत्र में इससे पहले तीन नवंबर को भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

उनका कहना था कि प्रकृति से लगातार किए जा रहे खिलवाड़ भी ऐसी आपदाओं के आने के कारण होते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.6 मापी गई। इस बार भूकंप का मुख्य केन्द्र नेपाल में रहा।

भौंड़सी में जेल मोड़ पर चोरी की मोटरसाइकिल समेत आरोपी गिरफ्तार

सस्ते दामों पर बेचने के लिए मेवात में जाने वाला था

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। सोहना सीआईए पुलिस ने सोमवार को मोटरसाइकिल चोर गिरोह के एक आरोपी को गांव भौंड़सी में जेल मोड पर लगाए गए नाके पर घेराबंदी डाल पकड़ने में कामयाबी पाई है।

पकड़े गए आरोपी की पहचान मिथुन के रूप में हुई है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन के अनुसार सोहना सीआईए पुलिस थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश को मुखबिर खास से सूचना हाथ लगी कि चोरी की मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक भौंड़सी सड़क मार्ग से निकल कर चोरी की मोटरसाइकिल को मेवात में बेचने के लिए जाने वाला है। सूचना को सही मान पुलिस ने गांव भौंड़सी में जेल मोड पर नाका लगाकर दोपहिया वाहनों की जांच शुरू कर दी। पुलिस नाके को लगे देख जब सामने से आ रहे एक मोटरसाइकिल सवार ने मोटरसाइकिल को वापिस मोडकर भागने का प्रयास किया तो नाके पर मौजूद सीआईए पुलिस टीम वहां पहुंच गई और युवक को मोटरसाइकिल समेत दबोच लिया और मोटरसाइकिल की मल्कियत संबंधी कागजात दिखाने को कहा तो वह कोई भी कागजात पेश नही कर पाया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि उसने ये मोटरसाइकिल एक स्थान से उस वक्त चोरी की थी, जब वहां कोई नही था। वह मोटरसाइकिल का ताला तोडक़र चोरी कर ले गया।

पुलिस के अनुसार उसने चोरी की गई मोटरसाइकिल को एक स्थान पर ले जाकर छुपा दिया। जिसे वह सस्ते दामों पर बेचने के लिए मेवात में जाने वाला था कि पुलिस ने उसे पहले ही दबोच लिया।

इस संबंध में सीआईए पुलिस का कहना है कि आरोपी से पूछताछ चल रही है। पुलिस आरोपी को जल्द अदालत में पेश करेगी।

युवाओं को कांग्रेस में जोड़ने की हो रही कवायद

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना । हरियाणा युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा का आज युवा जोड़ो हरियाणा जोड़ो अभियान के तहत सोहना हलका में पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूलमालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

इस मौके पर उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने इस अभियान को सोहना हलका से शुरू किए जाने का ऐलान करते हुए युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोडने का आग्रह भी कार्यकर्ताओं से किया।

बुद्धिराजा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि हरियाणा प्रदेश युवा कांग्रेस आने वाले दिनों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रयासरत युवाओं को एक साथ संगठित करके उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों को सरकार के समक्ष प्रखरता से उठाने का कार्य करेगी।

उन्होने बताया कि यह एक ऐसा अनोखा कार्यक्रम होगा, जिसके माध्यम से हर वर्ग का युवा एक मंच पर आएगा और अपनी समस्या व अधिकारों की आवाज को दृढ़ता से सरकार के समक्ष रखेगा।

उन्होंने प्रदेश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सात मुख्य मुददे बेरोजगारी, अग्निवीर सेना भर्ती, नशा, सरकारी भर्तियाँ, विदेशी पलायन, शिक्षा, खेल आदि के तहत नौजवानों को इस अभियान के तले जोड़ने की बात कही ।बताया कि प्रदेश का युवा आज इन समस्याओं से जूझ रहा है, और इन समस्याओं का क्या समाधान हो सकता इस विषय पर युवा कांग्रेस इस अभियान के माध्यम से युवाओं के बीच जाकर संवाद कार्यक्रम करेगी।

दिव्यांशु बुद्धिराजा ने कहा कि एचएसएससी/एचपीएससी द्वारा भर्ती परीक्षाओं में किया जा रहा भ्रष्टाचार, लापरवाही व गलत कायदे-कानून से की जा रही भर्तियों के खिलाफ भी हरियाणवीं युवाओं को लामबंद कर सरकार पर नकेल कसने का कार्य इस अभियान के माध्यम से करेंगे। उन्होंने बताया कि इस अभियान में इसके साथ साथ संगठन विस्तार कार्यक्रम भी किए जाएँगे , जिसमें जिला,विधानसभा व ब्लॉक इकाइयों का गठन व लीगल, डॉक्टर, रीसर्च, आरटीआई आदि सेल के गठन भी इसी अभियान के माध्यम से किए जाएंगे। अभियान के दौरान सोहना विधानसभा के भावी उम्मीदवार व कांग्रेस पार्टी में राज्य प्रवक्ता मनीष खटाना दमदमिया का कई जगह पर जोरदार स्वागत भी जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर विभिन्न गांवों में आयोजित किए गए युवा जोड़ो हरियाणा जोड़ो अभियान के

त्योहार की चहल-पहल

दीपावली को मनाने पर गणमान्यों की है अपील

बाजारों में बढ़ी रौनक,उमड़ रही भीड़ ने तोड़े तमाम रिकार्ड

लोगों ने कहा कि महंगाई चाहे तेजी से सिर उठा रही है, लेकिन दिवाली का त्यौहार तो मनाना ही बंद तो नहीं कर सकते हैं

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। लगातार बढ़ रही महंगाई से गायब हुई बाजारों की रौनक दिवाली के त्योहार पर पुनः वापिस लौट आई है। बाजारों में जगह-जगह दीवाली के सामानों से सजी दुकानें नजर आ रही है। लोग अपने घरों को सजाने और दीवाली पर सामान की खरीददारी के लिए बाजार में उमड़ रहे हैं।

बाजार में सबसे ज्यादा भीड़ सजावट के सामान, कैलेंडरों, खिलौना, खील, बताशे, मिटटी के दीए, पूजा सामग्री, ड्राईफ्रूट, चाइनीज क्राकरी, चाइनीज लाइटें, नमकीन आदि विक्रेताओं की दुकानों पर देखने को मिल रही है। गिफ्ट गैलरी की दुकान चलाने वाले दुकानदारों ने बताया कि दिवाली आते ही बाजारों में ग्राहकों की पसंद के सामान आने शुरू हो गए हैं। उनकी दुकान पर सुबह 8 बजे से लगने वाली ग्राहकों की भीड़ रात 10 बजे तक लगी रहती है। लगभग ऐसा ही नजारा अभी से चाकलेट, खाद्य सामग्री, मिठाई विक्रेताओं, ड्राईफ्रूट बेचने वालों की दुकान पर देखने को मिल रहा है। दुकानदार पुनीत गोयल, चिक्का, बल्ले अग्रवाल, देशराज गोयल आदि का कहना है कि इस बार दीवाली पर लोगों में अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है। बाजार में सामान खरीदने के लिए लोगों की देर रात तक भीड़ रहती है।

सामान खरीदने आए शेखर दरोगा, पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, देवेन्द्र यादव, प्रेमपाल, कृष्ण सैनी, हरविंदर, कर्मपाल बोकन आदि लोगों का कहना है कि महंगाई चाहे तेजी से सिर उठा रही है, लेकिन दिवाली का त्यौहार तो मनाना ही है। बच्चे बम-पटाखे और मिठाई के लिए जिद कर रहे है तो धर्मपत्नी आकर्षक साड़ी लाने की जिद पकड़े हुए हैं।

इसके अलावा दीवाली पूजन के लिए चांदी का कुछ सामान खरीदना भी आवश्यक है जोकि खरीदना तो पड़ेगा ही।

दीपक जलाकर मनाए प्रदूषण मुक्त दिवाली :शर्मा

शहर में समाज कल्याण समिति की तरफ से दिवाली मिलन जागरूकता समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के संयोजक बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान देवदत्त शर्मा के अनुसार समारोह में विशेष आमंत्रण पर सपरिवार आए प्रमुख लोगों ने सपरिवार बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर दिवाली मिलन समारोह में वेदकला शर्मा ने क्षेत्रवासियों को दिवाली की अग्रिम बधाई देते हुए प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दीपावली दीपों का त्यौहार है, लेकिन हमें ऊर्जा बचाने के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाइटों का कम से कम प्रयोग करना चाहिए। पटाखों से त्यौहार मनाना कोई अनिवार्य नहीं है। अपनी खुशी का इजहार तो मिठाई, उपहारों, रंगोली व दीयों के साथ कर सकते हैं। त्योहार का सही आनंद स्वच्छ व प्रदूषण रहित वातावरण में ही आएगा। इस मौके पर नंगली गौशाला से जुड़े एडवोकेट मुकेश शर्मा, ब्राहाण सभा के प्रधान हरीश शर्मा बोबी, मार्किट कमेटी के पूर्व चेयरमैन दिनेश शर्मा खेड़लिया, मास्टर अनिल वशिष्ठ आदि प्रमुख लोगों ने भी अपने विचार रखे।

ऑनलाइन सामान खरीद से बचे ग्राहक

स्थानीय व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज बजरंगी ने ग्राहकों से आग्रह किया है कि वह राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए ऑनलाइन खरीददारी करने से बचे और स्वदेशी वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता दे। अपने शहर के बाजारों में ही खरीददारी करनी चाहिए क्योंकि अगर किसी सामान में कोई खामी है तो उसका समाधान भी हाथोंहाथ संभव है। ऑनलाइन में आजकल ठगी की घटनाएं भी ज्यादा सामने आ रही है। वही ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा मिलने से बाजारों में व्यापारियों का कामधंधा चौपट हो रहा है। दुकानों का किराया, सहायकों का वेतन और घरेलू खर्च चलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में जरूरी है कि हम ऑनलाइन खरीद को नजरअंदाज कर अपने ही स्थानीय बाजारों से जरूरत की हर वस्तु की खरीद करे और विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बढ़ावा देने की बजाय स्वदेशी उत्पाद बनाने वाली अपनी कंपनियों को ही बढ़ावा दें।

आम जन से चाइनीज सामान के बहिष्कार की अपील

श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन और जैन समाज के प्रमुख समाजसेवी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन ने क्षेत्रवासियों से आग्रह किया है कि वह चाइनीज सामान का बहिष्कार कर स्वदेशी को अपनाएं। इससे लघु उद्योगों को बढ़ावा और बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा। देश का पैसा चीन में जाने से रूकेगा। उन्होने कहा कि पाकिस्तान का साथ देने से चीन हमारे देश के लिए पाकिस्तान से ज्यादा बड़ा खतरा बन गया है। चीन को सबक सिखाने के लिए जरूरी है कि चाइनीज आइटमों का बहिष्कार कर स्वदेशी को बढ़ावा दे। यदि भारतीय चीन निर्मित वस्तुओं की खरीद-फरोख्त छोड़ दे तो चीन की अर्थव्यवस्था गड़बड़ा जाएगी। ऐसे में चीन की आर्थिक रूप से कमर टूट जाएगी। उन्होंने कहा कि चीनी सामान से हमारे स्वदेशी लघु व कुटीर उद्योगों पर खतरा मंडरा रहा है। बेरोजगारों की तादाद दिनोंदिन बढ़ रही है। अतःजरूरी है कि चीनी वस्तुओं का बहिष्कार किया जाए ताकि देश का पैसा देश में रहे। देश की तरक्की, उन्नति, खुशहाली, समृद्धि बढ़े।

दैनिक भरोसा मित्र

गुरुग्राम, मंगलवार
7 नवंबर 2023

www.dainikbharoosa.com

अंदर देखे
क्षेत्र के पिछड़ेपन के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ..

गुरुग्राम

अंदर देखे
गुरुग्राम में जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं...

dainikbharoosa

खबर फटाफट

जीयू में परमाणु ट्रैक और विकिरण माप विषय पर 5 दिवसीय इंटरनेशनल कांफ्रेंस का आयोजन

गुरुग्राम। सोमवार 6 नवंबर को गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में परमाणु ट्रैक और विकिरण माप विषय पर आयोजित पांच दिवसीय 28वीं इंटरनेशनल कांफ्रेंस का शुभारम्भ कांफ्रेंस में उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इंटरनेशनल न्यूक्लियर ट्रैक सोसाइटी और गुरुग्राम यूनिवर्सिटी द्वारा राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कुरुक्षेत्र और अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के सहयोग से यह इंटरनेशनल कांफ्रेंस गुरुग्राम विवि. के सभागार में आयोजित की गई। विवि. के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने मुख्य अतिथि जबकि प्रो. अशोक कुमार नागावत, कुलपति डीएसईयू, और एनएसयूटी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। बुक ऑफ एबस्ट्रैक्ट्स का विमोचन भी किया। प्रो. राजेश कुमार ने स्वागत भाषण दिया। आईएनटीएस के अध्यक्ष डॉ. आरपी चौहान ने इंटरनेशनल कांफ्रेंस के लक्ष्यों के बारे में सभी को जानकारी देते हुए बताया कि इंटरनेशनल न्यूक्लियर ट्रैक सोसाइटी की स्थापना परमाणु-संबंधित अनुसंधान और विकास और नई तकनीक में काम करने वाले अनुसंधान समुदाय ने की। पहला सम्मेलन, जिसका नाम कोलोक्वियम ऑन कॉर्पस्कुलर फोटोग्राफी था, 1957 में स्ट्रासबर्ग (फ्रांस) में आयोजित किया गया था। 1976 में म्यूनिख (जर्मनी) में इसका नाम बदलकर ठोस में परमाणु ट्रैक पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कर दिया गया, अब की बार यह कांफ्रेंस भारत में गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में आयोजित की गयी है, 3 वर्ष में एक बार इस कांफ्रेंस का आयोजन किया जाता है । इस अवसर पर अग्रवाल कॉलेज के प्राचार्य एवं कांफ्रेंस अध्यक्ष डॉ. कृष्णकांत ने धन्यंवाद ज्ञापन किया । इस मौके पर गुरुग्राम विवि. के कुलसचिव डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. सुभाष कुंडू, प्रो. अभय यादव, मौहम्मद रफीक,डॉ. प्रताप सिंह, प्रो. सरला, समेत विवि. के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे ।

गुरुग्राम में श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव की तैयारियां शुरू

गुरुग्राम। गुरुग्राम में 27 नवंबर से एक बड़ा धार्मिक आयोजन श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव शुरू होगा। सेक्टर 29 के लेजरवैली पार्क में 3 दिसंबर तक चलने वाले इस महोत्सव में अखंड परमधाम के महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी ज्योतिर्मयानंद गिरी महाराज अपने मधुर स्वरों से कथा वाचन करेंगे। यह महोत्सव रोजाना सुबह सुबह योगासन एवं ध्यान साधना से शुरू होगा। इस बड़े धार्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक पवन जिंदल, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी, गौसेवा आयोग के वाइस चेयरमैन पूरन यादव लोहचब, गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला, भाजपा के प्रदेश मंत्री मनीष यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य बोधराज सिकरी, भाजपा पर्यावरण विभाग के प्रदेश प्रमुख नवीन गोयल, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर यश बत्तरा और भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं आईटी विभाग प्रमुख अरुण यादव रहेंगे। इस कार्यक्रम के संयोजक पूरन यादव लोहचब ने इस महोत्सव की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक के बाद बताया कि श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव अखंड परमधाम सेवा समिति गुरुग्राम द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार

गुरुग्राम। चोरी की दर्जनों वारदात करने वाले 2 आरोपियों सहित कुल 5 आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है, जिने कब्जे से एक जैक, पाना, 6 गोटी, 8 बुलेट्स, रॉड, 8 ईंट, चोरी हुई गाड़ी की नंबर प्लेट व 5 बाईक्स बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गुरुग्राम पुलिस द्वारा चोरी/वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपियों पर नकेल कसते हुए चोरी करने के मामले में 5 आरोपियों मोहित, विष्णु, गोपी, जगत व मिथुन को काबू किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी मोहित व विष्णु ने चोरी की 11 वारदात गुरुग्राम में व चोरी की 5 वारदात झज्जर में अंजाम देने का खुलासा किया है, जिनके संबंध में संबंधित थानों में मामले दर्ज है। आरोपी गोपी व जगत ने चोरी की 3 वारदात गुरुग्राम में अंजाम देने का खुलासा किया है तथा आरोपी गोपी पर चोरी करने के सम्बंध में एक मामला राजस्थान में दर्ज है।

सेक्टर 92 स्थित रहेजा नवोदय सोसाइटी में बड़ा हादसा

सेफ्टी टैंक की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की दम घुटने से मौत

- दमकल विभाग और पुलिस ने मौके पर पहुंच शवों को बाहर निकाला

राजेश कुमार, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। सेक्टर 92 में सेफ्टी टैंक की सफाई करने उतरे दो कर्मचारियों की दम घुटने मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों कर्मचारियों के शव टैंक से बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। उल्लेखनीय है कि सोमवार को सेक्टर 92 स्थित रहेजा नवोदय सोसाइटी में सेफ्टी टैंक का सफाई का कार्य चल रहा था। सफाई करते वक्त दोनों मजदूर जब टैंक से काफी देर तक नहीं निकले तो वहां मौजूद अन्य लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग के कर्मचारियों ने दोनों को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला, लेकिन जब तक जहरीली गैस के कारण उनका दम घुटने लगा और उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस के मुताबिक मृतकों की पहचान मूल रूप से झज्जर के रहने वाले परजीत 36 और यूपी मूल के रहने वाले राजकुमार 45 के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच के दौरान सामने आया है कि इन्हें सोसाइटी में बने करीब 30 फीट गहरे सेप्टिक टैंक में सफाई के लिए उतारा गया था। जिसमें कीचड़ अधिक थी।

मजदूरों के पास नहीं थे सुरक्षा उपकरण

बताया जा रहा है कि सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दोनों मजदूरों को कोई सुरक्षा उपकरण नहीं दिए गए थे। ऐसे में सेप्टिक टैंक की कीचड़ में बनने वाली गैसों के कारण उनका दम घुट गया और वह बेहोश होकर कीचड़ में ही गिर गए। और उनकी मौत हो गई सूचना मिलते ही पुलिस को मौके पर भेजा गया और दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

क्या कहती है पुलिस

वहीं सेक्टर 93 चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर जसवंत का कहना है कि जिस वक्त ये कर्मचारी सेफ्टी टैंक में सफाई कर रहे थे, उस वक्त सुरक्षा के मापदंडों पर जिन उपकरणों का प्रयोग करना था, वह मौके पर नहीं थे। जिसके चलते दोनों की मौत हुई। फिलहाल इस पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है। जो भी इसमें ठेकेदार या सोसाइटी प्रबंधन की लापरवाही पाई जाती है तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कमल के निशान, मोदी के काम पर मोहर लगाएगी राजस्थान की जनता : सुधीर सिंगला

- विधायक ने अलवर शहर विधानसभा प्रत्याशी संजय शर्मा के समर्थन में मांगे वोट

राजेश कुमार, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि राजस्थान की जनता कमल के निशान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम पर मोहर लगाएगी। उन्होने कहा कि लोगों का उत्साह और जोश भाजपा की बड़ी जीत सुनिश्चित कर रहा है। उन्होने कहा जिस तरह से हरियाणा और उत्तर प्रदेश में डबल इंजन सरकार है उसी तर्ज पर राजस्थान में भी अबकी बार डबल इंजन सरकार होगी।

विधायक सिंगला ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार से आज हर वर्ग दुखी हो चुका है और वो इस सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुका है। यह वाक्य विधायक सुधीर सिंगला ने अलवर साउथ की अलवर शहर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी विधायक संजय शर्मा के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान कहे। विधायक सिंगला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। उन्होने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी विधायक संजय शर्मा को भारी बहुमत से विजयी बनाकर विधानसभा भेजें।इस अवसर पर उन्होने ने पार्टी के सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की बैठक ली और मंडल अध्यक्षों के साथ आगे की रणनीति पर गहन चर्चा कर रूप रेखा तैयार की। चुनाव प्रचार के दौरान विधायक के साथ मण्डल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी,दिल्ली प्रदेश ओबीसी मोर्चा से मुकेश तंवर,विस्तारक सियाराम जी,मण्डल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा,रवि यादव,राजेंद्र सैनी,मनोज चौहान, कार्यालय प्रभारी अभिलेख,आर पी सिंह व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

अग्निवीर बनकर देश सेवा करने में अग्रणी रहें युवा

गुरुग्राम। विधायक सुधीर सिंगला ने मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत स्वतंत्र सेनानी हॉल में आजाद हिन्द फौज की उत्तराधिकारी समिति गुरुग्राम द्वारा आयोजित शहीद श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक सुधीर सिंगला ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम सबको अपने सैनिकों पर गर्व है, जो देश की सीमाओं पर तैनात रहकर देश को सुरक्षित बनाए हुए हैं। वो अपनी रातों की नींद, दिन की चैन गंवाते हैं ताकि हम सब सुरक्षित और चैन से रहे सकें। सैनिकों के सम्मान में हर नागरिक हमेशा आगे रहना चाहिए। युवाओं का बेहतर भविष्य बनाने के लिए केंद्र सरकार अग्निवीर योजना लेकर आई। इसमें एक युवा सेना में भी रह सकता है और फिर वापस अपने घर आकर अपना नया व्यवसाय शुरू कर सकता है। युवाओं के इस देश में मोदी सरकार का यह फार्मुला बेहद खास है। हमारा देश युवाओं का देश है। युवाओं की सेना में अधिक रुचि होनी चाहिए।

खंडस्तर पर लगाई जाएंगी प्लास्टिक कचरा प्रबंधन यूनिट : डीसी

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। जिला के गांवों को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए ग्राम पंचायतों एवं ग्रामवासियों को जागरूक किया जा रहा है। मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ ग्राम स्वच्छता, जलजीवन मिशन और कचरा प्रबंधन पर आयोजित हुई वीडियो कांफ्रेंस में डीसी निशांत कुमार यादव ने आज ये शब्द कहे। उन्होंने बताया कि गोवर्धन प्रोजेक्ट लागू करने के लिए जिला में उचित स्थान की तलाश की जा रही है और जल्दी ही इसे चिन्हित कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला के फर्रूखनगर, पटौदी, सोहना और गुरूग्राम ब्लॉक में खंडस्तर पर एक-एक प्लास्टिक कचरा प्रबंधन की ईकाई स्थापित की जाएगी। इस योजना को मूर्तरूप देने के लिए काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुरूग्राम जिला में 157 ग्राम पंचायतें हैं, इनमें से 133 ओडीएफ प्लस हो चुकी हैं और शेष 24 ग्राम पंचायतों को ओडीएफ प्लस का ग्रेड दिलवाने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। निशांत कुमार यादव ने कहा कि गांवों में पंचायती राज तथा जिला परिषद की ओर से स्वच्छ भारत ग्रामीण मिशन के अंतर्गत सार्वजनिक तथा घरों में शौचालय बनवा दिए गए हैं। जिनका अपशिष्ट सोक पिट व कुईयों में जमा होता है। इन कुईयों व सोक पिट को साफ करने के लिए कुई साफ करने वाले टैंकरों का पंजीकरण किया जा रहा है। यह पंजीकरण जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग और गुरूग्राम मेट्रो विकास प्राधिकरण के कार्यालय में किया जाता है।

कोलकाता के फूलों से होगा बाबा का श्रृंगार : अमित गोयल

भरोसा मित्र

गुरुग्राम। श्री श्याम परिवार की ओर से आगामी 16 नवम्बर को आयोजित किए जाने वाले श्याम संकीर्तन महोत्सव की कोर कमेटी की बैठक आयोजन स्थल जिमखाना क्लब सेक्टर-29 में हुई। बैठक में महोत्सव की तैयारियों की रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक में श्याम परिवार में श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव के संयोजक एवं भारत-तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत अध्यक्ष अमित गोयल ने कोर कमेटी के बीच आयोजन से संबंधित जानकारियां दी। अमित गोयल ने कहा कि कार्यक्रम को भव्य, दिव्य बनाने के लिए कोर कमेटी के सभी सदस्य दिन-रात जुटे हुए हैं। श्याम बाबा के दरबार को कलकत्ता के रंग-बिरंगे फूलों से सुसज्जित किया जाएगा। भक्तों के लिए बैठने, बाबा के दर्शन करने के लिए विशेष व्यवस्था होगी। इस महोत्सव में भजन गायक कन्हैया मित्तल, ऋतु पांचाल, भावना स्वरांजली, राज भैया और बलराम वशिष्ठ अपनी मधुर वाणी से बाबा का गुणगान करेंगे। आयोजन को लेकर बैठक में राजीव मित्तल, निशांत अहलावत, शिव सिंघल, अशोक गुप्ता, डा महेश गोयल, आशीष गुप्ता, चेतन शर्मा, हरि गोयल तलवाडिया, अमित गुप्ता, हेमन्त गुप्ता, कांता, नमन गोयल, मनमोहन श्रीवास्तव, यश मंगला समेत कई सदस्य मौजूद रहे। अमित गोयल ने बताया कि महोत्सव की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। ग्लैक्सी टैंट इवेंट्स एंड फार्म हाउस महोत्सव के आयोजक हैं।

गुरुग्राम में द बर्निंग कार

- इफको चौक फ्लाईओवर पर कार में लगी आग, चालक कूद कर बचाई जान

राजेश कुमार, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। महानगर कहे जाने वाले गुरुग्राम में एक चलती कार अचानक आग का गोला बन गई। देखते-देखते ही आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया कार चालक ने कूद कर अपनी जान बचाई। इस पूरी घटना को वहां खड़े एक शख्स ने अपने फोन में कैद कर लिया। जो कि सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को दिल्ली-जयपुर हाईवे पर एक कार में आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि कार आग के गोले में तब्दील हो गई। हादसा इफको चौक फ्लाईओवर पर हुआ जब एक चलती गाड़ी में अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही कि आग लगते ही ड्राइवर ने कार से कूदकर अपनी जान बचा ली। हालांकि अभी तक आग लगने का कारण पता नहीं चल पाया है। जैसे ही आग की सूचना दमकल विभाग को मिला तो वह तुरंत मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक आग ने गाड़ी को पूरी तरह से राख कर दिया था।

103 करोड़ की से तैयार वाटिका सिटी चौक अंडरपास बना सफेद हाथी

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। प्रदेश सरकार की अनदेखी के कारण गुरुग्राम सोहना रोड़ स्थित वाटिका सिटी चौराहे पर 103 करोड़ रुपये की लागत से बने 800 मीटर लंबे अंडरपास को तैयार होने के 2 माह बाद भी यातायात के लिए नहीं खोला जा रहा। जबकि इस अंडरपास का निर्माण वाटिका सिटी चौक पर वाहनों के भारी दबाव के कारण रोजाना लगने वाले जाम को खत्म करने के लिए किया गया था। उक्त बात कांग्रेस ओबीसी विभाग के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश यादव बादशाहपुर ने कही। उन्होंने कहा कि आज सरकार में सबकुछ बेलगाम हो गया है। जिसका परिणाम यह है कि जनता के टैक्स के पैसों से बनी परियोजनाएं तैयार होने के बावजूद जनता को समर्पित नहीं की जा रही। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी अपने वाडियो में भाजपा सरकार पर आरोप कि सोहना रोड़ पर वाहनों का भारी दबाव रहता है जिस कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। स्कूलों की छुटटी के समय व भारी वाहनों की नो एंटी खुलने के बाद यहां हालात बदतर हो जाते हैं। एलीवेटेड रोड़ के बनने से भी वाटिका चौक पर लगने वाले जाम में कोई कमी नही हो रही है क्योकि फरीदाबाद से एसपीआर होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग 48 व दूसरी तरफ एसपीआर व गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड़ से फरीदाबाद जाने वाले भारी वाहन इसी रोड़ का इस्तेमाल करते हैं। इसी समस्या को देखते हुए एनएचएआई व जीएमडीए ने यहां पर अंडरपास बनाने की सोजना बनाई थी जिसे लिए शुरु में 43 करोड़ का बजट बनाया गया था जो बाद में बढे र 103 करोड़ रुपये हो गया। इस सडे का निर्माण एनएचएआई ने कराया व इसके लिए पैसा हरियाणा सरकार ने दिया। जून 2022 में इस अंडरपास को बनकर तैयार हो जाना था लेकिन काम सितंबर 2023 में पूरा हुआ व इसका काम पूरा होने के 2 महीने बाद भी इसको यातायात के लिए नहीं खोला जा रहा है। राजेश ने बताया कि सांसद व केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने डीसी व अधिकारियों को साथ लेकर इस अंडरपास का निरिक्षण किया था तो बताया गया था कि एक दो दिन में जनता के लिए खोल दिया जाएगा लेकिन माह बीत जाने के बाद भी इसका उदघाटन नहीं होने का सवाल उठा तो जीएमडीए अधिकारियों ने कहा कि बिजली विभाग ने अंडरपास का बिजली कनैक्शन जारी नहीं किया है इसलिए इसको खोलने में विलंब हो रहा है।

श्रद्धांजलि सभा — इंसान तो गलती कर सकता है, लेकिन ईश्वर से नहीं हो सकती कोई गलती : स्वामी दिव्यानंद महाराज

यह सत्य है कि जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु अवश्य होगी

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। यह शाश्वत सत्य है कि यदि किसी प्राणी ने जन्म लिया है तो उसकी मृत्यु अवश्य होगी। जो आया है वह जाएगा भी। ईश्वर कभी भी गलत नहीं हो सकते। इंसान की समझ में गलती हो सकती है, लेकिन ईश्वर यानि कि भगवान गलती कर ही नहीं सकते। शरीर नश्वर है और आत्मा अजर- अमर है। उक्त उद्गार हरिद्वार के गीता ज्ञानेश्वर डा. स्वामी दिव्यानंद महाराज ने सोमवार को सैक्टर 7 स्थित आर्य विद्या मंदिर के सभागार में आयोजित गीता आश्रम के प्रबंधक समाजसेवी राजेश गाबा की माता ईश्वरी देवी की आयोजित श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि एक न एक दिन सभी को जाना है। व्यवस्था व अवस्था ईश्वर की ही देन है। मृत्यु तो हमारे हाथ में नहीं है, लेकिन जीवन कैसे जीया जाए, यह सब तो हमारे हाथ में है। इसलिए इंसान को अपने जीवन में अच्छे कार्य करने चाहिए। मृत्यु के बाद इंसान के किए हुए कार्यों से उसका मूल्यांकन किया जाता है। महाराज जी ने श्रद्धांजलि सभा में आए लोगों से आग्रह किया कि बड़े बुजुर्गों का यथासंभव सम्मान करना चाहिए। वे ही परिवार को एकसूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। आधुनिकता के इस दौर और बदलते परिवेश में परिवार बिखराव की ओर बढ़ रहे हैं। जिससे संबंध भी तनावपूर्ण बन रहे हैं। इस प्रकार के कार्य नहीं करने चाहिए। मृत्यु के बाद शरीर का कोई अस्तित्व नहीं रहता। जबकि आत्मा अमर है। फिर भी इंसान उसके प्रति गंभीर नहीं रहता। इंसान आत्मा के मर्म को समझना नहीं चाहता, इसलिए वह भटक रहा है। दिवंगत आत्मा ने अपनी लंबी आयु तक जीवन जीया। बच्चों को अच्छे संस्कार दिए। समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 40-50 वर्ष तक तो लोहे का गाटर भी जंग खा जाता है। मृत्यु पर उन्होंने एक बच्चे की जिज्ञासा का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बच्चे ने मुझसे पूछा था कि जब परमात्मा पैदा करता है तो फिर वह मृत्यु क्यों होती है। एक व्यक्ति एक दिन में 21 हजार 600 बार सांस लेता है। जहां एक ओर मनुष्य की आयु बढ़ रही होती है, वहीं दूसरी ओर सांस भी घट रही होती है। मंच संचालन भजन गायक हरीश ने किया। इस अवसर पर हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष व पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष बीआर सीकरी, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ उप महापौर यशपाल बतरा ने अपने विचार रखे। श्रद्धांजलि सभा में ओम स्वीट्स के डायरेक्टर ओमप्रकाश कथूरिया, हरीश बेकरी के डायरेक्टर देवेंद्र नुहानी, समाजसेवी रामकिशन गांधी, बीडी पाहूजा, भाजपा नेता धर्मेंद्र बजाज, रमेश कामरा, युधिष्ठर अलमादी, लक्ष्मणदास पाहूजा, रामलाल ग्रोवर, दलीप लूथरा, गजेंद्र गोसाई, दीवान दुरेजा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता पंकज डावर, मनीष खटाना, निवर्तमान निगम पार्षद सीमा पाहूजा, पूर्व पार्षद कंवरभान वधवा, दलीप साहनी, बीआर ग्रोवर, दलीप लूथरा, डा. सुभाष खन्ना, डा. अशोक तनेजा, गंगाधर खत्री, संजय नुहानी आदि सहित सामाजिक, धार्मिक व राजनैतिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल रहे।

खबर फटाफट

कार व बाइक में भिडंत, 2 व्यक्ति घायल, मामला दर्ज

तावडू। शहर के बिलासपुर रोड पर एक गाडी चालक ने बाइक को टक्कर मार दी। इस सडक दुर्घटना में बाइक चालक व पीछे बैठा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायल एक व्यक्ति की शिकायत पर कार के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। तावडू के वार्ड नंबर 3 निवासी जमसेद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि वह सोहना में वैल्डिंग का काम करता है। गत 5 नवंबर को वह व उसका दोस्त समसूदीन निवासी शिकारपुर बाइक पर सवार होकर हिन्द नर्सरी तावडू बिलासपुर रोड से पौधे खरीदकर नर्सरी के गेट से बाहर मेन रोड तावडू बिलासपुर पर चले थे। उसी समय तावडू की तरफ से सामने से एक सफेद कलर की बलैनो कार का नामपता नामालूम चालक अपनी कार को तेज गति व लापरवाही से चलाकर लाया और बाइक में टक्कर मार दी। बाइक को समसूदीन चला रहा था और वह पीछे बैठा हुआ था। वहीं कार चालक कार को मौके पर छोड कर भाग गया। दुर्घटना में समसूदीन को अधिक चोटें आई, जिसे डाक्टरों ने रोहतक रैफर कर दिया। पुलिस ने घायल व्यक्ति की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

सड़क दुर्घटना में उपचार के दौरान व्यक्ति की मौत

तावडू। उपमंडल के गांव कलवाड़ी अड्डे के समीप अज्ञात व्यक्ति सडे हादसे की चपेट में आने से लहूलुहान हालत में सडे पर पड़े होने का मामला सामने आया हैं। वहीं उपचार के दौरान व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर वाहन के अज्ञात चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। शव को शिनाख्त के लिए पीजीआई रोहतक शवगृह में रखा है। गांव कलवाड़ी निवासी रामकिशन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गत 20 अक्टूबर की रात गांव कलवाड़ी अड्डे पर निजी कार्य से गया था। अड्डे से करीब 100 मीटर दूरी पर तावडू की ओर काफी व्यक्तियों की भीड़ लगी हुई थीं। जब उसने भीड़ में जाकर देखा तो एक अज्ञात व्यक्ति पड़ा हुआ था। जिसके सिर से खून निकल रहा था। तभी कुछ समय बाद निजी अस्पताल की एंबुलेंस पहुंची और अज्ञात व्यक्ति को लें गई। अज्ञात व्यक्ति का एक्सीडेंट किसी अज्ञात वाहन चालक की तेज़ गति व लापरवाही से चलाने के कारण हुआ है। जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। सदर थाना प्रभारी हुकम सिंह ने बताया कि रामकिशन की शिकायत पर अज्ञात वाहन के खिलाफ़ केस दर्ज कर लिया हैं।

दीपावली पर्व की तैयारियां आरंभ साफ-सफाई में जुटे लोग

तावडू । शहर व क्षेत्र में पवित्र त्यौहार दीपावली को लेकर तैयारियां आरंभ हो गई हैं। जिसको लेकर क्षेत्रवासी अपने घरों की साफ -सफ ाई व रंग-पेंट कराने में जुटे हुए हैं। नगर में स्थित दुकानों पर रंग बिरंगी लाईटें भी लगनी शुरू हो गई हैं। वहीं बच्चों ने आतिशबाजी चलानी शुरू कर दी है। हलवाईयों ने भट्टीयां लगाकर स्टाक इक्कठा करना शुरू कर दिया है। उल्लेखनीय है कि रोशनी के पवित्र त्यौहार दीपावली की तैयारियां शुरू हो गई हैं। लोगों ने अपने घरों की साफ -सफ ाई कर उनमें रंग-रोगन कर उसे सजाया और संवारा है। हालाकि इस बार बाजारों में पहले की भांति रौनक नहीं दिखाई दे रही। दुकानदारों का मानना है कि यदि मंदी का दौर इसी तरह चलता रहा तो रोशनी का त्यौहार दीपावली भी फि की रह जाएगी।

वंदना मिस तो जीतन मिस्टर फ्रेशर बने

पलवल। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि जूनियर विद्यार्थियों को हमेशा सीनियर विद्यार्थियों से काफी कुछ सीखने को मिलता है। विद्यार्थियों को हमेशा रचनात्मक व्यवहार के साथ आगे बढ़ने का लक्ष्य रखना चाहिए। वह सोमवार को एम एल टी डिपार्टमेंट में विद्यार्थियों की फ्रेशर पार्टी में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और साथ ही उनमें कुछ नया करने का उत्साह भी भरा। कुल सचिव प्रोफेसर ज्योति राणा ने विद्यार्थियों को उनके बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया। डीन अकादमिक अफेयर्स प्रोफेसर आरएस राठौड़ और डीन प्रोफेसर आशीष श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को अपने करियर में आगे बढ़ाने के लिए शुभकामनाएं दी। इस फ्रेशर पार्टी में बी वॉक एम एल टी प्रथम वर्ष और एम एस सी एम एल टी के प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

युवा जोडो हरियाणा जोडो अभियान के तहत युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष पहुंचे तावडू

कांग्रेस ने हमेशा 36 बिरादरी को एकजुट रखने का काम किया: दिव्यांशु बुद्धिराजा

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। युवा कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा युवा जोड़ो हरियाणा जोड़ो अभियान के तहत तावडू पहुंचे, जहां उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अभियान को लॉन्च करते हुए युवाओं को अधिक से अधिक संख्या में संगठन से जोडने का आग्रह भी कार्यकर्ताओं से किया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है कि प्रदेश युवा कांग्रेस आने वाले दिनों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रयासरत युवाओं को एक साथ संगठित करके उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों को सरकार के समक्ष प्रखरता से उठाने का कार्य करेगी।

यह एक ऐसा अनोखा कार्यक्रम होगा जिसके माध्यम से हर वर्ग का युवा एक मंच पर आएगा और अपनी समस्या व अधिकारों की आवाज को दृढ़ता से सरकार के समक्ष रखेगा उन्होंने प्रदेश के युवाओं को प्रभावित करने वाले सात मुख्य मुद्दे बेरोजगारी, अग्निवीर सेना भर्ती, नशा, सरकारी भर्तियाँ, विदेशी पलायन, शिक्षा, खेल आदि के तहत नौजवानों को इस अभियान के तले जोड़ने की बात कही , उन्होंने बताया कि प्रदेश का युवा आज इन समस्याओं से जूझ रहा है, और इन समस्याओं का क्या समाधान हो सकता इस विषय पर युवा कांग्रेस इस अभियान के माध्यम से युवाओं के बीच जाकर संवाद कार्यक्रम करेगी। सोहना विधानसभा के भावी उम्मीदवार मनीष खटाना का कई जगह पर जोरदार स्वागत भी जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया। मनीष खटाना ने कहा कि सोहना-तावडू सहित अन्य जिलों में विकास का कोई काम नहीं किया गया। कांग्रेस ने हमेशा से 36 बिरादरी को एकजुट रखने का काम किया है, लेकिन जब से भाजपा की सरकार आई है, तब से आमजन के बीच जातिवाद का जहर घोल दिया है। अब भाजपा सरकार को सत्ता से बेदखल करने का काम प्रदेश की जनता करेगी। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव अंशुल शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष युवा अरुण बैसोया, ज़िला अध्यक्ष मेवात मोबिन ख़ान, सरपंच अजरूदीन, जिला पार्षद हैदर अली, पूर्व जिला उपाध्यक्ष असीम ख़ान, प्रदेश महासचिव पूजा पटेल, बादशाहपुर विधानसभा अध्यक्ष योगेश यादव, ज़िला प्रवक्ता राहुल यादव, मीडिया चेयरमैन एडवोकेट प्रशांत झांगु आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते युवा प्रदेशाध्यक्ष।

जरूरतमंद परिवारों को दिए जाएंगे निशुल्क एलपीजी कनेक्शन : मीणा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तीसरे चरण में देश के 75 लाख निर्धन परिवारों की महिलाओं निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन दिए जाएंगे। यह योजना गुरूग्राम में क्रियान्वित करने के लिए आज एडीसी हितेश कुमार मीणा ने ऑयल कंपनियों के अधिकारियों की बैठक ली। स्थानीय विकास सदन में आयोजित हुई इस बैठक में एडीसी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2016 में जरूरतमंद परिवारों की महिलाओं को फ्री एलपीजी कनेक् शन देने के लिए उज्जवला योजना शुरू की थी। जिसके दो चरण पूरे हो चुके हैं और अब तीसरा चरण शुरू हो गया है। जिसमें देश के 75 लाख परिवारों को उज्जवला कनेक्शन दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभी तक गुरूग्राम जिला में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 9500 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। अब उन सभी परिवारों की महिलाओं को ये कनेक्शन दिए जाएंगे, जो कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से हैं, बशर्ते उन्होंने पहले इस योजना का लाभ ना लिया हो। उन्होंने कहा कि अनुसूचित वर्ग, दिव्यांग, नेत्रहीन, प्रवासी या हरियाणा के आम स्थाई नागरिक जिनके घर में एलपीजी कनेक्शन नहीं हैं, उन परिवारों की महिला निकटवर्ती गैस एंजेंसी में जाकर उज्जवला योजना के लिए आवेदन दे सकती हैं। आवेदन के दस्तोवजों का सत्यापन किए जाने के बाद एक-दो दिन में ही उनको घरेलू गैस का सिलेंडर, गैस चूल्हा, रेगुलेटर, नलकी, उपभोक्ता कॉपी आदि सामान दे दिया जाएगा। एडीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का कनेक् शन लेने के लिए आवेदक महिला को अपना राशन कार्ड, परिवार पहचान पत्र, परिवार में बालिग सदस्यों के आधार कार्ड, बैंक पास बुक, पासपोर्ट साइज फोटो व अन्य केवाईसी दस्तावेज लेकर जाने होंगे। महिलाएं धुआं रहित और साफ वातावरण में भोजन बनाएं, इसलिए यह योजना लागू की गई है। जिला खाद्य एवं पूर्ति नियंत्रक अनिल कुमार ने बताया कि योजना को सुचारू रूप से चलाने के लिए तीनों ऑयल कंपनियों के अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया जाएगा। इस अवसर पर इंडियन ऑयल कंपनी के क्षेत्रीय प्रबंधक अंकित यादव, भारत पेट्रोलियम के सेल्स मैनेजर शशिकांत भगत, हिंदुस्तान पेट्रोलियम की एरिया सेल्स मैनेजर वर्णिका पाठक आदि अधिकारी मौजूद रहे।

तार चोरी करने की वरादातों में शामिल 4 आरोपी गिरफ्तार

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह। मेवात पुलिस ने करीब एक दर्जन लाइट के तार चुराने के मामलों में 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। निरीक्षक अमित कुमार प्रभारी अपराध शाखा नूंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गत 19 अक्टूबर को सहायक अभियंता आर0वी0पी0एन0 भिवाड़ी ने थाना सदर नूंह में एक दर्खास्त 220 के0वी0 एम0आई0ए0-बदरपुर लाईन गांव कुर्थला में टावर संख्या 179 से 182 के बीच से अज्ञात चोर द्वारा 7,12,000 रुपये की 1980 मीटर तार चोरी करने के सम्बंध में पेश की । जिस पर थाना सदर नूंह में सम्बंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मुकदमा की तफतीश सहायक उप-निरीक्षक उमर मौहम्मद अपराध जांच शाखा नूंह द्वारा अमल में लाई गई । खुफिया तौर व तकनीकी माध्यम से जांच करने पर 4 नवम्बर को मुकदमा में आरोपी शौकत पुत्र नबाव, शाहीद पुत्र मौजम, आकिल पुत्र लक्खु निवासीयान माहोन थाना रोजकामेव व अब्दुल पुत्र रहमुद्दीन निवासी रैहना थाना सदर नूंह को गिरफ्तार करके अदालत में पेशकर पुछताछ व बरामदगी के लिए एक दिन के पुलिस रिमांड़ पर लिया गया । रिमांड अवधि के दौरान आरोपी शौकत द्वारा चोरी किये गए बिजली के तारों को बेचकर हिस्से में मिले 12,000 हजार रुपये में से 3,000 रुपये, आरोपी शाहिद द्वारा चोरी किये गए बिजली के तारों को बेचकर हिस्से में मिले 12,000 हजार रुपये में से 2,500 रुपये, आरोपी आकिल द्वारा चोरी किये गए बिजली के तारों को बेचकर हिस्से में मिले 12,000 हजार रुपये में से 1,500 रुपये व आरोपी अब्दुल से द्वारा चोरी किये गए बिजली के तारों को बेचकर हिस्से में मिले 12,000 हजार रुपये में से 3,500 रुपये बरामद किये । पुछताछ पर आरोपी शौकत, शाहिद व आकिल उपरोक्तों ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर उपरोक्त वारदात के अतिरिक्त 12 फ़रवरी 2023 को गांव पटाकपुर के जंगल से, 7 जुलाई 2023 को पुनहाना के जंगल से, 16 अगस्त को गांव पटाकपुर के जंगल से, 27 सितम्बर 2023 को गांव भादस के जंगल से, 17 अक्टूबर 2023 को गांव भादस के जंगल से, 19/20 अक्टूबर 2023 की रात को शिकरावा रोड़ पर चलकर गोहाना व दिहाना के जंगल से, 23 अक्टूबर 2023 कि रात को रायपुरी के जंगल तथा गांव भादस-शिकरावा रोड़ के जंगल से व 27 अक्टूबर 2023 गांव बुराका-रानिका के जंगल में से हाईटेंशन तार चोरी करने की वारदात तथा आरोपी अब्दूल उपरोक्त ने उपरोक्त वारदात के अतिरिक्त 23 अक्टूबर 2023 की रात को गांव रायपुरी के जंगल में से हाईटेंशन तार चोरी करने की वारदात को अजांम देना कबूल किया । मुकदमा में गहनता से जांच जारी है । आरोपियों की गिरफतारी की सूचना सम्बंधित थाना प्रभारी को दी गई हैं । आरोपियों को सोमवार को नियमानुसार अदालत में पेशकर जेल भेजा गया ।

गांव सुबासेडी में दबंगों ने मकान में की तोड़फोड़

25 नामजद सहित 40-50 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू । उपमंडल के गांव सुबासेड़ी में दबंगों ने एक मकान की ट्रैक्टर की मदद से घर की दीवार तोडने़ का मामला सामने आया हैं। एतराज जताने पर दबंग ने ट्रैक्टर चढ़ाकर जान से मारने की कौशिश की व अन्य दबंगों ने लाठी डंडों व सरिया से मारपीट की। मारपीट कर घर से 1 लाख 25 हजार रुपए व दो तोले की सोने की हसली लूट ली। हमले के दौरान कई महिलाएं व व्यक्ति घायल हो गए, सभी घायल उपचाराधीन हैं। पुलिस ने पीडित की शिकायत पर 25 नामजद व 40-50 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव सुबासेडी निवासी शौकीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की गत 30-31 अक्टूबर की रात उसे व उसके पुत्र अहसान को चोट लगी हैं। जब वह खड़ा होकर बाहर आया तो उसने देखा की आसू उनके मकान की दीवार को ट्रैक्टर से टक्कर मार तोड़ रहा था। जब उसने एतराज जताया तो उसने ट्रैक्टर चढ़ाकर जान से मारने की कोशिश की। आरोप है की बदमाशो ने पहले से ही षड्यंत्र के रचा हुआ था। बदमाश लाठी डंडा व सरिया से लैस होकर आए और हमला शुरू कर दिया। झगड़े का शोर शराबा सुन भाई रमजान, मां शकुरन व रमजान की पत्नी नुसरत पहुंचे तो उक्त लोगों ने लाठी डंडों व सरिया आदि हथियार से मारपीट शुरू कर दी। इलियास व रहीश ने उस पर लाठी से हमला किया। मां शकुरन बचाव करने लगीं तो समसु कम्मर, जमशीदा व शाहिद ने मां पर भी लाठी से हमला किया। जिससे मां की पसलियों में काफी गहरी चोटे आई। शौकीन व सद्दाम के पास हथियार थें। जिन्होंने फायर कर जान से मारने की धमकी दी। भाई रमजान के सिर में सरिया व लाठी डंडों से हमला कर घायल किया व जान से मारने की धमकी दी। नुसरत पर भी हमला कर दुर्व्यवहार किया। उक्त लोग घर में घुस और एक लाख पच्चीस हजार रुपए व दो तोले सोने की हसली को ले गए। झगड़े की सूचना उन्होंने 112 पुलिस को दी। जिसके बाद सभी कह कर गए कि अगर कोई कानूनी कार्यवाही की तो जान से मार देंगे। ग्रामीणों की मदद से घायलों को तावडू सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने हालत ज्यादा नाजुक देख सभी को नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में रैफर कर दिया। मां की हालत ज्यादा नाजुक देख ग्रामीणों ने पंचायत स्तर पर मामले को निपटाने का आश्वासन दिया, लेकिन मामला नहीं निपटा। सदर थाना प्रभारी हुकम सिंह ने कहा की पीड़ित शौकीन की शिकायत पर समसु, शौकीन, सद्दाम, जमशेद, राहुल, साजिद, जाबिद, इलियास, रहीश, रासीद, रमजान कमरूदीन, इम्तियाज, रूकईया, जुनिशा, जुबेदा, अफसीना, इंसाना, नसीमा, रिजवाना, कम्मर, जमशिदा, साहिद व आशु सहित अन्य 40-50 के खिलाफ मामला दर्ज की कर लिया है।

प्रदूषण मुक्त दीवाली मनायें, स्वच्छ पर्यावरण संतुलन हेतु बिजली की बचत करें : संजय चुघ

गुरुग्राम। ऊर्जा समिति ने आगामी रविवार 12 नवंबर दीवाली के पावन त्यौहार की सभी को बधाई देते हुए परम्परा एवं पर्यावरण में संतुलन बनाते हुए स्वच्छ व प्रदूषण रहित दीवाली मनाने एवं बिजली बचाने की अपील की है। वर्तमान वातावरण में प्रदूषण को देखते हुए सभी पर्यावरण संतुलन के लिए धुआं व धमाका मुक्त, बमों व पटाखों से मुक्त दीवाली मनायें। बिजली की बचत के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाईटों का कम से कम प्रयोग करें। ऊर्जा समिति के महासचिव संजय कुमार चुघ ने बताया कि इस समय एयर क्वालिटी इंडेक्स प्रदूषित स्तर पर है और इन दिनों हवा बहुत जहरीले बनी हुई है। बमों व पटाखों से त्यौहार मनाना कोई आवश्यक नहीं हैं, अपनी खुशी का इजहार तो मिठाई, उपहारों, रंगोली व मिट्टी के दीयों के साथ, दूसरों में खुशियां व प्यार बांटकर कर सकते हैं। त्यौहार का सही आनंद तो परम्परा और पर्यावरण में संतुलन रखते हुए स्वच्छ व प्रदूषण रहित वातावरण में ही आएगा। पर्यावरण संतुलन के मध्यने र हमें मिलजुलकर ही हर प्राणी के स्वास्थ्य हित में कार्य करना है। उन्होंने बताया कि लोग अपने घरों को दीयों से सजाएं और 100, 200 व 500 वाट के बड़े बल्बों व फोकस लाइटों के स्थान पर 3, 6, 8, 9, 12 व 18 वाट की एलईडी व स्लिम लाइटों का इस्तेमाल करें। सोते समय वे भी बंद कर सकते हैं। इससे बिजली की खपत कम होगी और पर्यावरण संतुलित होगा।

कार्यक्रम

जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम ने मनाया भव्य दीपावली मिलन समारोह

हर उम्र में व्यक्ति किसी न किसी रूप में पत्रकारिता करता है

- पुलिस आयुक्त समेत अनेक अतिथियों ने शिरकत करके दी शुभकामनाएं

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम (जेएजी) की ओर से सोमवार को दूसरा भव्य दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में वरिष्ठ पत्रकारों की मौजूदगी में नवोदित पत्रकारों का सम्मान किया गया। दीपावली मिलन समारोह भाईचारे और सद्भाव के बीच मीठी यादों के साथ सम्पन्न हुआ। वरिष्ठ पत्रकार अनिल कश्यप ने बेहतरीन मंच संचालन किया। वरिष्ठ पत्रकार अनिल आर्य ने एसोसिएशन को 11 हजार रुपये देने की घोषणा की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गुरुग्राम के पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने शिरकत की। श्री अरोड़ा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजवल्लित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ किया। समारोह में विभिन्न राजनैतिक दलों के नेताओं, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक संथाओं के पदाधिकारियों के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी कार्यक्रम में पहुंचे। एसोसिएशन की ओर से इस भव्य समारोह की शुभकामनाएं देते हुए पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने कहा कि गुरुग्राम में पत्रकारों की ओर से दीपावली मिलन समारोह में शिरकत करके अच्छा लगा। ऐसे समारोह आपसी मैत्री भाव को बढ़ावा देते हैं। समारोह में मुख्यमंत्री हरियाणा के मीडिया कोर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि गुरुग्राम में प्रेस क्लब बहुत जरूरी है। चंडीगढ़ के बाद गुरुग्राम दूसरा बड़ा केंद्र है। यहां पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब भवन की सुविधा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में 1000 गज के प्लॉट पर सरकारी स्तर पर प्रेस क्लब भवन बनाने के प्रयास चल रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने पत्रकारों के हित में पेंशन समेत कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। उन्हें उम्मीद है कि भविष्य में सरकार की ओर से प्रेस क्लब भवन भी बनाकर दिया जाएगा। सीएसआर ट्रस्ट हरियाणा के सीईओ गौरव सिंह ने कहा कि सीएसआर के स्तर पर जो भी मदद प्रेस क्लब को दी जा सकेगी, वह दिलवाई जाएगी। प्रेस क्लब भवन पत्रकारों के लिए भव्य बने, हम सबके यही प्रयास हैं। ट्रस्ट की ओर से जितना अधिक योगदान बन सकेगा, उतना जर्नलिस्ट एसोसिएशन को दिया जाएगा।

कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सुखबीर चौहान ने कहा कि पत्रकारों का एक मंच पर आकर किसी भी त्योहार को मनाना बहुत ही सुखद संदेश है। यह पत्रकारों की एकता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि पत्रकार कभी रिटायर नहीं होता। हर उम्र में व्यक्ति किसी न किसी रूप में पत्रकारिता करता है।

इससे पूर्व एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय यादव ने एसोसिएशन के गठन से लेकर अभी तक की तमाम गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने गुरुग्राम में पहली बार प्रेस क्लब की स्थापना एवं क्लब भवन निर्माण की सभी वरिष्ठ एवं नवोदित पत्रकार साथियों के बधाई दी। संजय यादव ने प्रेस क्लब भवन निर्माण में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं सम्बंधित अधिकारियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी बिजेंद्र कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र ढिल्लों, एईओ जगदीश अहलावत, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एक्सईएन कुलदीप नेहरा, होम डेवेलपर्स एसोसिएशन गुरुग्राम के अध्यक्ष नरेंद्र यादव, गुडे ांव उद्योग एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण यादव, प्रोग्रेसिव फेडरेशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री की ओर से दीपक सैनी, पीके अग्रवाल, एक्सएलआरआई से हरभजन सिंह, बार एसो. के पूर्व अध्यक्ष कुलभूषण भारद्वाज, सीएम ग्रेवेन्स कमिटी मेंबर नरेश चावला, निवर्तमान पार्षद सीमा पाहूजा, भाजयुमो के राष्ट्रीय मीडिया कोर्डिनेटर सुमित शर्मा, कांग्रेस नेता पंकज डावर, अमित भारद्वाज, राजेश यादव, जजपा से सूबे सिंह बोहरा, समाजसेवी अमित गोयल, राजीव यादव, गुंजन मेहता, गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के पीआरओ कपिल बंसल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

विधायक दीपक मंगला ने करोड़ों रुपए की सड़क का किया शिलान्यास

सड़क मार्ग रेलवे लाइन के साथ लगते वार्ड नंबर-14,15 व 16 के निवासियों के लिए बाईपास का करेगा कार्य

भगत सिंह तेवतिया

पलवल। विधायक दीपक मंगला ने सोमवार को वार्ड नंबर-14 की न्यू एक्सटेंशन कॉलोनी में लगभग 4 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सडे के निर्माण कार्य का नारियल फोडकर विधिवत शिलान्यास किया। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद पलवल के चेयरमेन यशपाल भी मौजूद रहे।विधायक दीपक मंगला ने कहा कि यह सडे मार्ग रेलवे लाइन के समीप बसी सल्लागढ़, आदर्श कॉलोनी, न्यू एक्सटेंशन कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, राजपूत मोहल्ला से होते हुए ओमेक्स तक एक बाईपास का कार्य करेगी। यह सडे मार्ग किठवाड़ी पुल के नीचे से सीधा ओमेक्स तक चला जाता है, जिसके कुछ हिस्से का निर्माण पहले हो चुका है और अब न्यू एक्सटेंसन कॉलोनी से लेकर हाईवे तक इसको जोड़ दिया जाएगा, जो आगे ओमेक्स जाने वाली रजवाहे वाली सडे से मिल जाएगा। लगभग 4 करोड़ 62 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस सडे मार्ग की लंबाई 1 किलोमीटर 800 मीटर तथा चौडाई 6 मीटर है। नगर परिषद की ओर से इस मार्ग को अगले 6 महीने में बनाकर जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस सडक़ मार्ग के एक ओर गंदे पानी की निकासी के लिए नाली का निर्माण भी करवाया जाएगा। रेलवे लाइन से लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग-19 तक भंगूरी रजवाहे के साथ-साथ इस सडे मार्ग का निर्माण करवाया जाएगा। विधायक दीपक मंगला ने कहा कि यह यहां बसी कई कॉलोनियों के लोगों की पुरानी मांग थी, जिसे सरकार ने मंजूर करके कॉलोनी निवासियों को दिपावली के तोहफे के रूप में दिया है। विधायक दीपक मंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में सबका साथ-सबका विकास की तर्ज पर समान रूप से विकास कार्य किए जा रहे हैं। पलवल विधानसभा क्षेत्र का विकास करवाने में धन की कोई कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। सभी विकास कार्यों के पूरे होने पर पलवल विधानसभा का स्वरूप बदला हुआ दिखाई देगा। शिलान्यास कार्यक्रम में कॉलोनीवासियों ने विधायक दीपक मंगला के साथ-साथ नगर परिषद के चेयरमैन यशपाल सहित सभी अतिथियों को फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर पलवल निगरानी समिति के पूर्व चेयरमेन मुकेश सिंगला, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हरेंद्र तेवतिया, पलवल मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंगला, पार्षद देवेंद्र तंवर, जितेंद्र जाखड़, जितेंद्र तेवतिया, तेजपाल तेवतिया, रविंद्र खेडी, यशपाल कमरावली, विवेक नंबरदार, गुरवाडी के पूर्व सरपंच जगत सिंह, प्रवीण ग्रोवर, नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता जीतराम सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

खबर फटाफट

सीआईए ने किया अवैध देसी कट्टे के साथ एक काबू

नारनौल। सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने थाना नांगल चौधरी के क्षेत्र से एक आरोपी सतीश उर्फ सप्पू वासी नांगल नूनिया को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल द्वारा जिला पुलिस को अपराधियों को पकड़ कर उनपर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं, जिनकी पालना के अंतर्गत सीआईए नारनौल की टीम ने थाना नांगल चौधरी के क्षेत्र में अकबरपुर/भुंगारका फ्लाई ओवर के पास से गुप्त सूचना के आधार पर रैड कर एक युवक को काबू किया और उससे देसी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए नारनौल की टीम गश्त के दौरान बस अड्डा ढाणी बाठोठा के पास मौजूद थी, उसी समय टीम को गुप्त सूचना मिली कि सतीश उर्फ सप्पू वासी नांगल नूनिया अवैध हथियार लिए अकबरपुर/भुंगारका फ्लाई ओवर के पास खड़ा है और किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। अगर तुरंत रैड की जाए तो आरोपित को अवैध हथियार के साथ पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर सीआईए नारनौल की टीम ने बतलाए हुए स्थान पर रैड की, वहां पर खड़ा एक युवक पुलिस पार्टी को देखकर भागने लगा, जिसको काबूकर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम सतीश उर्फ सप्पू उपरोक्त बतलाया। युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना नांगल चौधरी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सेवा भारती शाखा ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को वितरित किए गए जूते

नारनौल। सर्दी शुरू होते ही सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी रोड पर सेवा भारती शाखा नारनौल द्वारा जरूरतमंद छात्रों को जूते वितरित किए गए। जूता वितरण कार्यक्रम में विशेष सहयोगी सर्व कल्याण मंच हरियाणा प्रभारी धर्मेंद्र सैनी एवं जिला प्रभारी श्री सुनील मित्तल के सहयोग से विद्यालय प्रांगण में 108 विद्यार्थियों को जूते वितरित किए गए। धर्मेंद्र सैनी ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा यह कार्य पूरे हरियाणा में किया जा रहा है साथ ही उन्होंने बच्चों को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने की बात कही और बताया की बच्चों के संस्कार उसके खुद के जीवन की ही नहीं बल्कि पूरे समाज की दिशा और दशा तय करते हैं। बच्चों में ज्यादातर संस्कार उनके मां-बाप से आते हैं और संस्कारों को विकसित करने में उनकी बहुत बड़ी भूमिका होती है। बचपन में दिए गए संस्कार व्यक्ति के साथ आजीवन रहते हैं इसलिए बच्चों को सही संस्कार देना अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। मां-बाप के अलावा कई और भी ऐसी चीजें हैं जों बच्चे के संस्कार तय करती हैं। इस मौके पर सैनी सभा के प्रधान बिशन कुमार सैनी, महासचिव निहाल सैनी, सचिव भारत सैनी, कार्यकारिणी सदस्य ईश्वर सैनी, विजय सैनी, स्कूल प्रशासक प्रेमचंद सैनी, सेवा भारती के शाखा अध्यक्ष अशोक सिंघल, मार्गदर्शक अश्वनी कटारिया, मुकेश जैन, सैनी स्कूल के प्राचार्य मानसिंह, प्रवक्ता हुकम सैनी, मैडम वीनू आदि विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद था।

हकेवि के छात्र ने कराटे प्रतियोगिता में जीता रजत पदक

महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के योग विभाग में अध्ययनरत एमएससी द्वितीय वर्ष के छात्र शुभम शर्मा ने उत्तर प्रदेश के आगरा में इंडियन शोटोकन कराते दू फेडरेशन द्वारा आयोजित छठे आईएसकेएफ राष्ट्रीय कराटे कप 2023 प्रतियोगिता में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के परिणामस्वरूप रजत पदक प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने शुभम की इस उपलब्धि के लिए उन्हें बधाई दी और साथ ही उनकी इस सफलता में विभागीय शिक्षकों व विभाग के छात्र व शुभम के कोच लोकेश के योगदान की सराहना की। विभाग के शिक्षक प्रभारी डॉ. अजय पाल ने बताया कि शुभम का यह प्रदर्शन बेहद सराहनीय और प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि विभाग के लिए गर्व करने योग्य बात है कि शुभम व उसके कोच लोकेश दोनों ही हमारे विद्यार्थी हैं। उन्होंने कहा कि योग विभाग अध्ययन-अध्यापन के साथ-साथ निरंतर विभिन्न प्रकार के प्रयासों से विश्वविद्यालय का नाम रोशन कर रहा है। शुभम की सफलता इसका एक प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस अवसर पर योग विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नवीन कुमार भी उपस्थित रहे और उन्होंने शुभम की इस सफलता के संदर्भ में कहा कि विश्वविद्यालय कुलपति द्वारा निरंतर विद्यार्थियों को मिल रहे सहयोग के परिणामस्वरूप ही इस तरह की उपलब्धियां संभव हो पा रही हैं।

स्वच्छ भारत मिशन को लेकर डीसी की मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ हुई वीसी

निजामपुर ब्लॉक में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट लगेगी: उपायुक्त

बिहाली की गौशाला के पास बनेगा मॉडल गोबरधन प्रोजेक्ट

गौशाला व गांव में सप्लाई होगी रसोई गैस

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिला महेंद्रगढ़ के निजामपुर ब्लाक में माडल के तौर पर प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित की जाएगी। अगर यह मशीन कामयाब रहती है तो इसे अन्य खंड में भी स्थापित किया जाएगा। इस कार्य के लिए अधिकारी जल्द से जल्द नियम अनुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी कराएं। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका गुप्ता आईएएस ने आज हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल के साथ स्वच्छ भारत मिशन को लेकर हुई वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद जिला के अधिकारियों की बैठक में दिए। स्वच्छ भारत मिशन को लेकर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई इस समीक्षा बैठक के बाद डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित करने के लिए प्रति ब्लॉक 16 लाख रुपए का फंड उपलब्ध है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के फेज 2 की गाइडलाइन के अनुसार प्रत्येक ब्लॉक में एक प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट स्थापित की जानी है। इसके लिए अधिकारी नियम अनुसार कार्रवाई सुनिश्चित करें। इस मशीन की खरीद के लिए 10 नवंबर को दोबारा से टेंडर खोले जाएंगे। जिला के गांव बिहाली में बनने वाले एक मॉडल गोबरधन प्रोजेक्ट के संबंध में डीसी ने बताया कि पूरे राज्य में 20 मॉडल गोबरधन प्रोजेक्ट बनाने हैं। जिला महेंद्रगढ़ में भी एक ऐसा प्रोजेक्ट तैयार किया जाना है। इसके लिए राज्य सरकार ने 50 लाख रुपए फंड आवंटित किया है। इस पर एक करोड़ रुपए से अधिक खर्च होंगे। यह प्रोजेक्ट बिहाली की गौशाला के पास पंचायत की जमीन पर बनेगा। गोबरधन प्रोजेक्ट के माध्यम से पूरे गांव तथा गौशाला में पाइप लाइन के जरिए रसोई गैस सप्लाई की जाएगी।

महेंद्रगढ़ में 93.5 फीसदी गांव ओडीएफ प्लस: डीसी

उपायुक्त ने कहा कि जिला महेंद्रगढ़ में ठोस तथा गीला कचरा के प्रबंधन पर फोकस करें। कूड़े को मिक्स ना होने दें। उन्होंने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में 93.5 फ़ीसदी गांव ओडीएफ प्लस हो चुके हैं। इनमें 18 गांव ओडीएफ प्लस मॉडल गांव है। दूसरे गांवों के ग्रामीणों को भी मॉडल गांव बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। इस बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह आईएएस तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

विकास कार्य शुरू करवाने को लेकर मांग पत्र सौंपा

नपा कार्यालय में हवन यज्ञ भी करवाया

सात दिन में विकास कार्य शुरू नहीं हुए तो देंगे सांकेतिक धरने की चेतावनी : बलवान फौजी

सरकार व नगर पालिका अधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए पालिका कार्यालय में हवन यज्ञ का किया आयोजन

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

महेंद्रगढ़। शहर में विकास कार्य शुरू करवाने को लेकर सोमवार को लोगों द्वारा सरकार व नगर पालिका अधिकारियों की सद्बुद्धि के लिए पालिका कार्यालय में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। लोकसभा का चुनाव लड़ चुके बलवान फौजी के नेतृत्व में शहर में विकास कार्य शुरू करवाने को लेकर हवन के बाद नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर सात दिन में शहर में विकास कार्य शुरू नहीं हुए तो पालिका कार्यालय में सांकेतिक धरना दिया जाएगा। अगर सात दिन बाद फिर भी काम शुरू नहीं हुआ तो नगर पालिका कार्यालय में अनिश्तिकालीन धरना दिया जाएगा। समाजसेवी बलवान फौजी ने कहा कि काफी सालों से महेंद्रगढ़ शहर का बुरा हाल है। शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए है। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट, 11 हट्टा बाजार की सडक़ जर्जर अवस्था में है। डीएमसी की टेबल पर शहर के विकास कार्या की फाईल पेंडिग पड़ी है। सरकार व अधिकारी नगर पालिका में काम करने की नीयत साफ करें और भ्रष्ट अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से बदला जाए। उन्होंने कहा कि नगर पालिका में कोई भी काम सुचारू रूप से नहीं चल रहा, सचिव भ्रष्टाचार के माध्यम से जेल जा चुका है और जेई पहले जहां कार्यरत था वहां से भ्रष्टाचार के मामले में बिन सैलरी पर है और जब यहां कार्यरत है। एमई को सरकार ने अतिरिक्त जगह कार्यभार दे रखा हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका के एक अधिकारी ने कुछ समय पहले अपने रिश्तेदारों को टेंडर दे रखे हैं। अधिकारी के रिश्तेदारों की कंपनियों ने शहर में कोई काम नहीं किया। शहर में रोड न बनना, सडक़ों की हालरत खराब, नालों की सफाई, मकानों के नक्शे, एनडीसी, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, दस्तावेज वेरिफिकेशन, परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी बिल, प्रोपर्टी आईडी जैसे नगर पालिका में काम नही हो रहे है। 11 हट्टा बाजार के टेंडर में गड़बड़ी, शहर के कचरे, स्ट्रीट लाइट व सडक़ों की हालत खराब है। इन सब कामों में अधिकारी भ्रष्टाचार के मामले में लिपित है। इन अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से हटाकर उनकी जगह अच्छे अधिकारी को लाया जाए ताकि शहर के लोगों को असुविधा ना हो।

झूठी शिकायत देने वाले के खिलाफ होगी कानूनी कार्रवाई

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। दुभार्वनापूर्ण या आपसी रंजिश का बदला लेने के लिए पुलिस में झूठी शिकायतें देना लोगों पर भारी पडऩे लगा है। पुलिस झूठी शिकायत देने वालों पर धारा 182 आईपीसी के तहत कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों और थाना प्रबंधोंको को झूठी शिकायत दर्ज करवाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ 182 आईपीसी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिनके तहत थाना नांगल चौधरी पुलिस ने झूठा मामला दर्ज कराने पर एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 182 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 25 अक्टूबर 2020 को आकोली निवासी एक व्यक्ति ने थाना नांगल चौधरी में मारपीट का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी निष्पक्षता से जांच की, जांच में पाया कि व्यक्ति ने झूठा मामला दर्ज कराया था। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके खिलाफ धारा 182 आईपीसी के तहत कार्रवाई की है। एसपी ने आमजन से अपील की है कि पुलिस में किसी के खिलाफ किसी भी प्रकार की झूठी सूचना/शिकायत न दें या झूठा मामला ना दर्ज कराएं, अन्यथा झूठी ऐसा करने वाले के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि किसी भी मामले में झूठा केस दर्ज कराने वाले के खिलाफ आईपीसी की धारा 182 के तहत कार्रवाई की जाती है। धारा 182 के तहत झूठी सूचना/जानकारी/शिकायत देने पर सजा का प्रावधान है। केस की जांच में साबित हो जाता है कि शिकायतकर्ता द्वारा झूठी शिकायत दी गई तो धारा 182 के तहत उसके खिलाफ कार्रवाई होती है। इसमें 6 महीने की सजा और जुर्माना भी हो सकता है।

सर्व समाज की जागरूकता से सुधरने लगा है लिंगानुपात: मंजू कौशिक

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। सर्व समाज की जागरूकता से धीरे धीरे लिंगानुपात में सुधार होने लगा है। गर्भ में कन्या भ्रूण की हत्या रोके जाने को लेकर महिलाओं के साथ साथ अब पुरुष भी जागरूक होने लगे है। इतना ही नही चिकित्सकों द्वारा भी भ्रूण हत्या जांच पर पूरी तरह अंकुश लगाए जाने से अब लडक़ा लडक़ी में भेदभाव लगभग समाप्ति की ओर है। मोहल्ला निमडी नीचे वार्ड नंबर 5 में दादी कृष्णा देवी के घर जन्मी नवजात पौत्री के जन्म पर आयोजित कुआं पूजन कार्यक्रम में सोनी परिवार को सम्मानित करते हुए यह संदेश राष्ट्रपति अवॉर्डी एवं नगर पालिका की उपप्रधान मंजू कौशिक ने दिया। 27 जुलाई को अनुराधा पत्नी जितेंद्र सोनी ने जैसे ही कन्या को जन्म दिया सभी परिजनों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया की नवजात कन्या के जन्म को लडक़े के जन्म के रूप में पर्व की तरह मनाया जाएगा। इतना ही नही ननिहाल पक्ष से भी नाना नानी ने लडक़े के जन्म की तरह छूछक देकर संदेश दिया की लडक़ा लडक़ी में भेदभाव समाप्त किया जाना चाहिए। गत दिवस सभी परंपराओं का निर्वहन करते हुए नवजात कन्या की मां का धूमधाम से कुंआ पूजन करवाया गया।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक आयोजित

हादसा होने पर हम कितने तैयार, एडीसी वैशाली सिंह की अध्यक्षता में हुई समीक्षा

विभागों की भौतिक एवं मानव संसाधनों की सूची मांगी

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। कोई भी आपदा बताकर नहीं आती। ऐसे में सभी विभाग संभावित प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं को ध्यान में रखते हुए अपने संसाधनों को अपडेट रखें। यह बात अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली सिंह ने आज लघु सचिवालय में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के तहत बुलाई विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक में कहीं। किसी भी प्रकार के बड़े हादसे होने पर हम कितने तैयार हैं, इस बारे में इस बैठक में समीक्षा की गई। एडीसी ने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की जिम्मेदारी तथा कार्य के संबंध में समय-समय पर अपने मातहत कर्मचारियों को जानकारी देते रहें। साथ ही सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि वे अपने विभाग की भौतिक एवं मानव संसाधनों की सूची उपलब्ध करवाएं। उन्होंने कहा कि अगर हमारे पास सभी तैयारी पहले से ही होंगी तो किसी भी प्रकार की आपदा होने पर कम से कम टाइम में रिस्पांस दे सकेंगे। इसी प्रकार सभी एनजीओ तथा अन्य संगठन की सूची भी हमेशा तैयार रहनी चाहिए, ताकि जरूरत पडऩे पर उनकी सहायता ली जा सके। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि किसी भी तरह के बड़े हादसे होने पर ऑपरेशन क्षेत्र, प्लानिंग तथा लॉजिस्टिक का अधिक रोल रहता है। इन सभी के बारे में अपनी जिम्मेदारी का पहले से ही पता होना चाहिए। साथ ही सभी विभाग अपने-अपने नोडल अधिकारी भी लगाएं। इस संबंध में स्कूल व कॉलेजों में बच्चों को लगातार जागरूक भी किया जाए। उन्होंने कहा कि हमें हमेशा ही मानसिक तौर पर अलर्ट रहना चाहिए। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े हादसे होने पर उनसे निपटने के बारे में कार्य योजना भी बताई गई। इस बैठक में एसडीएम नारनौल मनोज कुमार, एसडीएम कनीना सुरेंद्र कुमार, डीएसपी जितेंद्र कुमार, जिला राजस्व अधिकारी सुशील शर्मा के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे।

जानकी अम्मल की जयंती पर हकेवि में कार्यक्रम आयोजित

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

महेन्द्रगढ़। जानकी अम्मल की 125वीं जयंती के अवसर पर हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के अध्यक्ष व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने दीप प्रज्जवलन कर किया। प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संबोधन में जानकी अम्मल के व्यक्तित्व की प्रशंसा करते हुए उनके चरित्र को आचरण में लाने के लिए छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम की सहसंरक्षक व विश्वविद्यालय की समकुलपति प्रो. सुषमा यादव ने आभासीय माध्यम से शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विश्वविद्यालय की प्रथम महिला व भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुनीता श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में कहा कि जानकी अम्मल अद्भुत व्यक्तित्व की धनी वैज्ञानिक महिला थीं, हम सभी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की विशिष्ट कार्यक्षमता व कार्यशैली महिलाओं को ईश्वर की विशेष देन है। प्रत्येक महिला में देश व समाज के लिए कुछ अच्छा करने की क्षमता है। प्रो. श्रीवास्तव में छात्राओं द्वारा दी गई सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की भी सराहना की। डॉ. सुमन रानी ने बताया कि जानकी अम्मल की जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय के जानकी अम्मल छात्रावास में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इनमें गीत गायन, एकल नृत्य, रैम्प वॉक, सामूहिक नृत्य के साथ कमरों की साफ-सफाई व पोस्टर मेंकिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में प्रो. पायल चंदेल, प्रो. सुशीला, डा. रेनु, डा. सविता बुधवार, डा. मनीष कुमार निर्णायक मंडल के सदस्यों के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 250 विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। इस आयोजन में मंच का संचालन कविता ने तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन वार्डन डॉ. सुमन रानी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रो. सुनील कुमार, प्रो. मनोज कुमार, डॉ. अरुण कुमार सहित विभिन्न शिक्षक भी उपस्थित रहे।

मांगों को लेकर सफाईकर्मियों ने दिया खंड कार्यालय में धरना

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। स्थाई रोजगार की मांग व समान काम समान वेतन तथा नए कर्मचारियों की भर्ती सहित 16 शुत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के ग्रामीण सफाई कर्मचारी 28 दिन से हड़ताल पर बैठे हुए हैं। सोमवार को खंड सिहमा में भी धरने की शुरुआत की ओम प्रकाश की अध्यक्षता में किया गया। जिला प्रधान बसंत कुमार ने कहा कि सफाई कर्मचारी सभी मांगों को जायज मानते हुए प्रदेश के सरपंच संगठन,आशा वर्कर,आंगनवाड़ी वर्कर हेल्पर, किसान यूनियन सहित तमाम संगठन हमारे समर्थन में खड़े हुए हैं। सरकार दमन विरोधी नीति को छोड़ें और कर्मचारियों को भी इंसान समझते हुए हमसे वार्ता करें। हमारी समस्याओं व मांगों का समाधान करें अन्यथा यह आंदोलन और भी तेज किया जाएगा। इसका खामियाजा सरकार को 2024 में भुगतना पड़ेगा। जिला सचिव बसंत कुमार ने कहां की हमारी प्रमुख मांगे विधानसभा में पॉलिसी बनाकर सफाई कर्मचारियों को पक्का करें व सभी सफाई कर्मचारियों का एक समान वेतन 26 हजार रुपए मासिक लागू करें। इसके अलावा 400 की आबादी पर एक सफाईकर्मी की नियमित भर्ती की जाए।सभी सफाई कर्मचारियों को बीडीपीओ के पैरोल पर लिया जाए।

हमारा हर तरह से किया जा रहा है शोषण

इस मौके पर महिपाल ने बताया की हम सबसे महत्वपूर्ण और जोखिम भरा गंदगी साफ करने का काम करते हैं। इसके बदले में हमें गुजारे लायक वेतन भी नहीं दिया जाता तथा सरकार ने सफाई कर्मचारियों के वेतन में अलग-अलग नाम देकर कटौतियां करके एक हांडी में 6 पेट बना दिए हैं। हमारा काम एक समान है, लेकिन वेतन एक समान नहीं दिया जाता व वेतन कई कई महीने देरी से दिया जाता है हमारे सभी त्यौहार काले मनते आ रहे हैं। हमे हर साल दिवाली बोनस या कोई भी तोहफा नहीं मिलता। हर त्यौहार पर हम अपने बच्चों की आंखों में निराशा देखते हुए बहुत विचलीत हो जाते हैं। हमारा हर तरह से शोषण किया जा रहा है। सरकार हमें वोट बैंक तथा गंदगी साफ करने की मशीन से ज्यादा कुछ नहीं समझती।

एक्स ग्रेशिया नीति के तहत मृतक के परिवार से एक सदस्य को नौकरी दी जाए तथा बच्चों की पढ़ाई के लिए शिक्षा भत्ता व दिवाली पर बोनस दिया जाए। बेगार तथा शोषण से बचाने व हाजिरी रिकार्ड के लिए पढ़े लिखे सफाई कर्मचारियों को सुपरवाइजर बनाया जाए। इस धरने में कृष्ण कुमार बोयत, जिला सचिव अमित कुमार, सलाहकार ईश्वर, सीताराम, विक्की, विजय कुमार, समसु इत्यादि सफाई कर्मी उपस्थित थे।

अधिकार यात्रा रामबास गांव से बहुजन अधिकार यात्रा हुई शुरू

भाजपा सरकार अटेली के लोगों की महत्वपूर्ण मांगों को कर रही है नजर अंदाज : अतर लाल

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

महेन्द्रगढ़। बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी ठाकुर अतरलाल एडवोकेट ने अटेली विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख मांगों को लेकर जिला के रामबास गांव से बहुजन अधिकार यात्रा शुरू की। यात्रा शुरू करने से पहले उन्होंने गांव के अम्बेडकर पार्क में स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। यहाँ अतरलाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने इलाके की मांगों को पूरा करवाने के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। हंसराज यादव, बनवारीलाल पूर्व सरपंच, लालचंद शर्मा, सतपाल दहिया, भाग सिंह तंवर ने कहा कि अतरलाल की बहुजन अधिकार यात्रा से अटेली के लोगो का मान सम्मान बहाल होगा और अटेली की ज्वलंत मांगें जल्दी पूरी होंगी। इस अवसर पर संदीप, अनिल, सतपाल, हंसराज यादव, महेन्द्र सिंह, कर्णसिंह, सोमबीर, राजबीर, पुष्पेंद्र, अतरसिंह, सूरजभान, विकास, धर्मपाल, तेजपाल, हरद्वारीलाल, ईश्वरसिंह, वेदप्रकाश, रामकिशन, बलजीत, विरेन्द्र, चन्द्रभान, सुभाष, रमेश, सुभाश, मंजीत, नितानंद, सुरजभान, रामौतार, कर्ण शास्त्री, मुनेश, कैलाश सेठ, राजबीर गौड़, पवन धनखड़ सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित थे।

विपक्ष के नेता के तौर पर यह यात्रा निकाल रहे है अतरलाल

अतरलाल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि वे अटेली में विपक्ष के नेता के तौर पर यह यात्रा निकाल रहे हैं। राज्य सरकार अटेली विधानसभा क्षेत्र के लोगों की महत्वपूर्ण मांगों को नजरअंदाज कर रही है। जिसके कारण लोगो में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि बहुजन अधिकार यात्रा के द्वारा वे सरकार को मांगें पूरी करने के लिए मजबूर कर देंगे और अटेली के हक-हक़ूक अधिकार और मांगें लेकर रहेंगे। इस अवसर पर उन्होंने कनीना में ट्रामा सेंटर तथा लेबर आफिस स्थापित करने, अटेली को उपमंडल तथा दौंगड़ा अहीर को उपतहसील का दर्जा देने, अटेली विधानसभा क्षेत्र में आई.एम.टी. स्थापित करने, युवाओं को रोजगार देने, मनरेगा का बजट व दिहाड़ी बढ़ाने तथा जॉब गारंटी 100 दिन के स्थान पर 300 दिन करने, 152 डी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाघोत और सेहलंग के बीच कट का कार्य तत्काल शुरू करने तथा अटेली में फाटक नम्बर 30 पर निर्माणाधीन अंडरपास का कार्य शीघ्र पूरा करने की मांग की।

7 page 6_01.qxd 11/6/2023 10:30 PM Page 1

खबर फटाफट

ताइक्कांडो जेपीएस के खिलाड़ियों का जलवा, आठ गोल्ड सहित जीते 12 पदक

रेवाड़ी। ताइक्कांडों में जैन पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाते हुए आठ गोल्ड सहित 12 पदक प्राप्त किए। वहीं नौ खिलाडि ों को राष्टीय प्रतियोगिता के लिए भी चुना गया। इसके अतिरिक्त टेबल टेनिस की दो छात्राओं को भी राष्टीय स्तर के लिए चुना गया है।मीडिया प्रभारी गोपाल शर्मा ने बताया कि पटियाला में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर ताइक्कांडो प्रतियोगिता में चार गोल्ड सहित छह पदक प्राप्त किए। ताइक्कांडो कोच दीपक पंडित के मार्गदर्शन में अंडर-19 वर्ग में नवीन व आर्यन तथा अंडर-17 में अंश एवं अंडर-14 में रिद्धीमान ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया, जबकि अंडर-19 वर्ग के अविरल ने सिल्वर मैडल तथा अर्हम ने ब्रोंज मैडल प्राप्त किया। इनमें से पाँच खिलाड़ियों को राष्टीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। एसजीएफआई स्टेट ताइक्कांडो टूर्नामेंट में भी स्कूल के छह बच्चों ने पदक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस प्रतियोगिता के अंडर-19 वर्ग में नवीन व आर्यन तथा अंडर-17 में अंश एवं अंडर-14 में लव्या ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि अंडर-19 वर्ग में काव्य प्रताप तथा अंडर-17 में हर्ष ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक चार खिलाडि ों का चयन राष्टीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। पानीपत में आयोजित राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर छात्रा अक्षिता एवं प्राची को राष्टीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए चुना गया। प्रबंधन समिति के साथ-साथ प्रधानाचार्या सोनल छाबड़ा व मुख्याध्यापिका विजय गुप्ता ने सफलता की सराहना करते हुए खेल विभाग को शुभकामनाएँ दीं।

लाभार्थी अक्टूबर का सरसों का तेल डिपो धारक से 30 नवंबर तक कर सकते हैं प्राप्त

रेवाड़ी। खाद्य नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता मामले विभाग हरियाणा द्वारा जनहित में माह अक्टूबर 2023 हेतु आवंटित सरसों तेल के वितरण की अवधि 30 नवंबर 2023 तक बढा दी गई है। जो लाभार्थी माह अक्टूबर 2023 हेतु आवंटित सरसों तेल प्राप्त करने से वंचित रह गये हैं वे 30 नवंबर तक डिपो धारक से अपना माह अक्टूबर 2023 का सरसों तेल प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता मामले नियंत्रक रेवाड़ी अशोक कुमार ने दी।

श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री अनूप धानक कल रेवाड़ी में

रेवाड़ी। जिला के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की मासिक बैठक बुधवार, 8 नवंबर को दोपहर 12 बजे बाल भवन रेवाड़ी स्थित ऑडिटोरियम में श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक की अध्यक्षता में आयोजित होगी। नगराधीश जयप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में डेढ़ दर्जन परिवादों की सुनवाई की जाएगी। नगराधीश ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 13 नए परिवाद सहित पिछली बैठक में लंबित 2 परिवाद निपटारे के लिए रखे जाएंगे, जिनकी सुनवाई श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक द्वारा की जाएगी। परिवाद कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद रेवाड़ी, बीडीपीओ खोल, बीडीपीओ डहीना, बीडीपीओ जाटूसाना, बीडीपीओ रेवाड़ी, उपनिदेशक पशुपालन रेवाड़ी, कार्यकारी अभियंता डीएचबीवीएन धारूहेड़ा, कार्यकारी अभियंता डीएचबीवीएन कोसली, पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रेवाड़ी, जिला शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी से संबंधित हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्धारित तिथि व समय पर रिपोर्ट सहित बैठक में पहुंचने के निर्देश दिए हैं।

जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि आज

आईजीयू मीरपुर में 20 व 21 नवंबर को होगा 30वें जिला युवा महोत्सव का आयोजन

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार द्वारा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के माध्यम से जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडने् एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से मीरपुर (रेवाड़ी) स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में 30वें जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 20 व 21 नवंबर को किया जाएगा, जिसके लिए युवा 7 नवंबर तक पंजीकरण कराकर जिला युवा महोत्सव में भागीदारी कर सकते हैं। यह जानकारी डीसी राहुल हुड्डा ने दी। उन्होंने कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला युवा महोत्सव बारे सभी खंडों में जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिला युवा महोत्सव विलुप्त होती लोक कला को संजोने का हरियाणा सरकार का बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि 20 व 21 नवंबर को रेवाड़ी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला युवा महोत्सव के दौरान 750 रुपए से लेकर 15000 रुपए तक के 48 नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क किया जा सकता है। ई-मेल आईडी पर आवेदन पत्र भेजकर भी पंजीकरण कराया जा सकता है। जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच तथा परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। जिला युवा महोत्सव के दौरान लोक नृत्य, लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव उपरांत 5 से 7 दिसंबर तक राज्य स्तरीय युवा महोत्सव तथा स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर अगले वर्ष 12 से 16 जनवरी तक राष्ट स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप, मामला दर्ज

तावडू। उपमंडल के एक गांव से युवती को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने का मामला सामने आया हैं। वहीं पुलिस ने पीडिता युवती के पिता की शिकायत पर एक नामजद व अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पीडिता युवती के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया की गत 31 अक्टूबर की रात सभी परिवार के सदस्य सोए हुए थें। जब वह करीब सुबह 5 बजे उठा तो उसकी पुत्री गायब मिली। जबकि कुंदी बाहर से लगीं हुई थीं, जो पड़ोसी ने खोली। उसके बाद वह परिवार के अन्य सदस्यों के साथ मिल अपने स्तर पर छानबीन करते रहें। गत 1 नवंबर की शाम करीब 5 बजे उसके पुत्र के मोबाइल पर कॉल आई, तो पुत्री ने कहा की उसे जिला रेवाडी के गांव बीकानेर निवासी मिंटू लेकर गया हैं। अब वह उसे अपने घर ले जानें की बात कर रहा हैं। उसे करीब 9 बजे दूसरे नम्बर पर कॉल आई तो मिंटू की मां ने उसकी घरवाली से कहा की वह पुत्री को दो तीन महीने अपने घर रख लो।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कोसली में ग्रामीणों से किया जनसंवाद

अब किसी का हक नहीं मारा जाता : यादव

■ दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर चल रही केंद्र व प्रदेश सरकार : ओमप्रकाश यादव

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत पर चल रही है। अब किसी गरीब का हक नहीं मारा जाता। सरकार ने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से गरीब का हक सुरक्षित करने का काम किया है। ओमप्रकाश यादव 'जनसवांद' कार्यक्रमों की श्रृंखला में सोमवार को कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव कंवाली, लिसान व कारोली में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे थे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने 'जनसंवाद' कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की योजनाओं के संबंध में नागरिकों का फीडबैक भी लिया। गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री पगडि ों व फूल मालाओं से जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया।

रेवाड़ी को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के रूप में मिलने जा रही 'एम्स' की सौगात

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि पिछले 9 सालों में सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य व कृषि सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रदेश के हर क्षेत्र में विकास कार्य करवाए हैं। उन्होंने कहा कि दक्षिणी हरियाणा को सरकार ने कई बड़ी सौगात दी है। रेवाड़ी को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के रूप में एम्स की सौगात मिलने जा रही है, जिसका शिलान्यास जल्द ही होगा। उन्होंने कहा कि पहले नहरों में पानी देखने को नहीं मिलता था। वर्ष 2014 के बाद सरकार बनने के बाद नहरों का पुनरुद्धार किया गया। अब दक्षिणी हरियाणा को पहले के मुकाबले दोगुने से भी अधिक पानी मिल रहा है। प्रदेश के 6500 सौ गांवों में से 5800 गांवों में 24 घंटे बिजली मिल रही है तथा अन्य गावों में भी 18 घंटे बिजली दी जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले सड ों की हालत दयनीय थी। वर्तमान सरकार ने सड ों की स्थिति बदलने का काम किया है। अब 152-डी से चंडीगढ़ जाने में महज साढ़े तीन से चार घंटे का समय लगता है। हर जिला में 2-3 नेशनल हाइवे बनाए गए हैं।

मनोहर सरकार ने प्रदेश से खत्म किया खर्ची-पर्ची सिस्टम

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि हरियाणा की मनोहर सरकार ने प्रदेश से खर्ची-पर्ची का सिस्टम खत्म कर दिया है। प्रदेश से भ्रष्टाचार और पर्ची-खर्ची के दिन गए। प्रदेश सरकार ने योग्य युवाओं को बिना खर्ची-पर्ची के पारदर्शी तरीके से नौकरियां दी हैं, जिसकी बदौलत प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को उनकी योग्यता और मेरिट के आधार पर नौकरी मिली है। सरकार द्वारा जिला रेवाड़ी में युवाओं के योग्यता के आधार पर 4267 सरकारी नौकरियां दी गई हैं। अब नौकरी पाने के लिए किसी के पीछे भागने की जरूरत नहीं है, बल्कि अपने बच्चों को अच्छी अच्छी दिलाओ, ताकि वह अपनी योग्यता से बलबूते स्वयं ही नौकरी प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन का काम किया है। अब परिवार पहचान-पत्र के माध्यम से लोगों को पीला राशन कार्ड, बुढ़ापा पैंशन, चिरायु कार्ड सहित अनेक योजनाओं का लाभ स्वत- ही सीधे तौर पर मिल रहा है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश करोली, लिसान व कंवाली में पहुंचकर ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए रूबरू हुए और उनकी बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं सहित परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन व अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व व मार्गदर्शन में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जनसंवाद के माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं व शिकायतें सीधे तौर पर जन प्रतिनिधियों के माध्यम से सरकार तक पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनसंवाद कार्यक्रम से जन कल्याण करने का काम किया है। जनसंवाद का उद्देश्य लोगों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हुए उन्हें सुविधाएं प्रदान करना है।

आज रेवाड़ी क्षेत्र के गांवों में करेंगे 'जनसंवाद'

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव मंगलवार 7 नवंबर को रेवाड़ी विधानसभा के गांव कालूवास में सुबह 10 बजे, काकोडि ा में सुबह 11ः30 बजे, खिजूरी में दोहपर 12ः30 बजे तथा निखरी में दोपहर 1ः30 बजे ग्रामीणों से जनसंवाद करेंगे। जनसंवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह यादव व एसडीएम कोसली जयप्रकाश सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक ने सैकड़ों साथियों सहित एम्स संघर्ष समिति को दिया अपना समर्थन

क्षेत्र के पिछड़ेपन के लिए केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह जिम्मेवार : चिरंजीव राव

■ सरकार को हिलाना है एम्स को बनवाना है : चिरंजीव

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। मनेठी में एम्स बनवाने की मांग को लेकर कुंड में धरने पर बैठी एम्स संघर्ष समिति के आह्वान पर सोमवार को महिलाओं ने मोर्चा संभाला। रेवाड़ी विधायक चिरंजीव राव भी सैकड़ो कार्यकर्ताओं के साथ धरना स्थल पर पहुंचे और एम्स संघर्ष समिति को तन-मन-धन से अपना समर्थन दिया। इस मौके पर महिला पंचायत को संबोधित करते हुए रेवाड़ी विधायक चिरंजीव राव ने कहा करनाल से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाली भाजपा सरकार के राज में आज महिलाओं को एम्स की मांग के लिए धरना देना पड़ रहा है। जबकि इलाके ने एम्स की मांग नहीं की थी बल्कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने स्वयं 2015 में कहां था कि मनेठी हरियाणा में एम्स बनाया जाएगा। लेकिन मात्र 3 वर्ष बाद 2018 में मुख्यमंत्री ही बोलते हैं की अति उत्साह में मैंने एम्स की घोषणा की थी। तभी से पूरा इलाका व एम्स संघर्ष समिति एम्स को लेकर संघर्ष कर रही है। अब जनता का भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कभी अनशन, कभी धरना प्रदर्शन, कभी पैदल मार्च और न जाने कितने अथक प्रयास इलाके की जनता ने किए, जब जाकर भाजपा सरकार को झुकना पड़ा और 2019 में प्रधानमंत्री को यहां के एम्स की घोषणा करनी पड़ी थी। उसके बाद धरने पर बैठे यहां के लोग धरने से उठ गए थे। लेकिन जनता को क्या पता था कि यह बीजेपी का एक और जुमला है और चुनाव के बाद एम्स को भूल जाएंगे। यहां के लोगों ने सवेच्छा से 200 एकड़ जमीन भी एम्स के लिए सरकार को दे दी है। जबकि 2019 के बाद तीन एम्स की घोषणा देश में की गई और उनकी बिल्डिंग बनने लग रही हैं लेकिन हमारे एम्स का तो शीलान्यास तक नहीं किया गया है। इससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा सरकार की इच्छा शक्ति नहीं है एम्स बनवाने की। वहीं यदि बात करें यहां के मौजूदा सांसद राव इंद्रजीत सिंह की तो उनका मोनव्रत साढे चार साल के बाद ही खुलता है। चुनाव के नजदीक ही उनको इलाका और जनता की याद आती है। पिछडेपन का कारण केवल राव इंद्रजीत सिंह हैं।

एम्स संघर्ष समिति के धरने को संबोधित करते रेवाड़ी विधायक चिरंजीव राव।

कहा, बजट में एम्स के लिए सरकार ने कोई पैसा नहीं दिया, टेंडर कैसे लगेंगे?

विधायक चिरंजीव राव ने कहा बजट में एम्स के लिए सरकार ने कोई पैसा ही पारित नहीं किया है तो फिर टेंडर कैसे लगेंगे। टेंडर वाली बात भाजपा सरकार झूठ बोल रही है तभी कभी तो कंपनी का बहाना लगाया जा रहा है तो कभी कोई और बहना, जबकि असलियत चुनाव आते देख भाजपा सरकार द्वारा जनता को एक बार फिर बरगलाने की कोशिश की जा रही है। टेंडर के लिए पहले सरकार ने 3 नवंबर तक का समय अपनी साइट पर डाला था लेकिन 3 नवंबर तक का इंतजार न करके पहले ही कंपनी के बहाने से टेंडर को रद्द कर दिया। इससे सरकार की मनसा पर सवाल उठता है क्योंकि मौजूदा भाजपा सरकार एम्स को केवल राजनीतिक मुद्दा बनाना चाहती है और पिछले चुनाव की तरह इस बार के चुनाव में भी एम्स के नाम पर लोगों को गुमराह कर वोट हथियाना चाहती है। लेकिन काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। सबसे बड़ी बात है जब बजट में एम्स के लिए पैसा ही नहीं दिया तो सरकार एम्स कहां से बनवाएगी। विधायक चिरंजीव राव ने कहा जनता अब जान चुकी है कि कांग्रेस पार्टी के शासनकाल में जिस तरह से इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय और सैनिक स्कूल बना था इस तरह से यहां पर एम्स भी कांग्रेस पार्टी ही बनवाएगी।

एम्स के नाम पर लोकसभा व विधानसभा चुनाव में वोट हड़पने की राजनीति के गिरावट की पराकाष्ठा

रेवाड़ी। स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने आरोप लगाया कि माजरा एम्स के नाम पर लोकसभा व विधानसभा चुनाव 2024 में वोट हडपने की जिस तरह औच्छी व गंदी चाले भाजपा चल रही है, वह राजनीतिक गिरावट की पराकाष्ठा है। विद्रोही ने आरोप लगाया कि 2019 लोकसभा व विधानसभा चुनाव में अहीरवाल की एकतरफा वोट हडपने भाजपा ने जिस तरह एम्स के नाम पर जनता का भावनात्मक शोषण करने चुनाव से ठीक पूर्व 28 फरवरी 2019 को एम्स को मोदी केबिनेट ने स्वीकृत किया था, उसी तरह अब पांच साल बाद भी भाजपा अहीरवाल के मतदाताओं का भावनात्मक शोषण करने लोकसभा चुनाव से ठीक पूर्व जनवरी या फरवरी के प्रथम सप्ताह के आसपास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माजरा एम्स का शिलान्यास नौटंकी करके अहीरवाल को मूर्ख बनाकर वोट हडपने की बिसात बिछा चुकी है। सवाल उठता है कि 4 नवम्बर 2023 को खुलने वाले टेंडर को 31 अक्टूबर 2023 को अचानक यह कहकर क्यों रद्द किया गया कि केवल एक ही टेंडर बिड आई था, जो नियमों के विरूद्ध था। क्या सरकार को पहले नही पता था कि माजरा एम्स के लिए एक कम्पनी ने ही बिड की है? विद्रोही ने सवाल किया कि जब 31 अक्टूबर 2023 को केन्द्र सरकार माजरा एम्स का टेंडर रद्द कर चुकी थी तो फिर हरियाणा सरकार को 4 नवम्बर 2023 को चंडीगढ़ में प्रदेश के सभी अखबारों में यह प्रायोजित खबरे छपवाने की क्या जरूरत थी कि 15 नवम्बर के आसपास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा माजरा एम्स शिलान्यास करने की संभावना है? भाजपा सरकार की उक्त तिकडमी चाले बताती है कि वह दोगली बोली बोलती है और सबकुछ जानते हुए भी लोगों को ठगने के लिए झूठ पर झूठ बोलती रहती है।

नशीला पदार्थ बेचने के दो आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपियों से 39.40 ग्राम सुल्फा तथा 15.10 ग्राम सुल्फा बरामद

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश में कार्य करते हुए पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ बेचने के अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना रामपुरा पुलिस ने गांजा बेचने के मामले में मौहल्ला गुलाबी बाग निवासी रमेश कुमार पुत्र सुभाष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 39 ग्राम 40 मिलीग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद किया है। जांचकर्ता ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि नशीला पदार्थ बेचने का कार्य करने वाला गुलाबी बाग निवासी एक युवक अपने मकान के नजदीक गली में नशीला पदार्थ गांजा बेच रहा है। सूचना के बाद तुरन्त रैडिग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान रमेश कुमार पुत्र सुभाष निवासी मौहल्ला गुलाबी बाग के रूप में हुई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 39 ग्राम 40 मिलीग्राम नशीला पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना रामपुरा में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उधर, थाना बावल पुलिस ने सुल्फा बेचने के आरोपी पीवरा की ढाणी, गजीवास निवासी विशाल पुत्र दिनेश गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 15 ग्राम 10 मिली ग्राम अवैध नशीला पदार्थ सुल्फा बरामद किया है। जांचकर्ता ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि पीवरा की ढाणी निवासी युवक नशीले पदार्थ बेचने का धंधा करता है। जो आज साबन रोड पर बणी के पास खड़ा है। जिसके पास नशीला पदार्थ सुल्फा है। सूचना के बाद तुरन्त रैडिग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंचकर आरोपी को काबू कर लिया गया। जिसकी पहचान विशाल पुत्र दिनेश गुप्ता के रूप में हुई। ड्यूटी मजिस्ट्रेट को साथ लेकर आरोपी की तलाशी ली गई तो आरोपी के कब्जे से 15 ग्राम 10 मिली ग्राम अवैध नशीला पदार्थ सुल्फा बरामद हुआ। जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना बावल में नशीला पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

निर्माणाधीन शोरूम का शटर उखाड़कर लाखों की शैटरिंग प्लेटें चोरी

रेवाड़ी। बीती रात्रि शहर के दिल्ली रोड़ स्थित एक नवनिर्मित शोरूम के अंदर से लाखों रुपये की लोहे की शटरिंग प्लेटें चोरी कर ली गई। चोरी की यह वारदात पड़ोस में लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। चोरी को अंजाम देने में दो महिलाएं भी शामिल रही। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार प्रवीण ठेकेदार ने बताया कि उसने शहर के दिल्ली रोड़ स्थित बालाजी मार्केट में एक शोरूम बनाने का ठेका लिया हुआ है।शोरूम के निर्माण के चलते उसने साइट पर शटरिंग लगाई हुई है।

धोखाधड़ी

डीएमसी में सुपरवाइजर लगाने के नाम पर

युवक से साढ़े चार लाख की ठगी, फर्जी ज्वाइनिंग लेटर थमाया

भरोसा मित्र ब्यूरो

रेवाड़ी। जिले के गांव असदपुर निवासी एक युवक को नई दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल में सुपरवाइजर लगवाने के नाम पर एक व्यक्ति ने साढे चार लाख रुपये ठग लिए। ठग ने पीड़ित को फर्जी ज्वाइनिंग लेटर तक थमा दिया। शिकायत के बाद धारुहेड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार जिले के गांव असदपुर निवासी राहुल सैनी व उसी के गांव के मनतोष के बीच अच्छी जान-पहचान थी। मनतोष ने राहुल को बताया कि उसका एक साथी भूपेंद्र उसे सरकारी नौकरी लगवा सकता है। उसकी दिल्ली में बड़े अधिकारियों से जान-पहचान है। जिसके बाद राहुल मनतोष की बातों में आ गया तथा उसके साथ बहरोड़ के बिलानी निवासी भूपेंद्र से मिलने चला गया। बातचीत के दौरान भूपेंद्र ने मनतोष के जरिये राहुल को विश्वास दिलाया कि वह उसे न्यू दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल (एनडीएमसी) में बतौर सुपरवाइजर लगवा देगा। इसकी ऐवज में उसे साढे चार लाख रुपये देने होंगे। दोनों की बातों में आने के बाद राहुल ने चार लाख रुपये भूपेंद्र के खाते में ट्रांसफर कर लिए तथा 50 हजार रुपये नकद दे दिए। पैसे लेने के बाद काफी दिनों तक नौकरी को लेकर कोई बातचीत नहीं हुई। जिसके चलते राहुल ने भूपेंद्र से संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन उसने फोन तक नहीं उठाया। इसके उपरांत राहुल ने अपने ही गांव के मनतोष के पास फोन किया तो कुछ दिनों बाद भूपेंद्र ने उसके पास एक ज्वाइनिंग लेटर भेज दिया। जिसमें उसे मई तक ज्वाइनिंग करने की बात लिखी गई थी। लेटर को लेकर राहुल न्यू दिल्ली म्युनिसिपल काउंसिल कार्यालय में ज्वाइनिंग के लिए पहुंचा तो अधिकारियों ने बताया कि यह लेटर फर्जी है। जिसके बाद राहुल ने मनतोष तथा भूपेंद्र दोनों से संपर्क किया, लेकिन किसी से भी उसकी बात नहीं हुई। जिसके बाद पीड़ित राहुल ने दोनों की शिकायत मीरपुर पुलिस चौकी में की। राहुल ने बताया कि पुलिस ने दोनों आरोपियों को बुलाया गया। पुलिस के सामने भूपेंद्र ने समझौता करते हुए 40 हजार रुपये उसके खाते में ट्रांसफर कर दिए तथा शेष बचे चार लाख दस हजार रुपये के तीन चेक दे दिए। राहुल द्वारा चेक लगाने के बाद सभी चेक बाउंस हो गए। उसके बाद दोनों ने फोन उठाने बंद कर दिए। जिसके बाद राहुल ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन को दी। एसपी के आदेश पर धारुहेड़ा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाही शुरु कर दी है।

गैंगस्टर महेश सैनी की संपत्ति अटैच

रेवाड़ी। न्यायालय की ओर से गैंगस्टर महेश सैनी को भगोड़ा घोषित किए जाने के बाद सोमवार को उसकी प्रोपर्टी को कुर्क कर लिया गया। रेवाड़ी के तहसीलदार द्वारा न्यायालय को बताया गया कि गैंगस्टर की सात मरला जमीन, दो कार तथा चार मोटरसाइकिलें कुर्क की गई है। इसके अलावा रेवाड़ी की एक जमीन की प्रोपर्टी आईडी नहीं होने के कारण उसे प्रोपर्टी आईडी दुरुस्त कर अटैच करने का अनुरोध नगर परिषद सचिव को दिया गया है। गौरतलब है कि गैंगस्टर महेश सैनी पर रेवाड़ी तथा आसपास के क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक अपराधिक मामले दर्ज है। एक अपराधिक मामले की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. सुशील कुमार गर्ग की अदालत में चल रही है। इस मामले में महेश सैनी व उनको गुर्गों पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। सितंबर माह में न्यायाधीश डा. सुशील कुमार गर्ग की अदालत के आदेश उपरांत शहर थाना पुलिस ने गैंगस्टर महेश सैनी की चल-अचल संपत्ति का ब्योरा पेश कर दिया था। कोर्ट ने तहसीलदार को 31 अक्तूबर तक संपत्ति अटैच करने के आदेश दिए थे। संपत्ति अटैच की प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर कोर्ट ने तहसीलदार को तलब किया था। जिसके उपरांत तहसीलदार श्रीनिवास ने अदालत में उपस्थित होकर छह नवंबर तक प्रक्रिया पूरी करने का समय मांगा था। इसी के तहत सोमवार को तहसीलदार द्वारा कोर्ट में पेश होकर गैंगस्टर की संपत्ति को कुर्क करने संबंधी जानकारी दी।

घर में घुसे चोरों ने लाखों के जेवरात उड़ाए

रेवाड़ी। जिला सचिवालय के समीप स्थित पुराना हाउसिंग बोर्ड के एक मकान से चोर दिन-दहाड़े लाखों रुपये के जेवरात तथा दो गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। सूचना के बाद पहुंची मॉडल टाउन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार शहर के मौहल्ला नई आबादी निवासी महिला बिंदिया फिलहार जिला सचिवालय के निकट स्थित पुराना हाउसिंग बोर्ड में मकान लेकर किराये पर रह रही है। सुबह के समय बिंदिया अपने घर के मुख्य गेट की कुंडी लगाकर पास में ही स्थित मंदिर में गई थीं। जब मंदिर से वापस आई तो कमरे के अंदर से कुंडी लगी मिली। पड़ोसी की मदद से किसी तरह अंदर की कुंडी को खोला गया तो घर में सामान बिखरा हुआ मिला तथा श्मशान घाट की दीवार की ओर लगे रोशनदान के सरिये भी टूटे हुए मिले। बिंदिया के अनुसार चोर रोशनदास से घर में घुसे और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। उन्होंने बताया कि चोर घर से सोने क चेन, दो कानों के टॉप्स, दो सोने की रिंग, चांदी का छत्र, दो चांदी की ध्वजा, दो गैस सिलेंडर चोरी कर ले गए। चोरी की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना के बाद सेक्टर तीन चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने महिला की शिकायत मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

खबर फटाफट

निवर्तमान प्रधान राकेश धुन्ना ने मेम्बरों को बांटे पजेशन लैटर

फरीदाबाद। सैनिक सोसायटी का पिछले दस सालों से अधर में लटका प्रोजेक्ट सैनिक विहार सेक्टर-88 प्रोजेक्ट पूरा होने की कगार पर है। यहां 702 फ्लैट धारक है, जिन्हें निवर्तमान प्रधान राकेश धुन्ना ने पजेशन लैटर बांटे और हैंडओवर किया। राकेश धुन्ना ने बताया कि उक्त प्रोजेक्ट को लेकर पिछले दस सालों से संघर्ष चल रहा था और उन्होंने सदस्यों से वायदा किया था कि दीवाली से पूर्व वह उन्हें यह प्रोजेक्ट पूरा करके देंगे और अब यह प्रोजेक्ट पूरा होने के कगार पर पहुंच गया है। इस दौरान सैनिक विहार वेलफेयर के प्रधान सुशील शर्मा सहित अनेकों मेम्बरों व पदाधिकारियों ने राकेश धुन्ना का फूल मालाओं से स्वागत किया और कहा कि जो वायदा राकेश धुन्ना ने उनसे किया था, उन्होंने अपने प्रयासों के चलते उसे पूरा किया है, आज लोगों में खुशी की लहर है। गौरतलब है कि उक्त प्रोजेक्ट पिछले दस सालों से लंबित चल रहा था, जिसको लेकर निवर्तमान प्रधान राकेश धुन्ना ने लम्बी लड़ाई लड़ी और आखिरकार 702 परिवारों को अपने उनके आशियाने मिलने का रास्ता नजर आने लगा। इस मौके पर सैनिक सोसायटी के निवर्तमान प्रधान राकेश धुन्ना ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी हो रही है कि आज इस प्रोजेक्ट के मेम्बरों को उन्होंने पजेशन लैटर बांटे है और जो वायदा किया था, उसे पूरा करके दिखाया है और यह प्रोजेक्ट अंतिम पड़ाव पर है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को विश्वास दिलाया कि अगर वह और उनकी टीम दोबारा चुनी जाती है और वह सैनिक सोसायटी विहार-2 पर विचार करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी चुनावों में उनकी टीम के संभावित सदस्यों में सुशील शर्मा, पूनम आहुजा, अनीता दहिया, मिसेज मुनेश, महावीर सिंह, जयकिशन और अजय भड़ाना शामिल रहेंगे। उन्होंने सभी सैनिक सोसायटी वेलफेयर एसो. सभी सदस्यों का आभार जताते हुए सभी को दीपावली की बधाई दी और सोसायटी के पूर्व डायरेक्टर जयभगवान शर्मा, राघव जी, स्व. ओंकार निरंकार, अनीता दहिया, पूनम आहुजा, अंजू आदि का भी धन्यवाद किया तथा इस पूरे प्रोजेक्ट को सम्पूर्ण करवाने में राजीव भनोट, अशोक कुमार त्यागी, दौजी सिंह, नरेन्द्र छाबड़ा, कैलाश मुदगिल, आशीष गुप्ता, राकेश जयसवाल, सतीश, संदीप नेहरा, राधे श्याम गुप्ता, दिलीप पटवारी, शाहिद रजा, राजेन्द्र सिंह पालीवाल व अन्य सभी सदस्यों का विशेष योगदान व सहयोग रहा।

सरसों का तेल अब मिलेगा 20 रुपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से : डीसी

फरीदाबाद। डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि निदेशालय, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्त मामले विभाग, हरियाणा, चंडीगढ़ द्वारा मास अक्टूबर 2023 हेतु आंबटित सरसों तेल के वितरण की अवधि दिनांक 30.11.2023 तक बढ़ा दी गई है। इस प्रकार जो लाभार्थी मास अक्टूबर 2023 हेतु आबंटित सरसों तेल प्राप्त करने से वंचित रह गये है, वे अपने नजदीक डिपो धारक से दिनांक 30.11.2023 तक अक्टूबर 2023 का सरसों तेल प्राप्त कर सकते है। निदेशालय के निर्देशानुसार वर्तमान में सभी बीपीएल/एएवाई राशन कार्ड धारकों को 2 लीटर सरसों तेल प्रति कार्ड 20/- रूपये प्रति किलोग्राम के हिसाब से वितरण किया जा रहा है।

बढ़ते प्रदूषण को लेकर ग्रैप के नियमों की पालना के लिए कंट्रोल रूम स्थापित : डीसी

फरीदाबाद। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। उन्होंने बताया कि जिला में ग्रैप-4 को लागू किया गया है और इसी में ग्रैप 1, 2 व 3 को लेकर लागू किए गए प्रतिबंध भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि अगर नियमों की उलंघना मिलती है तो इसके लिए प्रदूषण नियंत्रण विभाग द्वारा एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिला में ग्रैप को लेकर सभी निर्माण कार्यों को बंद करवा दिया गया है। नगर निगम सहित सात अलग-अलग विभागों की टीमें बनाकर नियमों को लागू करवाने के लिए लगाई गई हैं। इसके साथ ही शहर में लगातार पानी का छिड़काव करने के लिए नगर निगम की स्मोग गन मशीनों को 24 घंटे कार्य पर लगाया गया है। इसके साथ ही फायर ब्रिगेड की गाडियों को भी छिड़काव के लिए लगाया गया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वह कूड़ा न जलाएं और इकट्ठा किए गए कूड़े को नगर निगम की गाडियों में ही डालें।इसके साथ ही उन्होंने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि है कि जितना अधिक संभव हो सके घरों से ही कार्य करें।

इंट्रा कॉलेज स्पोर्ट्स टूर्नामेंट और ओलंपिया 2023 में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

फरीदाबाद। मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज (एमआरआईआईआरएस) में तीन दिवसीय इंट्रा कॉलेज टूर्नामेंट 2023-24 का समापन हुआ। टूर्नामेंट के तहत संस्थान के विभिन्न विभागों से खिलाडियों ने बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन और फुटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर दमखम दिखाया। वहीं दूसरी ओर स्कूली छात्रों के लिए मानव रचना स्पोर्ट्स अकादमी, सेक्टर-14 में मानव रचना ओलंपिया 2023 का आयोजन किया गया। इस खेल प्रतियोगिता में मानव रचना स्कूलों के खिलाडियों ने खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एमआरआईआईआरएस में आयोजित हुए समापन समारोह में मानव रचना के खेल निदेशक सरकार तलवार व सीनियर क्रिकेट कोच किशोर सहित वरिष्ठ खेल अधिकारी सुमन सिहाग, वरिष्ठ बिलियड्र्स कोच अनिल सिंह रावत, सीनियर बॉक्सिंग कोच ओमबीर सिंह, वॉलीबॉल कोच अभिषेक त्यागी, बास्केटबॉल कोच तरुण कुमार, फुटबॉल कोच अजय कुमार ने विजेताओं को सम्मानित किया। एमआरआईआईआरएस में इंजीनियरिंग व टेक्नोलॉजी टीम का जलवा रहा बास्केटबॉल प्रतियोगिता के (महिला) वर्ग में डेंटल कॉलेज की टीम विजेता रही, जबकि पुरुष वर्ग में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने बाजी मारी। वॉलीबॉल महिला वर्ग में स्कूल ऑफ मीडिया स्टडीज एंड ह्यूमैनिटीज और स्कूल ऑफ डिजाइन की टीम जीती। वहीं वॉलीबॉल पुरुष वर्ग में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम को पहला स्थान मिला।

विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने पांच गांवों में ग्रामीणों से किया जन संवाद

देश और प्रदेश की सरकार ने पिछले नौ वर्षों में किया व्यवस्था परिवर्तनः नरेन्द्र गुप्ता

पोर्टल से घर बैठे मिल रही है सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सुविधाएंः विधायक राजेश नागर

लोगों की सामुहिक और निजी समस्याएं सुन कर अधिकारियो को दिए दिशा निर्देश

बदरौला, मधावली, चिरसी,भुआपूर और दादसिया गांव में किया जन-संवाद

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने सोमवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल का विशेष दूत बनकर तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पांच गांव बदरौला, मधावली, चिरसी, भुआपूर और दादसिया में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित करके लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकारों ने पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। विभिन्न पोर्टल के जरिये आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली पर घर बैठे लोगों को सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं की सुविधाएं मिल रही है। उनके साथ तिगांव के विधायक राजेश नागर भी मौजूद थे। विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि सरकार गरीब के साथ है और हर वर्ग की भलाई के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। सरकार ने प्रदेश और देश में पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं और उनके नेतृत्व में सरकार के मंत्री, सांसद गण, विधायक गण प्रदेश के सभी गावों और शहरों के वार्डो में पहुंच कर वहां पर जन संवाद कार्यक्रमों में उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुन रहे है और मांगो और सुझावों को साँझे कर उनका मौके पर निवारण करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य व शिक्षा सहित बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कर्तसंकल्प है। इसी कड़ी में सरकार के नुमाइंदे जनता के बीच जाकर जन संवाद कार्यक्रमों के जरिये लोगों की समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक वर्ग की भलाई के लिए लगातार कार्य कर रही है और प्रदेश के लोगों को हर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए कर्तसंकल्प है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने लोगों की भलाई के लिए आयुष्मान योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने चिरायु योजना को क्रियांवित किया है। इसका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ देना है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय भाजपा पार्टी की सरकार का है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनता की भलाई के लिए किए गए कार्यों को लेकर देश के लोग एकमत हैं। देश की तरह ही हरियाणा में भी मनोहर लाल की सरकार ने हमेशा प्रदेश के लोगों की भलाई को सबसे पहले रखा है और लोगों को हर सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए काम किया है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास की निति को क्रियान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश से भाई भतीजावाद को खत्म करने का काम किया है। मैरिट के आधार पर योग्य युवाओं को सरकारी नौकरियां मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आयुष्मान भारत योजना को क्रियान्वित करके गरीब परिवारों को पांच लाख रुपये की धनराशि तक मुफ्त में इलाज करवाया जा रहा है। वहीं प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में चिरायु योजना के दूसरे चरण का आरंभ किया गया है, जिसके तहत लगभग 14 लाख परिवारों को जोड़ा गया है। इस योजना के तहत कोई भी लाभार्थी परिवार एक वर्ष में पांच लाख तक का इलाज मुफ्त में करवा सकता है। विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने जन संवाद कार्यक्रमों में लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर मौजूद विभिन्न विभागों के अधिकारियों को समाधान के दिशा-निर्देश दिए। विधायक राजेश नागर ने विधायक नरेन्द्र गुप्ता का मुख्यमंत्री के मार्ग दर्शन में तिगांव विधान सभा क्षेत्र में जन संवाद कार्यक्रमों पहुचने पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के तहत सीधा किसानों के खाते में आ रहे हैं। अन्तोदय परिवार उत्थान मेलों के जरिये गरीब परिवारों को रोजगार देने के लिए कारगर साबित हो रहे हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का फीडबैक मौके पर जाकर लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं भी जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। वहीं सभी कैबिनेट मंत्री, सांसद गण और विधायक गण जन संवाद कार्यक्रमों के जरिये लोगों की समस्याएं सुन कर लोगों की समस्याएं दूर कर रहे हैं।

जन संवाद कार्यक्रमों में मुख्य शिकायतें और मांगे

आज के अधिकतर जन संवाद कार्यक्रमों में मुख्य शिकायतें और मांगे ये रही। इनमें मुख्य रूप से गावों में गलियों के निर्माण, चौपालों के निर्माण कार्य और नवीनीकरण, स्कूलों के नवीनीकरण, पेयजल सप्लाई, बिजली की लाइनों को ठीक करवाने, पडौसी गावों और खेतों के रास्ते पक्के करवाने आदि कार्य शामिल है।जन संवाद कार्यक्रमों में एसडीएम बल्लबगढ त्रिलोक चंद, बीडीपीओ अजीत सिंह, कुलदीप सिंह साहनी, जयप्रकाश बंसल, श्याम बीर नागर, निवर्तमान पार्षद छत्रपाल, कमल सोरोत, कुन्दन सैनी, बाबु साबिर, डाक्टर कर्मबीर, सरपंच कैप्टन गिरधारी लाल तोमर, उमेद सरपंच, सरपंच वृजेश शर्मा, सरपंच सहित सभी विभागों के अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सरकार ने यह करवाए विकास कार्य

जन संवाद कार्यक्रमों बताया गया कि विकास कार्यों में शिक्षा के क्षेत्र में, आई आई टी, मेडिकल कॉलेज,इन्फ्राटैक्चर में सडके बनाना, स्कूलों के नवीनीकरण, बिजली, पेयजल सप्लाई से जुड़ी हुई लाइन, स्ट्रीट लाइटिंग और अन्य मूलभूत विकास कार्यों की सौगात सरकार ने सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की निति को क्रियान्वित किया जा रहा है।

पांच दिवसीय जिला जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर की शुरुआत

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। विक्रम सिंह उपायुक्त एवं प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसायटी फरीदाबाद के कुशल मार्गदर्शन व श्रीमती सुषमा गुप्ता, उपाध्यक्ष वं डॉ मुकेश अग्रवाल महासचिव भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार एवं सचिव श्री विजेंद्र सौरोत के नेतृत्व में जिला स्तरीय जूनियर रेडक्रॉस प्रशिक्षण के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शिक्षा विभाग के सहयोग से 06 से 10 तक राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, एन आई टी 5 फरीदाबाद के प्रांगण में किया जा रहा है 7 जिसमें 20 विद्यालय से 100 विद्यार्थी व 20 यूथ रेड क्रॉस काउंसलर द्वारा भाग लिया जा रहा है । इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री जय प्रकाश गर्ग, कार्यकारी मजिस्ट्रेट, फरीदाबाद, ने मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित तथा रेडक्रॉस के संस्थापक सर जीन हेनरी ड्यूना के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए किया गया। उन्होंने बताया कि किसी भी देश का भविष्य युवाओं के हाथों में होता है जिस देश का युवा जागृत एवं शक्तिशाली होगा वह देश तरक्की करेगा रेड क्रॉस सोसाइटी एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जो स्वास्थ्य सेवा मित्रता के साथ-साथ मानवता भेदभाव रहित स्वतंत्र निष्पक्षता तटस्थता एकता स्वैच्छिक सेवा भाव से तत्पर आमजन के भाव जागरूकता के भाव जगाती हैं 7 इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि डॉ सीमा भार्गव, प्रधानचार्य, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल एन आई टी फरीदाबाद ने सभी युवाओं को सम्बोधित करते हुए उन्हें हमेशा बुरी आदतों से दूर रहकर देश का सभ्य नागरिक बनना चाहिए तथा हमेशा अनुशासन में रहकर समाज की भलाई के कार्य करने चाहिए , एक अनुशासित व्यक्ति हमेशा जीवन मे सफलता की ओर अग्रसर रहता है । विशिष्ट अतिथि श्री प्रताप सिंह, रिटायर्ड अधीक्षक, मंडलायुक्त कार्यालय फरीदाबाद के द्वारा उपस्थित सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण के बारे में जानकारी देते हुए बताया जैसा की सब लोग जानते है की पर्यावरण हमारे जीवन के लिए एक अहम घटक है। एक बेहतरीन जीवन जीने के लिए पर्यावरण का संरक्षण करना बेहद जरूरी है। आदर्श नागरिक होने के नाते हम सबका पहला कर्तव्य है की हम पर्यावरण के महत्व को समझे और उनको दूषित और नष्ट होने से बचाएं। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के जिला प्रशिक्षण अधिकारी श्री पुरुषोत्तम सैनी ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया श्री पुरुषोत्तम सैनी के द्वारा रेड क्रॉस के इतिहास के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया उन्होंने बताया कि रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय संगठन है जिसकी स्थापना सन 1863 ईस्वी में सर जॉन हेनरी ड्यूनैंट द्वारा की गई जिसने 1901 में प्रथम नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसके अलावा डॉ एम पी सिंह शिविर निदेशक ने सभी प्रतिभागियों को इस प्रशिक्षण शिविर की रूपरेखा से अवगत कराया तथा युवाओं से अपील करते हुए कहा कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान शिविर में दी गयी शिक्षा पर अमल करते हुए एक सभ्य नागरिक बनकर देश निर्माण में सहयोग करेंगे। इसकें पश्चात सुशिल प्रवक्ता, सेंट जॉन एम्बुलेंस फरीदाबाद के द्वारा बताया गया कि रेडक्रॉस के द्वारा अनेकों गतिविधियां चलाई जा रही हैं, उन्होंने बताया कि जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं को रेडक्रॉस का आजीवन सदस्य बनाया जा रहा है इसमें कोई भी व्यक्ति रेडक्रॉस का आजीवन सदस्य

जाने-माने पंजाबी गायक अखिल ने सूरजकुंड दिवाली उत्सव पर मचाई धूम

एडीसी आनंद शर्मा और पर्यटन निगम के एमडी डॉ नीरज कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया सांस्कृतिक संध्या का आगाज

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। सूरजकुंड दिवाली उत्सव पर बड़ी चौपाल पर रविवार की शाम सांस्कृतिक संध्या पंजाबी पॉप स्टार व युवाओं के दिलों की धडक़न अखिल के गीतों के नाम रही। अखिल ने सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत जदो तेरे ख्वाबा वाली रात गाकर की। अखिल ने कई गाने में फिल्मी और पंजाबी गीतों स सभी मौजूद श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर उन्होंने दर्शको की फरमाइश पर कई पंजाबी गाने गाए। पंजाबी गायक अखिल ने ऐसा समां बांधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। दिल सदा तेरे चेते क्रदा, तू कल्ला ही सोना नी, कुछ तो मुझमें कमी थी, जिंदगी, रूस्या ना कर तू, पसूरी, किथे चली गली गली, रुख जइ जाप दी, जीने मेरा दिल लुटिया, किना सोना तेनु रब ने बनाया, चेहरा मासूमियत तेरे दिल में शैतानी जैसे पंजाबी गानों पर दर्शक थिरक उठे। पंजाबी गीतों के साथ उन्होंने अपना बना ले पिया, केसरिया तेरा इश्क़, ए दिल है मुश्किल, जो भेजी थी दुआ, गल्ला गोरिया, कंगना तेरा नी, मोरनी बनके, तुम्हे दिल्लगी निभानी पड़ेगी, तू मेरा होके भी मेरा न लागे, दिल को तुमसे प्यार हुआ कैसे हुआ कैसे हुआ, मितवा कहे धडक़ने तुज़से क्या, उड़ जा काले कावा जैसे फ़िल्मी गानों की मैलोडी गाकर दर्शको को नाचने पर मजबूर कर दिया। उम्र दराज लोगों के लिए भी उन्होंने कजरा मोहब्बत वाला गाकर उन्हें अतीत की यादों से जोडऩे का काम कर दिया। खचाखच भरी चौपाल पर दर्शकों के सिर दिवानगी इस कदर हावी थी कि वे कुर्सियों पर खड़े होकर ठुमके पर ठुमके लगाने लगे। इस मौके पर एसडीएम बडख़ल अमित मान के अलावा अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

प्रदूषित रही औद्योगिक नगरी को साफ रखने की शुरुआत

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। पिछले कई दिनों से लगातार सेक्टर-10 व 11 में एक्यूआई के बढऩे से स्थानीय निवासियों को परेशानियों हो रही है। ब्लॉक के दोनों तरफ मिट्टी अधिक होने से सडक़ें प्रदूषण स्तर बढऩे में बड़ा कारण बन रही हैं। इन रोड पर वाहनों से निकलने वाले धुएं व मिट्टी से पाटिकुलेट मैटर पीएम 2.5 सब से ज़्यादा बढ़ रहा है। ब्लॉक डी टू सेक्टर 10 के प्रधान जगजीत सिंह नैन ने आज अपनी कार्यकारिणी की बैठक बुलाकर यह निर्णय लिया कि आरडब्ल्यूए अपने खर्चे पर अपने ब्लॉक व अन्य ब्लॉक की सफाई करवाएगें। क्योंकि प्रदूषण अधिक होने की वजह से सेक्टरवासी का घरों से निकला मुश्किल होता जा रहा है। लोग सांस की बीमारी से लोग घरों में कैद है। पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह बीसला, किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवदत्त वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि आरडब्ल्यूए ने अपने खर्चे पर दो जेसीबी व एक दर्जन मजदूर बुलाकर अपने ब्लॉक की सडक़ों को साफ-करने से पहले पानी का छिडक़ाव कर के सफाई कराई क्योंकि मिट्टी उडऩे से प्रदूषण फैलता है आसपास के ब्लॉको के प्रधान से भी साफ-सफाई रखने का कहा। श्री वशिष्ठ एडवोकेट ने कहा कि स्मार्ट सिटी फरीदाबाद रविवार को दिल्ली के बाद देश का दूसरा सबसे प्रदूषित शहर बना रहा। फरीदाबाद में वायु गुणवत्ता सूचकांक 450 बना रहा। अपने शहर के प्रदूषित होने के प्रमुख कारण प्रतिदिन ब्लॉक व मैन सडक़ों पर लाखों वाहन निकलते हैं। ब्लॉक के सभी सम्मानित साथियों ने ने निर्णय लिया है कि वो अपने घर अपनी सडक़ों को साफ रखेंगे।

ऑपरेशन मुस्कान के तहत 5 नाबालिग बच्चों को किया परिजनों के हवाले

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने 5 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू कर उनके जीवन को सही दिशा दिखाने के लिए व उनकी देखभाल के लिए परिजनों को प्रेरित करने का सराहनीय कार्य किया है। ऑपरेशन मुस्कान के तहत कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच कैट की टीम ने सेक्टर 15 एरिया की झुग्गी व बीपीटीपी एरिया की झुग्गी से 5 नाबालिग बच्चे को भीख मांगते व कूड़ा बीनते हुए रेस्क्यू किया है। जिसमें बच्चों की उम्र 12 वर्ष, 8 वर्ष, 9 वर्ष, वर्ष 6 व एक की उम्र 5 वर्ष है। पांचों बच्चो का नाम, पता पूछ कर सीडब्ल्यूसी के आदेशानुसार इनके परिजनों के हवाले किया गया। 5 बच्चों के परिजनों को बच्चों की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और हिदायत देते हुए सकुशल बच्चों को परिजनों हवाले किया है।

दुरुपयोग नगर निगम अधिकारियों द्वारा सुविधाओं के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग

ट्यूबवेल के नाम पर किये करोड़ों रुपये बर्बाद

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही का सिलसिल रूकने का नाम नहीं ले रहा है। एक तरफ निगम कंगाली का रोना रोते हुए लोगों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं दे पा रहा है। वहीं दूसरी तरफ निगम के अधिकारी सुविधाएं देने के नाम पर सरकारी धन का जमकर दुरूपयोग कर रहे हैं। निगम ने शहर के लोगों को पानी के संकट से बचाने के लिए करोड़ों रुपये की लागत से हजारों की संख्या में ट्यूबवैल लगाए हुए है। इनमें से करीब 30 प्रतिशत ट्यूबवैल शुरू होने से पहले ही फेल हो चुके हैं। करीब 40 प्रतिशत ट्यूबवैल बंद पड़े हुए और शेष ट्यूबवैलों का पानी पीना तो दूर रोजमर्रा के कामों में इस्तेमाल करने योग्य नहीं हैं। पूरा शहर सिर्फ रेनीवैल के पानी पर ही निर्भर है। रेनीवैल से सप्लाई बंद होने से पूरे शहर में पानी के लिए हा-हाकार मच जाता है।

रेनीवैल के भरोसे है शहर

शहर के लोगों की पानी जरूरत को पूरा करने का काम फिलहाल यमुना किनारे बनाए गए रेनीवैल ही कर रहा है। पाइप लाइनों के माध्यम से पानी शहर में बने बूस्टरों तक पहुंचाया जाता है। जिसके बाद पानी की आपूर्ति घरों तक पहुंचाई जाती है। रेनीवैल के बंद होते ही शहर में पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो जाता है। करीब दो साल पहले तेज आंधी के कारण ददसिया गांव में बने रेनीवैल को बिजली की आपूर्ति करने वाले 40 खंबे टूट कर जमीन पर गिर गए थे। इससे रेनीवैल की बिजली व्यवस्था को दुरूस्त करने में करीब 48 घंटे से ज्यादा समय लग गया था। इस दौरान शहर में पानी की आपूर्ति भी पूरी तरह ठप हो गई थी। ऐसे में लोग पानी की बूंद बूंद के लिए तरस गए थे। यदि निगम द्वारा लगाए गए ट्यूबवैल ठीक होते तो परेशानी नहीं होती।

70 प्रतिशत ट्यूबवेल खराब

नगर निगम द्वारा शहर में इस तरह के करीब तीन हजार से ज्यादा ट्यूबवैल पानी के संकट को दूर करने में किसी तरह से कारगार साबित नहीं हो रहे हैं। इनमें से करीब 30 प्रतिशत ट्यूबवैल बोरिंग और मोटर आदी लगाते ही फेल साबित हो गए थे। क्योंकि भूजल स्तर मापने के बाद ट्यूबवैल लगाने के दौरान काफी समय बीत जाता है। इस बीच भूजल स्तर मापे गए स्तर से और नीचे पहुंच चुका होता है। इसके अलावा इनमें से करीब 40 प्रतिशत ट्यूबवैल चलने के कुछ समय बाद ही बंद हो चुके हैं। शेष 30 प्रतिशत ट्यूबवैल यदि चल भी रहे हैं तो वे किसी काम के नहीं है। क्योंकि इन ट्यूबवैलों से निकलने वाला पानी पीना तो दूर इससे लोग रोजमर्रा के काम तक नहीं कर सकते।

पानी के बहाने करोड़ों बर्बाद

औद्योगिक नगरी फरीदाबाद में पानी की समस्या दिन पर दिन गंभीर रूप धारण करती जा रही है। सर्दी हो या गर्मी शहर में हर समय पानी की कमी बनी रहती है। लेकिन इसके बावजूद नगर निगम द्वारा ठोस कदम उठाने की बजाया सिर्फ दिखावा ही किया जाता है। पानी की कमी दूर करने के लिए नगर निगम की तरफ से समय पर समय पर गली मौहोल्लों में ट्यूबवैल लगाने का काम किया जाता रहा है। पिछले करीब दस सालों में नगर निगम द्वारा शहर में करीब तीन हजार से ज्यादा ट्यूबवैल लगा चुका है। प्रत्येक ट्यूबवैल को लगाने के लिए नगर निगम की तरफ से करीब आठ से दस लाख रुपये खर्च किए जाते हैं। लेकिन इतनी बड़ी रकम खर्च करने के बावजूद आज तक शहर में पानी के संकट का समाधान नहीं हो पाया है।

आकर्षण का केंद्र बना लकड़ी से बने खिलौने और सजावटी सामान

सात्विक देव,भरोसा मित्र

फरीदाबाद। सूरजकुंड दिवाली उत्सव में सहारनपुर से आए कारीगर रेहमान का स्टाल नंबर 944, आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। उनके द्वारा निर्मित बच्चों के खिलौनें, सजावटी सामान, लकड़ी की दीवार घड़ी, लकड़ी का शीशा फ्रेम, अलग-अलग डिजाइन की गुल्लक, ड्राईफ्रूट बॉक्स, लकड़ी से बनी ट्रे की लोग खरीददारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले बीस साल से वह इस व्यापार को कर रहे है। कारीगर रेहमान ने कहा कि भारत, अपनी जीवंत और तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ, खिलौना उद्योग से परे, विभिन्न क्षेत्रों में व्यवसायों के लिए बेहतरीन अवसर प्रस्तुत कर रहा है। लगातार कई अन्य अर्थव्यवस्थाओं से बेहतर प्रदर्शन करने वाली भारतीय अर्थव्यवस्था के उपभोक्ता बाजार में अपार संभावनाएं हैं। इस आर्थिक गति के साथ बढ़ती खर्च योग्य आय के साथ एक उभरता हुआ मध्यम वर्ग भी शामिल है, जिसने देश में एक बेहद आशाजनक उपभोक्ता बाजार में योगदान दिया है। इन लकड़ी के खिलौनों ने भारतीय बाजार में प्रतिध्वनि पाई है, जिससे यह हमारे व्यवसाय संचालन के लिए एक आकर्षक गंतव्य बन गया है और हम देश के गतिशील बाजार परिदृश्य का लाभ उठाने के इच्छुक हैं। भारतीय खिलौना निर्माता यह सुनिश्चित करते हैं कि डिजाइन से लेकर पैकेजिंग तक उत्पादन प्रक्रिया का हर चरण देश के भीतर ही संचालित हो। यह रणनीतिक निर्णय न

खबर फटाफट

ढाबे पर बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग,एक की मौत

सोनीपत : कल देर रात को एक ढाबे पर एक युवक की गोली मार कर हत्या कर दी गई। इसके कारण अभी तक पता नहीं चल पाए हैं। गोली चलाते हुए एक युवक वहां लगे सीसीटीवी में कैद हुआ है। पुलिस के अनुसार यह युवक फेरी लगाकर कंबल व कपड़े बेचने का काम करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया है। अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शामली (उप्र) के बाबरी का रहने वाला शाकिब (26) व इसका भतीजा शादाब कंबल रजाई बेचने का काम करते हैं। ये 10-12 दिन से बहालगढ़ में किराए का कमरा लेकर रह रहे थे। रात को 12 बजे बहालगढ़ में खेवड़ा रोड पर ढाबे में चाय पीने आए थे। उसी दौरान बाइक पर आए युवकों ने ढाबे पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। इनमें से एक गोली शाकिब के सिर में लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

विधानसभा कमेटी ने किया पीजीआईएमएस का दौरा

रोहतक: हरियाणा विधानसभा की एक कमेटी रोहतक पहुंची है। इसमें कांग्रेस, भाजपा सहित अन्य दलों के 10 विधायकों शामिल है। कमेटी सबसे पहले पीजीआईएमएस में दौरा करने के लिए पहुंची है। यहां वह मरीजों से बातचीत की गई और मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का भी जायजा लिया गया। इसके बाद यह कमेटी विभिन्न स्थानों का दौरा करेगी। विधानसभा द्वारा गठित यह कमेटी समय-समय पर दौरा करती है। लोगों ने उम्मीद जताई है कि इस दौरे से व्यवस्थाओं में सुधार होगा और सेवाएं बेहतर होंगी। इस कमेटी की अध्यक्षता रोहतक से विधायक भारत भूषण बत्रा कर रहे हैं।

तेल से भरा टैंकर पलटा, ड्रमों-बाल्टियों में भर डीजल ले गए लोग

चंडीगढ़: यहां रात सेक्टर 20-21 चौक डीजल से भरा हुआ एक टैंकर पलट गया। इसमें डीजल भरा था और इसको देखकर लोगों में बाल्टी, बोतल और प्लास्टिक के ड्रम में डीजल भरने की होड़ मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस पीसीआर की टीम तमाशबीन बन खड़ी रही। वहां आने जाने वाले वाहनों के लिए यह रास्ता बंद कर दिया था। टैंकर को सीधा करने के लिए पुलिस ने जेसीबी बुलाई थी, लेकिन जेसीबी करीब दो घंटे बाद 12.30 बजे मौके पर पहुंची। उसके बाद इस टैंकर को सीधा करके रास्ता खाली करवाया गया और यातायात को शुरू किया। डीजल सड़क पर फैल रहा था, फिर भी डिजास्टर मैनेजमेंट की टीम रात मौके पर नहीं पहुंची।

अमेरिका में करनाल के युवक की हादसे में मौत

करनाल : बस्तली गांव के एक युवक की अमेरिका में सड़क हादसे में मौत हो गई। वह करीब एक साल पहले अमेरिका गया था। बताया जाता है कि वह अमेरिका की कैलिफोर्निया में अपने दोस्तों के साथ काम करके अच्छा कमा रहा था। सड़क हादसे में उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद से परिवार में मातम छा गया। अमेरिकन पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि युवक का शव भारत लाया जाएगा या फिर अमेरिका में ही दाह संस्कार करवाया जाएगा।

पारिवारिक विवाद होने के बाद पत्नी का गला काटा,गंभीर

पानीपत : तहसील कैंप के पटेल नगर में एक परिवार में विवाद होने पर पति ने पत्नी का गला काट दिया। उसने पत्नी पर चाकू से एक के बाद कई वार किए। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। उसे रोहतक के पीजीआई रेफर कर दिया गया है। महिला का पति फरार बताया जाता है। तहसील कैंप थाना पुलिस ने आरोपी उसके खिलाफ धारा 307 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला के भाई सुशांत कुमार ने बताया कि पिछले काफी दिन से दोनों के बीच लड़ाई झगड़ा रहा था। उन्होंने कई बार प्रशांत को समझाया, लेकिन झगड़ा खत्म नहीं हुआ।सोमवार सुबह प्रशांत व उसकी पत्नी सोनम के बीच झगड़ा हो गया। प्रशांत ने सोनम के गले पर चाकू से हमला कर दिया।

एचटेट के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 नवंबर

भिवानी : हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा 2 व 3 दिसंबर को हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा (एचटेट) का आयोजन कराया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए आवेदन की अंतिम डेट 10 नवंबर है। बोर्ड के चेयरमैन डॉ. वीपी यादव और सचिव ज्योति मित्तल ने कहा कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा लेवल-1, 2 व 3 का आयोजन शिक्षा बोर्ड द्वारा 2 व 3 दिसम्बर (शनिवार-रविवार) को करवाया जा रहा है।पात्रता परीक्षा के लिए शिक्षा बोर्ड द्वारा ऑनलाइन आवेदन/शुल्क भरने की अंतिम तिथि 10 नवम्बर निर्धारित की गई है।उन्होंने कहा कि ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

अंतर्राज्यीय बदमाश पकड़े गए

अंबाला :जिले की पुलिस ने हरियाणा और पंजाब समेत 4 राज्यों के लिए सिर दर्द बने 5 बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी प्राप्त की है।इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली दो गाड़ियां, अवैध हथियार और 15 भेड़ें बरामद की गई हैं।पुलिस के अनुसार आरोपी 20 मामलों में गिरफ्तार हो चुके हैं। इनके अलावा लूटपाट और डकैती के 31 मामले ऐसे हैं, जिनमें आरोपियों की गिरफ्तारी बाकी है। आरोपियों ने हरियाणा और पंजाब ही नहीं, हिमाचल और जम्मू में भी वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने आशंका जताई है कि आरोपियों के तार पाकिस्तान तक जुड़े हुए हैं।

खुले में रखे स्टॉक वालों के काटे गए पांच चालान

बहादुरगढ़ (प्रेम शर्मा): प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए नगर परिषद की ओर से बनाई गई आठ टीमें लगातार फील्ड में उतरकर निरीक्षण कर रही हैं। सोमवार को नगर परिषद के भवन निरीक्षक प्रवीण कुमार की टीम ने सेक्टर.2 और सेक्टर.6 की तरफखुले में निर्माण सामग्री रखने के आरोप में पांच स्टॉक संचालकों के चालान किए हैं। उन पर पांच.पांच हजार रुपये का जुर्माना किया है। कुल 25 हजार रुपये का जुर्माना ठोंका गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि अगर निर्माण सामग्री को खुले में डाले रखा तो यह जुर्माना राशि बढ़ाई जा सकती है।

उनके आवास पर कई अधिकारी रहे मौजूद

अनिल विज ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निर्देश

गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को दिए तत्काल कार्रवाई करने के आदेश

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने आज अंबाला में अपने आवास पर पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए।

एयरफोर्स से रिटायर्ड विंग कमांडर ने अपनी शिकायत में कहा कि उसने अम्बाला छावनी डिफेंस कालोनी में लगभग 500 गज का एक प्लाट स्थानीय प्रापर्टी डीलर से खरीदा था। प्रापर्टी डीलर ने धोखे से यह प्लाट किसी अन्य को बेच दिया। गृह मंत्री अनिल विज ने अम्बाला एसपी को केस की जांच कर मामला दर्ज करने के निर्देश दिए।

सोनीपत में जगह के मालिक ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उसने अपनी जगह किसी अन्य को फैक्टरी लगाने के लिए किराए पर देने के लिए बातचीत की थी। मगर आरोपी ने जबरन अपना सामान अंदर रख दिया। पुलिस को शिकायत करने के बावजूद भी मामले में कार्रवाई नहीं हुई है। इस पर गृह मंत्री अनिल विज ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को एसआईटी गठित करने मामले में जांच के निर्देश दिए।

इस मौके पर नगर परिषद के प्रशासक एवं एडीएम सतिंद्र सिवाच, डीएसपी कैंट आशीष चौधरी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

इसी तरह, दयालबाग निवासी व्यक्ति ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि अमेरिका भेजने के नाम पर एजेंट ने उसके बेटे के साथ लगभग साढ़े 4 लाख रुपए की धोखाधड़ी की। गृह मंत्री विज ने कबूतरबाजी मामलों के लिए गठित एसआईटी को केस दर्ज करने के निर्देश दिए। सोनीपत से आई महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति की हत्या मामले में अब तक पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। गृह मंत्री अनिल विज ने पुलिस कमिश्नर सोनीपत को कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जम्मू में तैनात एवं फरीदाबाद निवासी सेना में क्लर्क ने गृह मंत्री अनिल विज को बताया कि उसकी पत्नी ने उससे तलाक लिए बिना किसी अन्य से शादी कर ली। उसका आरोप था कि पुलिस को शिकायत देने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं हुई है। गृह मंत्री ने फरीदाबाद पुलिस कमिश्नर को जांच के निर्देश दिए। गांव बौहटा निवासी महिला ने पति एवं ससुराल पक्ष के लोगों पर उसे प्रताड़ित करने के आरोप लगाए जिसपर मंत्री विज ने अम्बाला एसपी को कार्रवाई के निर्देश दिए करनाल निवासी महिला ने पति की मौत के मामले में आरोपियों को गिरफ्तार नहीं करने के आरोप लगाए। महिला ने बताया कि उसके पति के जेब से सुसाइड नोट बरामद हुआ था जिस पर आरोपियों के नाम भी दर्ज थे। गृह मंत्री अनिल विज ने एसपी करनाल को कार्रवाई के निर्देश

हिसार के डिप्टी मेयर की पत्नी कांग्रेस टिकट से राजस्थान से लड़ेंगी चुनाव

मनीषा गुर्जर खेतड़ी विधानसभा से लड़ेंगी चुनाव

भरोसा मित्र

हिसार। डिप्टी मेयर जयवीर गुर्जर की पत्नी मनीषा को कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा में खेतड़ी विधानसभा से चुनाव लड़ेंगी।

बता दें कि मनीषा 4 नवंबर तक भाजपा से टिकट मांग रही थी। भाजपा से टिकट नहीं मिला तो अगले दिन यानि 5 नवंबर को कांग्रेस में शामिल हो गई। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत की सिफारिश पर उन्हेंटिकट दिया गया है। मनीषा पूर्व विधायक दाता राम की बेटी हैं और परिषद की प्रधान भी।

राजस्थान में टिकट को लेकर कई दिन से दौड़ धूप चल रही थी। आखिरी के दिनों में जयवीर गुर्जर का परिवार वहां डेरा डाले हुए था। टिकट की घोषणा होने के बाद परिवार के लोगों में खुशी की लहर है।

इस समाचार से उनके समर्थकों ने भी खुशी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किए हैं। एडवोकेट लक्ष्मी नारायण उर्फ घोलू गुर्जर ने कहा कि राजनीति में सभी को अपना भविष्य सुरक्षित करना होता है। छोटे भाई जयवीर की पत्नी मनीषा को टिकट मिली है। राजस्थान की राजनीति मनीषा कर रही हैं। फिलहाल मैं भाजपा में ही हूं।

क्या है उनकी पृष्ठभूमि

मनीषा राजस्थान के खेतड़ी के पूर्व दाता राम की बेटी हैं। वह राजस्थान की राजनीति में सक्रिय हैं। अपने पिता की विरासत को संभालने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बनने के लिए टिकट मांगी थी। खेतड़ी विधानसभा में भाजपा की ओर से धर्मपाल भी टिकट के दावेदार थे। वह पिछले चुनाव में 900 वोट से हार गए थे। भाजपा ने धर्मपाल पर अपना दांव आजमाया है। जब मनीषा को भाजपा ने नहीं दिया तो वह कांग्रेस में शामिल हो गईं। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत से मिलने के बाद मनीषा को कांग्रेस की टिकट का एलान कर दिया गया।

गुर्जर परिवार और हिसार की राजनीति

जयबीर गुर्जर के बड़े भाई लक्ष्मी नारायण उर्फ घोलू गुर्जर वर्ष 2019 में हिसार जिले की नलवा विधानसभा की टिकट के दावेदारों में थे।भाजपा की ओर से उन्हें टिकट नहीं मिली तो उनकी सक्रियता कम हो गई। नगर निगम के चुनाव में उन्होंने अपने छोटे भाई जयवीर गुर्जर को उतारा। अपने छोटे भाई को डिप्टी मेयर बनाने में सफल भी रहे। वर्तमान जयवीर गुर्जर नगर निगम में भाजपा के डिप्टी मेयर हैं।

सीएम पर वादाखिलाफी का आरोप, जलाएंगे पुतला

गन्ने की बकाया पेमेंट जारी नहीं होने से किसानो में फैली नाराजगी

विभिन्न किसान संगठनों ने नारायणगढ़ शुगर मिल गेट पर वादाखिलाफी दिवस मनाने ऐलान भी किया गया है

भरोसा मित्र

अंबाला। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के आश्वासन के बाद भी किसानों को गाने की बकाया पेमेंट जारी नहीं की गई। 15 अक्टूबर को शहजादपुर जनसंवाद कार्यक्रम में सीएम ने 3 दिन में पेमेंट जारी करने का आश्वासन किसानों से किया था।

कहा गया कि 20 दिन बीतने के बाद भी पेमेंट जारी नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट समेत विभिन्न किसान संगठनों की आज मीटिंग हुई।

मीटिंग के बाद 14 नवंबर को विभिन्न किसान संगठनों ने नारायणगढ़ शुगर मिल गेट पर वादाखिलाफी दिवस मनाने और मुख्यमंत्री के पुतले का दहन करने का ऐलान किया है।

जजपा नेता राम सिंह कोड़वा ने भी उठाई थी मांग

बता दें कि किसान संगठनों व किसान एवं वरिष्ठ जजपा नेता राम सिंह कोड़वा ने नारायणगढ़ शुगर मिल का मामला रखते हुए गन्ने के बकाया भुगतान की समस्या रखी थी। मुख्यमंत्री ने कहा था कि शुगर मिल का सिस्टम ठीक किया जा रहा है। इस शुगर मिल को 100 करोड़ रुपया हरको बैंक का देना है और 150 करोड़ इरेड़ा का देना है।

पहले भी किया था विरोध

शहजादपुर में हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के जनसंवाद कार्यक्रम का किसानों ने काले झंडे दिखा विरोध किया था। बढ़ते विरोध को देखते हुए पुलिस ने काफ़ी सारे किसान नेताओं को हिरासत में लिया था। हालांकि कुछ किसान नेताओं की ष्टरू मनोहर लाल से मुलाकात भी हुई थी, जिसमें ष्टरू ने जल्द समाधान करने का आश्वासन किसानों को दिया था।

किसान नेताओं ने बताया कि पिछले वर्ष 66 करोड़ का बकाया किसानों का था। शुगर मिल के मालिक पर केस दर्ज होने और उसके जेल में चले जाने के कारण शुगर मिल का सिस्टम बेहद खराब हो गया था, जिसे धीरे-धीरे करके सरकार ने ठीक किया है। उन्होंने कहा कि हमारी पैमेंट क्यों लंबित कीजा रही है।

उन्होंने कहा कि इससे हमारी मुश्किलें बढ़ती जा रही है। सरकार को इस ओर तत्काल कदम उठाना चाहिए।

बहादुरगढ़ के दर्जनों युवाओं ने थामा इनेलो का दामन

इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने शामिल हुए युवाओं का किया पार्टी में स्वागत

प्रेम शर्मा,भरोसा मित्र

बहादुरगढ़। शहर के छोटूराम नगर के दर्जनों युवाओं ने इनेलो की जनहितैषी नीतियों से प्रभावित होकर इनेलो में आस्था जताई। इन युवाओं ने वार्ड नंबर.1× से पार्षद मोहित राठी के पिता सुदेश राठी के प्रयासों से इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी की अगुवाई में पार्टी का दामन थाना।

इनेलो प्रदेशाध्यक्ष नफे सिंह राठी ने पटका पहनाकर शामिल होने वाले युवाओं का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी में पूरा मान.स मान दिलाए जाने का भरोसा दिलाया। राठी ने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के चलते आज युवा परेशान हैं। बेरोजगारी के कारण युवाओं का भविष्य बर्बाद होता जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इनेलो पार्टी की जनहितैषी नीतियों के कारण आज युवा इनेलो पार्टी से जुड़ रहा हैं, क्योंकि इनेलो ही एक मात्र ऐसी पार्टी है जो युवाओं सहित सभी वर्गों के भले की नीतियां बनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज प्रदेश के सभी वर्ग परेशान हैं। प्रदेश में होने वाले चुनाव में प्रदेश की जनता भाजपा को सत्ता से बाहर कर इनेलो पार्टी को सत्ता सौंपने का काम करेगी। प्रदेश में इनेलो की सरकार बनने के बाद सभी वर्गों के हितों के लिए कल्याकारी नीतियां बनाई जाएगी। युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ता जनता के बीच पहुंच कर उन्हें इनेलो की नीतियों से अवगत कराएं और अधिक से अधिक संख्या में लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करें।

मोहम्मद इरफान मोहम्मद आमिर राधेश्याम जगन्नाथ मोहम्मद इजहार मुरली विकास वर्मा सिंह सहित अनेक युवा इनेलो पार्टी में शामिल हुए।

टीकरी बॉर्डर होते हुए निकल रहे हैं डीजल ट्रक

प्रेम शर्मा, भरोसा मित्र

बहादुरगढ़। प्रदूषण के चलते दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ग्रैप-4 लागू हो गया है। इसी के साथ दिल्ली में डीजल वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है। दरअसल दिल्ली-हरियाणा टीकरी बॉर्डर पर पुलिस तैनात न होने से यहां से कुछ ट्रक दिल्ली में पहुंचे तो कुछ सेक्टर.9 मोड़ बहादुरगढ़ बाईपास पर रुक गए। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की समस्या नासूर बन गई है।

पहले तहत दिल्ली में बीएस-ए बीएस-4 वाहनों पर रोक लगाई गई थी। अब ग्रैप-4 के तहत डीजल वाहनों पर रोक लगाने का नोटिफिकेशन जारी हुआ है। आदेशों के अनुसारए खाद्य व जरूरी सामान संबंधित इलेक्ट्रिक तथा सीएनजी के कॉमर्शियल व्हीकल को ही दिल्ली में प्रवेश दिया जाना है।

इन आदेशों की पालना शाम तक भी सुचारू नहीं हो सकी थी

इन आदेशों की पालना शाम तक भी सुचारू नहीं हो सकी थी। दिन भर टीकरी बॉर्डर पर दिल्ली पुलिस भी तैनात नहीं थी। लिहाजा डीजल के कुछ वाहन आगे बढ़ भी गए। कुछ वाहन चालक यहां टोल पर आकर इस संबंध में पूछताछ भी करते नजर आए। टोल कर्मियों का कहना था कि दिल्ली में डीजल वाहनों की एंट्री पर रोक लगाई गई हैए लेकिन कुछ वाहन आ.जा रहे हैं। इस बारे में तो पुलिस ही कुछ स्पष्ट बता सकती है।

बहादुरगढ़ में सेक्टर-9 बाईपास पर कुछ गाड़ियां ऐसी थीए जो गुजरात, महाराष्ट्र राजस्थान और नागपुर जैसे दूर-दराज क्षेत्र से आई थी।

दिल्ली में एंट्री न होने के कारण वे यहीं पर डट गई। ऐसे में उक्त वाहनों के चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

पूरी दुनिया में बज रहा हरियाणा के खिलाड़ियों का डंका : कंवरपाल

कुरुक्षेत्र में राज्यस्तरीय खेलों का हुआ शुभारंभ

स्कूली स्तर के खेलों का आयोजन भी इसी उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि इस उम्र में ही बच्चों का खेलों के प्रति रुझान बढ़ सके

भरोसा मित्र

कुरुक्षेत्र। शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि आज प्रदेश सरकार की खेल नीतियों व खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत के चलते पूरी दुनिया में हमारे खिलाड़ियों का डंका बज रहा है। वह सोमवार को तीन दिवसीय स्कूल स्तर की राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं के शुभारंभ पर उपस्थित जनों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पर कहा कि स्कूली स्तर के खेलों का आयोजन भी इसी उद्देश्य से किया जा रहा है, ताकि इस उम्र में ही बच्चों का खेलों के प्रति रुझान बढ़ सके। खिलाड़ियों को ये खेल भी ओलंपिक मानकर खेलने चाहिए। हर खिलाड़ी को अपनी जीत के लिए जी तोड़ प्रयास करना चाहिए।

बता दें कि धर्मनगरी में होंगी, जिसमें पांच हजार खिलाड़ी अपना जौहर दिखाएंगे। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक सुभाष सुधा ने की।

कौन-कौन से होंगे खेल

विभिन्न आयोजन स्थलों पर कबड्डी, स्केटिंग, रस्सा कस्सी, जिमनास्टिक, कुश्ती,एथलेटिक्स, शतरंज, योग व कैरम प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी समूह गान, समूह नृत्य, एकल नृत्य, रागिनी, फैंसी ड्रेस व एकल अभिनय जैसी सांस्कृतिक स्पर्धाएं अग्रसेन पब्लिक स्कूल में संपन्न होगी। सांस्कृतिक स्पर्धाओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की आवास व्यवस्था भी अग्रसेन स्कूल में की गई है।

नोडल अधिकारी डीईईओ विनोद कौशिक ने बताया कि खिलाड़ियों के रहने की व्यवस्था अनेक विद्यालय में की गई है तथा सभी विद्यालयों के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को बतौर प्रभारी नियुक्त किया गया है जिनके मार्गदर्शन में पूरी टीम काम करेगी। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट,भोजन, आवास, ग्राउंड मेंटेनेंस, फर्स्ट एड, मेडिकल व अन्य सभी सुविधाओं के लिए अलग-अलग कमेटियों का गठन किया गया है।

रोमांचक मैच में बांग्लादेश ने श्रीलंका को 3 विकेट से हराया

श्रीलंका ने बांग्लादेश को 280 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया था

नई दिल्ली, एजेंसी। आईसीसी वनडे वर्ल्ड कप 2023 का 38वां मुकाबला आज श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया। इसमें बांग्लादेश ने श्रीलंका पर पहली जीत हासिल की है। टीम ने सोमवार को श्रीलंकाई टीम को 3 विकेट से हराया।

श्रीलंका ने बांग्लादेश को 280 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य दिया। श्रीलंका की टीम टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी। उसने 49.3 ओवर में 279 रन बनाए।

श्रीलंका के चरिथ असालंका ने सबसे ज्यादा 108 रन बनाए। पथुम निसांका और सदीर समरविक्रमा ने 41-41 रन का योगदान दिया। धनंजय डि सिल्वा ने 34, महीश तीक्ष्णा ने 22 और कुसल मेंडिस ने 19 रन बनाए। बांग्लादेश के लिए तंजीम ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए।

बांग्लादेश ने 280 रन का स्कोर चेज करते हुए औसत शुरुआत की। टीम ने 10 ओवर में दो विकेट पर 57 रन बनाए। इस दौरान लिट्टे टन दास का कैच भी छूटा, हालांकि वे जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके।

तीसरे ओवर की 5वीं बॉल पर कुसल परेरा ने डीप लेग पर लिट्टन दास का कैच छोड़ा। यह ओवर मदुशंका डाल रहे थे। मदुशंका ने पावरप्ले के अंदर तंजिद हसन को 9 और लिट्टे टन दास को 23 रन पर पवेलियन भेजा।बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। श्रीलंका की टीम 49.3 ओवर में 279 रन पर सिमट गई। बांग्लादेश को 280 रन का लक्ष्य मिला।नजमुल हसन शान्तो और शाकिब अल हसन के बीच शतकीय साझेदारी हो चुकी थी। दोनों तेज गति से रन बना रहे थे।

कुछ भी बनो, दिल में हिंदुस्तान होना चाहिए : योगेश्वर दत्त

भरोसा मित्र

पलवल।पहलवान योगेश्वर दत्त ने छात्रों से कहा कि डॉक्टर बनो, इंजीनियर बनो, चाहे किसी भी पेशे में हो और कहीं भी रहो, लेकिन दिल में हिंदुस्तान होना चाहिए। कुछ भी बनने से पहले व्यक्ति को देशभक्त बनना चाहिए। सिर्फ अपने से मतलब न रखें, देश के बारे में भी सोचें, तभी हम सशक्त राष्ट्र बना पाएंगे।

वह यहां एसपीएस इंटरनेशनल में दूसरी इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट शुभारंभ के बाद छात्रों को संबोधित कर रहे थे।

बता दें कि यहां छह से आठ नवंबर तक दूसरी तीन दिवसीय इंटर स्कूल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने पहुंचे जिले के विभिन्न 55 विद्यालयों के बच्चे हिस्सा ले रहे हैं।

दत्त ने कहा कि वे भी एक दिन इसी प्रकार देश के लिए मेडल जीतकर हिंदुस्तान का नाम रोशन करेंगे। अंतर विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में खो-खो, योगा, कबड्डी, तैराकी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स व ताइक्वांडो जैसे खेल शामिल हैं। जिसमें पलवल ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है।

विद्यालय के मैनेजर चेतन भारद्वाज ने कहा कि अभी और भी विद्यालयों के रजिस्ट्रेशन करवाने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में करीब 1500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण एसपीएसआई कप पर कब्जा जमाने के लिए तीन दिन तक मैदान में खिलाड़ी अपना पसीना बहाएंगे। विद्यालय संस्थापक सुरेश भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों को खेलकूद के प्रति जागरूक करना एवं बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर उनका सर्वांगीण विकास करना इसका एक हिस्सा है। मीट के शुभारंभ अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पहलवान धर्मेंद्र दलाल, सुधीर कुमार, वरिष्ठ डायरेक्टर रोहित भारद्वाज, एकेडमिक डायरेक्टर संतुष्टि थापर, प्रधानाचार्या ममता छाबड़ी मौजूद रहे।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।